

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण


RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 101 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 19 जनवरी 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


# पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला: असम की धरती घुसपैठियों को सियासी फायदे के लिए दी गई

(समाज जागरण)
असम, 18 जनवरी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और राज्य को हिंसा की आग में धकेला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद असम की समस्याओं को हल करने के बजाय घुसपैठियों को बढ़ावा देकर अपने वोट बैंक मजबूत किया और असम की जमीन पर कब्जा होने दिया।



पीएम मोदी यह बातें असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट के भूमि पूजन और दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर कही। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जब संवाद और भरोसे की जरूरत थी, तब उसने उपेक्षा और विभाजन को बढ़ावा दिया।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह असम के लोगों को अपना नहीं मानती, लेकिन विदेशी घुसपैठियों को पसंद करती है क्योंकि वे कांग्रेस के कट्टर वोट बैंक बन जाते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने असम की संस्कृति और गौरव को नजरअंदाज किया, जैसे भारत रत्न के लिए भूपेन हजारिका का विरोध और सेमीकंडक्टर यूनिट स्थापना का विरोध।

पीएम मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास पर जोर देते हुए कहा कि दशकों तक क्षेत्र को केंद्र से उपेक्षा का सामना करना पड़ा। लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार ने इसे बदलते हुए रेल बजट बढ़ाया और बेहतर कनेक्टिविटी व विकास सुनिश्चित किया।

उन्होंने कहा, "डबल इंजन सरकार ने नॉर्थ ईस्ट को विकास की प्राथमिकता दी। रोडवेज, रेलवे, एयरवेज और वाटरवेज के माध्यम से असम को जोड़ने का काम अब एक साथ हो रहा है।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय असम को मात्र लगभग 2,000 करोड़ रुपए सालाना रेल बजट मिलता था, जिसे भाजपा सरकार ने बढ़ाकर लगभग 10,000 करोड़ रुपए कर दिया।

## "जाति को मन से मिटाना होगा, तभी खत्म होगी भेदभाव की समस्या": संघ प्रमुख मोहन भागवत

छत्रपति संभाजीनगर,18 जनवरी (समाज जागरण) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अगर समाज से जातिगत भेदभाव को खत्म करना है, तो सबसे पहले जाति की सोच को मन से मिटाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह कार्य ईमानदारी से किया जाए, तो 10-12 वर्षों के भीतर जातिगत भेदभाव समाप्त किया जा सकता है।

भागवत ने यह बातें शनिवार को यहां जन संगोष्ठी के दौरान कहीं, जो संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर प्रांत संघचालक अनिल भालेराव भी मंच पर मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि पहले जाति पेशा और काम से जुड़ी थी, लेकिन समय के साथ यह समाज में गहराई से समा गई और भेदभाव का कारण बनी। भागवत ने लोगों से अपील की कि वे जाति के विचार को अपने मन से निकाल दें।

### संगठन का उद्देश्य और दृष्टिकोण:

भागवत ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संघ का उद्देश्य समाज के साथ मिलकर भारत को उसकी परम महिमा तक पहुंचाना है। उनका कहना था कि संघ राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्तिगत चरित्र निर्माण पर कार्य करता है, और यह किसी के साथ प्रतिस्पर्धा में नहीं है।
"संघ का उद्देश्य केवल स्वयं बड़ा होना नहीं है, बल्कि समाज को बड़ा बनाना है। संघ समाज के विकास के लिए काम करता है," उन्होंने कहा।

## घाटे से मुनाफे में आई बिजली वितरण कंपनियां, FY25 में 2,700 करोड़ से ज्यादा की कमाई

(समाज जागरण)
देश की विद्युत वितरण कंपनियां कई वर्षों के घाटे के बाद फिर से मुनाफे में आ गई हैं और वित्त वर्ष 2024-25 में इन कंपनियों ने सामूहिक रूप से 2,701 करोड़ रुपए का मुनाफा दर्ज किया है। यह जानकारी विद्युत मंत्रालय की ओर से रविवार को दी गई।



विद्युत मंत्रालय के अनुसार, FY25 में वितरण कंपनियों ने 2,701 करोड़ का मुनाफा कमाया, जबकि पिछले वर्षों में भारी घाटा था, यह क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है

विद्युत मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि यह इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राज्य विद्युत बोर्डों के विभाजन और निगमीकरण के बाद से पिछले कई वर्षों से वितरण कंपनियां समग्र रूप से घाटे में चल रही थी। बयान में आगे कहा गया, "वित्त वर्ष 2024-25 में कर के बाद मुनाफा (पीएटी) 2,701 करोड़ रुपए रहा है जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में 25,553 करोड़ रुपए का घाटा और वित्त वर्ष 2013-14 में 67,962 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।
केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वितरण कंपनियों का मुनाफा पीएम मोदी के नेतृत्व, सुधारों और ऊर्जा क्षेत्र की अहम भूमिका का परिणाम है
इस उपलब्धि पर केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि यह वितरण क्षेत्र के लिए एक नया अध्याय है और वितरण क्षेत्र की चिंताओं को दूर करने के लिए किए गए कई प्रयासों का परिणाम है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और दूरदर्शिता के कारण संभव हुई है। भारत न केवल अपनी बल्कि विश्व की भी विकास यात्रा को गति दे रहा है, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"

सरकार सुधारों के लिए प्रतिबद्ध; नीति पहल, राज्यों से संवाद और क्षेत्रीय सम्मेलनों की नियमित समीक्षा से बिजली वितरण इकाइयों के प्रदर्शन में बड़ा सुधार हुआ

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, "सरकार इस क्षेत्र में आवश्यक सुधारों के लिए प्रतिबद्ध है ताकि विद्युत क्षेत्र हमारी बढ़ती अर्थव्यवस्था को सहयोग दे सके और विकसित भारत की दिशा में अपना योगदान दे सके।" सरकार के मुताबिक,विद्युत मंत्रालय ने पिछले एक दशक में देश भर में वितरण इकाइयों के प्रदर्शन में सुधार लाने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। विभिन्न नीतिगत पहलों के अलावा, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ व्यापक संवादों में वितरण क्षेत्र में सुधारों पर जोर दिया गया है। इनमें 2025 में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के ऊर्जा मंत्रियों के क्षेत्रीय सम्मेलनों - गंगटोक (पूर्वोत्तर क्षेत्र), मुंबई (पश्चिमी क्षेत्र), बेंगलुरु (दक्षिणी क्षेत्र), चंडीगढ़ (उत्तरी क्षेत्र) और पटना (पूर्वी क्षेत्र) के दौरान केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुई चचाएं शामिल हैं। नियमित संवाद और समीक्षा ने वितरण इकाइयों के इस उल्लेखनीय सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## केंद्र सरकार का दावा: 11 साल में दोगुनी हुई हाई-स्पीड रेलवे ट्रैक की लंबाई

नई दिल्ली, 18 जनवरी (समाज जागरण) - भारत में हाई-स्पीड रेलवे ट्रैक की लंबाई बीते 11 वर्षों में दोगुनी से अधिक बढ़कर 84,244 किलोमीटर हो गई है। यह जानकारी रेल मंत्रालय ने रविवार को दी। 2014 में देश में हाई-स्पीड रेलवे ट्रैक केवल 31,445 किलोमीटर था।

मंत्रालय ने बताया कि कुल रेलवे नेटवर्क में हाई-स्पीड ट्रैक का हिस्सा अब 80 प्रतिशत हो गया है, जबकि पहले यह केवल 40 प्रतिशत था। इससे ट्रेनों की गति पहले के मुकाबले तेज और संचालन अधिक सुरक्षित व विश्वसनीय हुआ है।

### टर्नआउट और क्रॉसिंग सुधार

2024-25 में 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 CMS क्रॉसिंग स्थापित।
2025-26 में 8,000 से अधिक स्विच और 3,000 से अधिक CMS क्रॉसिंग कार्य में।

### ट्रैक स्थिरता और राइड गुणवत्ता

2024-25 में 7,442 किलोमीटर ट्रैक की मशीनीकृत गहन स्क्रीनिंग।

### ट्रैक नवीनीकरण और सुरक्षा सुधार

*2024-25: 6,851 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण।*
*2025-26: 7,500 किलोमीटर से अधिक ट्रैक का नवीनीकरण जारी।*
*2026-27 योजना: 7,900 किलोमीटर ट्रैक का नवीनीकरण।*
*सुरक्षा बाड़ और अतिक्रमण रोकथाम*
*15,000 किलोमीटर सुरक्षा बाड़ लगाई गई।*
*यह बाड़ विशेष रूप से 110 किमी/घंटा से अधिक गति वाले ट्रैक पर मवेशियों और अतिक्रमण को रोकने के लिए लगाई गई।*

2025-26 में 7,500 किलोमीटर से अधिक ट्रैक पर गहन स्क्रीनिंग जारी।
रेल मंत्रालय ने कहा कि इन प्रयासों से रेलवे की सुरक्षा, गति और विश्वसनीयता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले ट्रैक और सुरक्षा उपायों से यात्रियों के लिए सुरक्षित और तेज रेल संचालन सुनिश्चित हुआ है।

## टैरिफ लगते ही जर्मनी ने पीछे खींचे कदम, ग्रीनलैंड से बुलाई सेना, मगर 8 देश अभी भी अड़े

(समाज जागरण)
लंदन/ब्रूसेल्स/कोपेनहेगन: ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका और यूरोप के बीच छिड़ी जंग अब एक खतरनाक मोड़ पर आ गई है. ट्रंप ने यूरोपीय देशों पर 10 फीसदी टैरिफ ठोंका तो जर्मनी ने अपने कदम पीछे खींच लिए.हालांकि, 8 देश अभी भी अपनी तोपें ताने खड़े हैं. फाइटर जेट्स भी उतार दिए हैं.
एबीसी न्यूज के मुताबिक, जर्मनी की सेना ने ग्रीनलैंड से अपनी 'टोही टीम' को वापस बुलाना शुरू कर दिया है. रिपोर्ट है कि 15 जर्मन सैनिक एक सिविलियन फ्लाइट से कोपेनहेगन के लिए रवाना हो रहे हैं. इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारी दबाव और धमकी के सीधे असर



के रूप में देखा जा रहा है. लेकिन जहां जर्मनी ने सामरिक संयम दिखाया है, वहीं राजनीतिक मोर्चे पर यूरोप ने अमेरिका के सामने झुकने से साफ इनकार कर दिया है. 8 यूरोपीय देशों ने एक जुट होकर मुकाबले का ऐलान कि है.

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले यूरोपीय देशों पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया. यह आदेश सीधे तौर पर अमेरिका के सबसे पुराने सहयोगियों की अर्थव्यवस्था पर हमला है. ट्रंप ने डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड से आने वाले सामानों पर भारी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है. ये वही देश हैं जिन्होंने हाल ही में ग्रीनलैंड में अपनी छोटी सैन्य टुकड़ियां तैनात की थीं.

## गाजा पीस बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का भारत को न्योता

नई दिल्ली/वॉशिंगटन: मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को अपने महत्वाकांक्षी 'गाजा पीस बोर्ड' में शामिल होने का आधिकारिक न्योता दिया है. सूत्रों के मुताबिक, यह बोर्ड युद्ध से तबाह हो चुके



गाजा में शासन व्यवस्था और पुनर्निर्माण की निगरानी करेगा. हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है.
ट्रंप प्रशासन की यह पहल इजरायल-हमास संघर्ष के बाद क्षेत्र में स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है. भारत को यह निमंत्रण मिलना वैश्विक कूटनीति में नई दिल्ली के बढ़ते कद और दोनों पक्षों इजरायल और फिलिस्तीन के साथ उसके संतुलित संबंधों का प्रमाण है.

## खामेनेई पर हमला मतलब जंग का ऐलान

(समाज जागरण)
तेहरान. ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई पर किसी भी हमले को लेकर कड़ी चेतावनी दी है. उन्होंने कहा है कि अगर खामेनेई पर हमला हुआ तो इसे ईरानी राष्ट्र के खिलाफ 'पूर्ण पैमाने का युद्ध' माना जाएगा. पेजेशकियान ने यह बयान रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जारी किया. इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि उन्होंने हाल ही में कई बार ईरान के खामेनेई शासन को उखाड़ फेंकने की बात कही है. यह बयान उस दिन आया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पोलिटिको से कहा, 'अब ईरान में नए नेतृत्व की तलाश का समय आ गया है.'

## नोएडा इंजीनियर मौत मामले में जेई सस्पेंड

नोएडा: यूपी के नोएडा में हुए कार हादसे में जेई को सस्पेंड कर दिया गया है. इस हादसे में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की जान चली गई थी. परिजनों ने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने न तो सर्विस रोड पर रिफ्लेक्टर लगाए थे और न ही नालियों को ढका था. घने कोहरे में रिफ्लेक्टर न होने से ये दर्दनाक हादसा हुआ. परिवार का कहना है कि सिस्टम की कमी ने उनके बेटे की जान ले ली. जिस जगह युवराज मेहता की मौत हुई, वहां पहले भी कई हादसे हो चुके हैं. 31 दिसंबर की रात इसी जगह पर एक ट्रक




अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया था.
नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने इंजीनियर की मौत मामले में विभागीय कार्रवाई की है. नोएडा प्राधिकरण के ट्रैफिक सेल के जेई नवीन कुमार को निलंबित कर दिया गया है. सेक्टर-150 में देखरेख के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं. सीईओ ने घटना वाले दिन ही जांच के आदेश दिए थे. जांच के बाद ये कार्रवाई की गई है. प्राधिकरण ने माना कि दुर्घटना मौके पर रिफ्लेक्टर साइन न होने के कारण हुई. सीईओ ने बिल्डर के आवंटन और निर्माण कार्य से संबंधित संपूर्ण जानकारी से मंगवाई है. यह भूमि लोटस बिल्डर्स को कई साल पहले आवंटित की गई थी.

## नोएडा सेक्टर-45 सदरपुर कॉलोनी में महीनों से खुली नाली, हादसों के बावजूद प्रशासन मौन

नोएडा। नोएडा सेक्टर-45 स्थित सदरपुर कॉलोनी में बीते कई महीनों से एक नाली खुली पड़ी है, जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने सोशल मीडिया और आईजीआरएस के माध्यम से कई बार शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस खुली नाली में अब तक कई वाहन गिर चुके हैं, जिससे जहां वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं, वहीं कई चालकों को गंभीर चोटें भी आई हैं।
स्थानीय निवासियों के अनुसार सदरपुर कॉलोनी की गली नंबर-18 में स्थित यह नाली तीन महीने से अधिक समय से टूटी हुई है। इसके कारण वाहनों की आवाजाही में भारी परेशानी हो रही है। कोहरे और रात के समय यह नाली दिखाई नहीं देती, जिससे आए दिन वाहन इसमें गिरकर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। विशेष रूप से दोपहिया



वाहन चालक अधिक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।
गंभीर बात यह है कि इसी मार्ग से श्री जी संस्कार पब्लिक स्कूल और आदर्श पब्लिक स्कूल के छात्र रोजाना स्कूल आते-जाते हैं। ऐसे में परिजनों को हमेशा किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार सोशल मीडिया और आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई, लेकिन अब तक किसी भी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई।
हाल ही में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि या तो अधिकारियों ने उन्हें इस समस्या की जानकारी नहीं दी या फिर जानबूझकर इस गंभीर स्थिति को नजरअंदाज किया गया।
इसके अलावा सदरपुर कॉलोनी में सीवर जाम की समस्या भी विकराल रूप ले चुकी है। आए दिन गलियों में सीवर का गंदा पानी ओवरफ्लो हो जाता है, जिससे लोगों का घर



से निकलना तक मुश्किल हो गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि वे खुद को स्मार्ट सिटी नोएडा के अंतर्गत आने के बावजूद उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।
स्थानीय लोगों का आरोप है कि चाहे नोएडा प्राधिकरण के सीईओ द्वारा निर्देश दिए भी गए हों, लेकिन जमीनी स्तर पर सर्किल अधिकारी और सुपरवाइजर उन आदेशों को गंभीरता से नहीं लेते। कई बार शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश है।
कॉलोनीवासियों ने नोएडा प्राधिकरण से मांग की है कि खुली नाली को अविलंब ढकवाया जाए, सीवर समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति को संभाला जा सके।

# चीन,पाकिस्तान और बांग्लादेश की त्रिकोणीय जुगलबंदी, भारत के लिए उभरती सन्निकट चुनौतियाँ।

भारत की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के सामने इस समय में अनेक जटिल चुनौतियाँ खड़ी हैं,इनमें सबसे गंभीर चुनौती पड़ोसी देशों के साथ बिगड़ते समीकरण और क्षेत्रीय अस्थिरता से जुड़ी है।

भारत देश का पुराना अनुभव रहा है कि परंपरागत रूप से चीन और पाकिस्तान भारत विरोध की धुरी रहे हैं, और अब जिस प्रकार बांग्लादेश के कुछ घटनाक्रम इस धुरी से जुड़ते प्रतीत हो रहे हैं उसने भारत की सामरिक, कूटनीतिक और मानवीय चिंताओं को और गहरा कर दिया है। यह स्थिति केवल सीमा विवाद या कूटनीतिक तनाव तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा संबंध क्षेत्रीय शांति, अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक स्थिरता से भी गहरे जुड़ा है।

चीन की विस्तारवादी नीति के कारण भारत की सीमा पर हमेशा दबाव महसूस किया जाता रहा है। चीन के साथ भारत के संबंध पिछले कुछ वर्षों से लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीनी सेना की गतिविधियाँ, बुनियादी ढांचे का आक्रामक विस्तार और बार-बार होने वाले सैन्य आमने-सामने के घटनाक्रम इस बात के संकेत हैं कि चीन भारत के प्रति पारंपरिक ह्लशांतिपूर्ण सह-अस्तित्वह्व के सिद्धांत से हटकर व्यवहार कर रहा है। पूर्वी लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक, चीन की रणनीति धीरे-धीरे यथास्थिति बदलने की रही है।

चीन की यह नीति केवल भूभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारत को सामरिक रूप से घेरने की कोशिश भी कर रहा है। नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार जैसे देशों में चीनी प्रभाव का बढ़ना इसी रणनीति का हिस्सा माना जाता है। ऐसे में चीन पर आवश्यकता से अधिक भरोसा करना भारत के लिए दीर्घकालिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है।

पाकिस्तान में भारी अस्थिरता के बीच भी भारत का विरोध बदस्तूर जारी है।

पाकिस्तान की आंतरिक स्थिति चाहे जितनी भी कमजोर क्यों न हो, भारत विरोध उसकी विदेश नीति का स्थायी स्तम्भ बना हुआ है। आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बावजूद पाकिस्तान का सैन्य प्रतिष्ठान भारत के खिलाफ छद्म युद्ध और आतंकवाद को रणनीतिक औजार के रूप में इस्तेमाल करता रहा है।

हाल के वर्षों में पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं और सिखों के खिलाफ हिंसा, जबरन धर्मांतरण और हत्याओं की घटनाएँ भारत के लिए गंभीर मानवीय चिंता का विषय हैं। यह केवल मानवाधिकार का प्रश्न नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता का भी संकेत है, जिसका प्रभाव अंततः भारत पर ही पड़ता है,चाहे वह शरणार्थी संकट हो या सीमा पार तनाव।

बांग्लादेश के बदलते संकेत ने भारत के लिए नई आशंकाएँ बाधा दी हैं।

भारत और बांग्लादेश के संबंध लंबे समय तक सौहार्दपूर्ण और सहयोगपूर्ण रहे हैं। 1971 के मुक्ति संग्राम से लेकर आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग तक, दोनों देशों के बीच एक मजबूत आधार रहा है। किंतु हाल के समय में बांग्लादेश के भीतर कुछ घटनाक्रम विशेषकर हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा, मंदिरों पर हमले और सामाजिक असुरक्षा भारत के लिए चिंता का कारण बने हैं।

इन घटनाओं के पीछे कट्टरपंथी ताकतों का उभार और बाहरी प्रभावों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। यदि बांग्लादेश में भारत विरोधी या कट्टरपंथी शक्तियाँ मजबूत होती हैं और उन्हें चीन या पाकिस्तान का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता है, तो यह भारत के पूर्वी सीमांत के लिए एक नई चुनौती खड़ी कर सकता है।

त्रिकोणीय दबाव की रणनीति

चीन,पाकिस्तान की मित्रता कोई नई बात नहीं है। चीन,पाकिस्तान आर्थिक गलियारा इस गठजोड़ का ठोस उदाहरण है, जो भारत की संप्रभुता से जुड़े क्षेत्रों से होकर गुजरता है। यदि इस समीकरण में बांग्लादेश का किसी भी रूप में सामरिक या वैचारिक झुकाव जुड़ता है, तो भारत के लिए यह स्थिति और जटिल हो सकती है। यह त्रिकोणीय दबाव केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक, आर्थिक और मनोवैज्ञानिक भी हो सकता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को घेरने की कोशिश, क्षेत्रीय संगठनों में संतुलन बदलने का प्रयास और आंतरिक अस्थिरता को हवा देना, भारत के लिए ये सभी संभावित रणनीतियों के खिलाफ एक नया समीकरण तैयार करने की आवश्यकता होगी।

इन परिस्थितियों में भारत को अत्यंत सतर्क, संतुलित और दीर्घदर्शी नीति अपनाने की आवश्यकता है। एक ओर जहां सीमाओं की सुरक्षा और सैन्य तैयारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक संवाद के रास्ते खुले रखना भी आवश्यक है।

भारत को बांग्लादेश के साथ अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए, ताकि कट्टरपंथी ताकतों के लिए जगह न बचे। पाकिस्तान के संदर्भ में सख्ती और स्पष्टता आवश्यक है, जबकि चीन के मामले में रणनीतिक धैर्य के साथ राष्ट्रीय हितों की दृढ़ रक्षा करनी होगी।

**निष्कर्ष**

चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बदलते समीकरण भारत के लिए केवल एक तात्कालिक चुनौती नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीतिक परीक्षा भी हैं। इतिहास साक्षी है कि भारत ने हर कठिन परिस्थिति में संयम, साहस और विवेक का परिचय दिया है। वर्तमान समय में भी आवश्यकता इसी बात की है कि भारत अपनी आंतरिक एकता, कूटनीतिक समझदारी और सामरिक क्षमता के बल पर इन चुनौतियों का सामना करे।

यदि समय रहते सही निर्णय लिए गए, तो यह त्रिकोणीय दबाव भारत को कमजोर करने के बजाय और अधिक मजबूत, सतर्क और आत्मनिर्भर बना सकता है।

**संजीव ठाकुर, वरिष्ठ पत्रकार,**

## लगता है दिल में....
## ..... जहर रखता है

वो मेरी नजर पर नजर रखता है।
लगता है दिल में जहर रखता है।।

मुझे तोड़ पाना आसान नहीं था,
वो साजिशों के शहर रखता है।

तिनके की तरह आँख में पड़ेगा,
वक्त अपना हो तो कहर रखता है।

तू पड़ा होता खड़ा तक न होता,
वक्त तो ऐसी भी लहर रखता है।

मुझे मालूम है तेरी गुस्ताखियाँ,
तू जहर में भी बहर रखता है।।



**कृष्ण चतुर्वेदी**

## बैठकी

# 19 जनवरी भुल गये क्या!!

बैठकी जमते हीं उमाकाका बोल पड़े --"सरजी,आज 19 जनवरी, हिंदुओं के हीं हिस्से के देश भारत का वो दर्दनाक और संविधान के सेक्युलरिज्म की धज्जियां उड़ानें वाला दिन है जिससे देश के हर हिंदू को सबक लेना चाहिए।आज के हीं दिन फारुख अब्दुल्ला के मुख्यमंत्री काल में और देश के गृहमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद के सुरक्षा कवच के तहत, हजारों कश्मीरी पंडितों की राज्य स्तरीय हत्या, बलात्कार के साथ साथ राज्य से पलायन भी हुआ था।"




काकाजी,हम मूर्ख हिंदू इतिहास से कभी सबक नहीं लेते और तुरंत भूल जाते हैं। कश्मीर में सिर्फ पंडितों का नहीं बल्कि हर जाति के हिंदुओं की हत्या और बलात्कार हुआ था लेकिन ये कांग्रेसी




और वामपंथियों ने हिंदुओं की हत्या, बलात्कार और पलायन को सिर्फ पंडितों से जोड़ कर हिंदुओं में जातिगत घृणा संतुष्टि का आधार बनाया ताकि हिन्दू एकजुट होकर, देश स्तर पर विरोध न करें। और वे इस अपनी साजिश में सफल भी हुए। कश्मीर के भूतपूर्व मुख्यमंत्री,फारुख अब्दुल्ला से न्यूज 18 के पत्रकार ने इस संदर्भ में प्रश्न किया तो तत्कालीन मुख्यमंत्री का जबाब था--"हुआ तो हुआ"। ये फारुख मियां की कितना घृणित संवेदनहीनता रही है!!--मास्टर साहब दुखी स्वर में।

मास्टर साहब,सुनले बानी जे,आजे के दिन कश्मीर में हिंदुअन संगे मुसलमान बड़ा जुलुम कइले रहले हा स।--मुखियाजी बोल पड़े।

मुखियाजी,उस रात मस्जिदों से लाउडस्पीकरों से नारे गुंज रहें थे--"कश्मीर में सिर्फ इस्लाम चलेगा और मुसलमान रहेगा। या तो धर्म बदलकर मुस्लिम बन जाओ या कश्मीर छोड़ दो या मरो। उस समय कश्मीर में बसे हजारों हजार हिंदु परिवारों के घर के दीये बुझा दिये गये।--कुंवरजी, अखबार पलटते हुए।

मुखियाजी, उस समय मेरा बेटा सेना में कश्मीर में हीं पोस्टेड था। बताया था कि हम कुछ नहीं कर सके। तत्कालीन सरकार हमारे हाथ-पांव बांध रखे थे। हिंदू समुदाय की रीढ़ तोड़ने के क्रम में शिक्षक, डाक्टर, बुद्धिजीवी, पत्रकारों को चुन-चुनकर मारा गया।बहन बेटियों की इज्जत लूटी गई। डर का ऐसा वातावरण बनाया गया कि हिंदू,रातों रात अपने घर-द्वार, जमीन, मंदिर, यादें सभी छोड़ कर कश्मीर से बाहर शरणार्थी बनने को मजबूर हो गये। ये कश्मीर से हिंदुओं का सफाया था जिसमें तत्कालीन राज्य और केंद्र सरकार दोनों की संज्ञान शून्यता का अहम रोल था।--सुरेंद्र भाई,नफरती अंदाज में।

इस बीच बेटी पत्नी चाय का ट्रे रख गई और हम सभी एक एक कप उठाकर पुनः विषय की ओर.........

भाईजी,आज "कश्मीर फाइल" जैसी फिल्म,कश्मीर त्रासदी का सिर्फ एक छोटी झांकी है,सच तो कई गुणा भयानक है। फिर भी इस फिल्म को लेकर, देश के तथाकथित तुष्टीकरण करने वाले सेक्युलर राजनीतिज्ञ और राजनीतिक पार्टियां, इस फिल्म को राजनीतिक स्टंटबाजी करार देते हैं। उनपर बीती रहती तब हरामजादों




को महसूस होता। असली कश्मीर फाइल,आज भी उस टेंट कॉलोनियों में दिख जायेंगी। उन हिन्दू माताओं की आंखों में दिखेंगीं जिसने बेटों, बेटियों को खोया है। उन बहनों, बेटियों की खामोशी में है जिनकी आवाज कभी सुनी हीं नहीं गई। सबसे दुखद तो मुझे ये दिखाईं दिया कि इस त्रासदी पर न संसद में बहस हुई,न दोषियों को सजा मिली और न पीड़ितों को न्याय! पुरे विश्व के मानवाधिकार की बात करने वाली संस्थाओं को भी सांप सूंघ गया। क्या कश्मीर के हिंदू,मानव नहीं हैं!!--मै चुप हुआ।

सरजी,आज हम 19 जनवरी के त्रासदी को याद भी कर रहे हैं लेकिन शायद हीं देश के पांच प्रतिशत हिंदू इस भारत की आत्मा पर लगे घाव का स्मरण किया होगा! सैकड़ों बरसों से हम इस्लामिक त्रासदी को क्षेलते आयें हैं लेकिन देश के हिंदुओं को न वो याद रहता है और न उससे सबक लेता है। ऐसी त्रासदियों को भूलने की बिमारी किसी भी समाज के नष्ट होने का कारण बनता है।--डा.पिंटू मुंह बनाये।

डा.साहब,जिस तरह एक समुदाय द्वारा जनसंख्या विस्फोट किया जा रहा, घुसपैठियों की भरमार दिख रही है, देश की डेमोग्राफी में तेजी से बदलाव दिख रहा है, बड़े पैमाने पर हिंदुओं के विरुद्ध, सैकड़ों तरह के जिहाद हो रहें हैं,उसका एक मात्र लक्ष्य भारत को 58 वां इस्लामिक राष्ट्र बनाना है। भले हीं सरकार कट्टरपंथियों के घर सोने का बनवा दे,हर तरह की सुविधा दे, उनके बच्चे डाक्टर, इंजिनियर बन जायें लेकिन मौका मिलते हीं दिल्ली जैसे बम विस्फोट होते रहेंगे। ये तभी रुकेगा जब हम पारसियों के देश,इरान की तरह कलमा न पढ़ लें।--उमाकाका उखड़े उखड़े से।




काकाजी, हमारा देश, धर्मनिरपेक्षता का मुखौटा सिर्फ और सिर्फ हिंदूओं के लिए ओढ़ रखा है। आज इस 19 जनवरी के त्रासदी दिवस पर देश से सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या देश में सेक्युलरिज्म सबके लिये समान है!! या सिर्फ हिंदूओं के लिए!! लोकतंत्र में सबसे खतरनाक वहीं झूठ होता है जो नैतिकता और मानवता की दुहाई देकर बोला जाय। जब विशेष समुदाय यह कहें कि मेरे लिए संविधान नहीं मेरा शरिया कानून या दीन पहले है तो संविधान का औचित्य हीं कहां रहा!! सच्चा सेक्युलर वो है जो धर्म नहीं दर्द देखे, आरोपी का धर्म नहीं अपराध की प्रवृत्ति देखे, जो संविधान की आत्मा को राजनीतिक और धार्मिक कट्टरता से उपर रखे। और सबसे प्रमुख बात की उन धार्मिक पुस्तकों के पठन पाठन पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए जो दुसरे धर्मावलंबियों के प्रति हिंसा और घृणा का बीज बोता है। जबतक चीन की तरह यहां भी नफरत और हिंसा का सबक लेने वाली धार्मिक किताबों और पढ़ाने और उधर उत्प्रेरित करने वाले मुल्ले, मौलवियों पर शिकंजा नहीं कसेगा तब तक देश और हिन्दू सुरक्षित नहीं रह सकता, ये ध्रुव सत्य है।--पिंटू हाथ चमकाते।

खैर,आज का दिन हमें कश्मीर की त्रासदी से सबक लेकर संगठित रहने और सचेत रहने की सीख देता है। मोदी,योगी बिल्कुल सही कहते हैं--"बटोगे तो कटोगे"। त्रासदी झेले अपने कश्मीरी भाई-बहनों के प्रति हम सबों को अपार दुख और संवेदना है। लेकिन आज,हम सबों के लिए एक प्रश्न जरूर खड़ा है--"हम हर त्रासदी की तरह 19 जनवरी के त्रासदी को भी भुल गये हैं क्या!!अच्छा अब चला जाय।--कहकर सुरेन्द्र भाई उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.......!!!!!



**प्रोफेसर राजेंद्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला और कर अनिश्चितता – विदेशी निवेश के लिए नया खतरा

सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय में कर संधियों की व्याख्या को बदला गया है जिससे विदेशी निवेशकों के लिए कानूनी अनिश्चितता बढ़ने और भारत के निवेश माहौल पर असर पड़ने की आशंका है सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में भारतीय कर प्राधिकरणों और टाइगर ग्लोब एवं अन्य (निर्धारिती) से संबंधित मामले में जो निर्णय दिया है, उसे देश के कर न्यायशास्त्र में एक ऐतिहासिक फैसले के रूप में देखा जा रहा है। इस निर्णय का भारत में मौजूदा विदेशी निवेशों और भविष्य के निवेश प्रवाह पर महत्त्वपूर्ण असर पड़ने की संभावना है। यह मामला टाइगर ग्लोबल की मॉरीशस-स्थित इकाइयों द्वारा फ्लिपकार्ट (जो सिंगापुर में पंजीकृत है और भारत में कारोबार और संपत्तियां रखता है) के शेयरों की बिक्री से संबंधित था।

ये शेयर वॉलमार्ट इंक (जो अमेरिका में पंजीकृत है) द्वारा फ्लिपकार्ट के अधिग्रहण में बेचे गए थे। निर्धारिती ने लाभ पर कर छूट पाने के लिए भारतीय कर प्राधिकरणों से संपर्क किया। हालांकि, कर प्राधिकरणों ने नोट किया कि निर्धारिती भारत-मॉरीशस दोहरा कराधान परिहार समझौता (डीटीएए) के तहत छूट पाने के पात्र नहीं थे। वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद, सर्वोच्च न्यायालय



ने पिछले सप्ताह कर प्राधिकरणों के पक्ष में निर्णय सुनाया।

भारत और मॉरीशस के बीच का समझौता, हस्ताक्षर होने के बाद से ही जांच के दायरे में रहा है। इसे कर से बचने का रास्ता माना गया। समय-समय पर कर बचाव को कम करने के लिए डीटीएए और संबंधित प्रावधानों में संशोधन किए गए, लेकिन नवीनतम निर्णय इस राह को पूरी तरह बंद कर सकता है। जब इस मामले में निर्धारितियों ने अथॉरिटी फॉर एडवांस रूलिंग्स (एएआर) से संपर्क किया, तो उसने निष्कर्ष निकाला कि यह लेन-देन कर से बचने के लिए ही डिजाइन किया गया था।

एएआर ने पाया कि संबंधित कंपनियों का प्रबंधन नियंत्रण मॉरीशस में निदेशक मंडल के पास नहीं था। उसने यह भी कहा कि डीटीएए के तहत जब लाभ भारतीय कंपनियों के शेयरों की बिक्री से उत्पन्न होता है तो छूट केवल मॉरीशस के निवासियों को दी जाती है। इस मामले में लाभ सिंगापुर की इकाई की बिक्री से उत्पन्न हुआ था। इसलिए यह छूट के लिए पात्र नहीं था। हालांकि उच्च न्यायालय ने एएआर के निष्कर्षों को खारिज कर दिया था, लेकिन पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय ने कर प्राधिकरणों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उच्च न्यायालय के निर्णय को पलट दिया।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद कई मुद्दे उभरे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत को अपनी कर संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन यह पूछना उचित है कि क्या मौजूदा कानूनों और संधियों की अलग-अलग व्याख्याएं, या कानूनों में पूर्वव्यापी बदलाव से निवेश माहौल को प्रभावित करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सैद्धांतिक रूप से देखें तो कोई भी संस्था किसी विशेष क्षेत्राधिकार में मौजूदा कानूनों और संधियों के आधार पर निवेश करती है। ऐसे में, क्या तथ्यों की अलग व्याख्या के आधार पर मौजूदा निवेशकों को दंडित करना न्यायसंगत है? निष्पक्ष रूप से देखें तो बड़ी वैश्विक संस्थाएं अपने लेनदेन को इस तरह तैयार करती हैं कि कर देयता कम हो सके। लेकिन यदि कोई देश ऐसी व्यवस्थाओं से सहज नहीं है, तो उसे भविष्य के लिए खामियों को बंद करना चाहिए।

पुरानी तारीख से लागू होने वाले बदलाव कारोबारी माहौल पर गंभीर असर डालते हैं। उदाहरण के लिए वर्तमान मामले में, कर निवास प्रमाणपत्र की वैधता पर प्रश्न उठाया गया है, जिसका अर्थ है कि एक लंबे समय से चली आ रही परंपरा की पुनः समीक्षा की जा रही है। इसके अलावा, ग्रैंडफादरिंग प्रावधानों (नए हालात में पुराने नियम लागू करने के प्रावधान) को भी सर्वोच्च न्यायालय ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यद्यपि शेयर पूर्व में अधिग्रहीत किए गए थे, लेकिन बिक्री सामान्य कर-परिहार नियम और प्रावधान लागू होने के बाद हुई।

यह भी विवादास्पद है। उल्लेखनीय है कि अपने सहमति वाले निर्णय में एक न्यायाधीश ने कर संप्रभुता पर परामर्श लिखा और इस बारे में भी लिखा कि भारत को अन्य देशों के साथ कर संधियां कैसे करनी चाहिए।

ध्यान देने योग्य है कि कानून द्वारा दी गई शक्तियों के अंतर्गत कार्यपालिका यह तय करने की सबसे अच्छी हालत में होती है कि किसी भी समय किसी देश के साथ किस प्रकार का समझौता करना है। वह निवेश आकर्षित करने और कर राजस्व को अधिकतम करने के बीच सही संतुलन निर्धारित करने के लिए भी सबसे अच्छी स्थिति में होती है। हालांकि समझौतों का पालन शब्दों और भावना दोनों में किया जाना चाहिए, और उन्हें अल्पकालिक राजस्व अधिकतम करने के लिए बलिदान नहीं किया जाना चाहिए।

## प्रभु तुम मेरे मन की जानो / सुभद्राकुमारी चौहान

मैं अछूत हूँ, मंदिर में आने का मुझको अधिकार नहीं है।
किंतु देवता यह न समझना, तुम पर मेरा प्यार नहीं है॥
प्यार असीम, अमिट है, फिर भी पास तुम्हारे आ न सकूँगी।
यह अपनी छोटी सी पूजा, चरणों तक पहुँचा न सकूँगी॥

इसीलिए इस अंधकार में, मैं छिपती-छिपती आई हूँ।
तेरे चरणों में खो जाऊँ, इतना व्याकुल मन लाई हूँ॥
तुम देखो पहिचान सको तो तुम मेरे मन को पहिचानो।
जग न भले ही समझे, मेरे प्रभु! मेरे मन की जानो॥

मेरा भी मन होता है, मैं पूजूँ तुमको, फूल चढ़ाऊँ।
और चरण-रज लेने को मैं चरणों के नीचे बिछ जाऊँ॥
मुझको भी अधिकार मिले वह, जो सबको अधिकार मिला है।
मुझको प्यार मिले, जो सबको देव! तुम्हारा प्यार मिला है॥

तुम सबके भगवान, कहो मंदिर में भेद-भाव कैसा?
हे मेरे पाषाण! पसीजो, बोलो क्यों होता ऐसा?
मैं गरीबिनी, किसी तरह से पूजा का सामान जुटाती।
बड़ी साध से तुझे पूजने, मंदिर के द्वारे तक आती॥

कह देता है किंतु पुजारी, यह तेरा भगवान नहीं है।
दूर कहीं मंदिर अछूत का और दूर भगवान कहीं है॥
मैं सुनती हूँ, जल उठती हूँ, मन में यह विद्रोही ज्वाला।
यह कठोरता, ईश्वर को भी जिसने टूक-टूक कर डाला॥

यह निर्मम समाज का बंधन, और अधिक अब सह न सकूँगी।
यह झूठा विश्वास, प्रतिष्ठा झूठी, इसमें रह न सकूँगी॥
ईश्वर भी दो हैं, यह मानूँ, मन मेरा तैयार नहीं है।
किंतु देवता यह न समझना, तुम पर मेरा प्यार नहीं है॥

मेरा भी मन है जिसमें अनुराग भरा है, प्यार भरा है।
जग में कहीं बरस जाने को स्नेह और सत्कार भरा है॥
वही स्नेह, सत्कार, प्यार मैं आज तुम्हें देने आई हूँ।
और इतना तुमसे आश्वासन, मेरे प्रभु! लेने आई हूँ॥

तुम कह दो, तुमको उनकी इन बातों पर विश्वास नहीं है।
छुत-अछूत, धनी-निर्धन का भेद तुम्हारे पास नहीं है॥

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# नोएडा सेक्टर-45 में 25 जनवरी को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन, बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद

समाज जागरण



नोएडा। नोएडा सेक्टर-45 स्थित बजरंग चौक, अम्रपाली चौराहा पर आगामी 25 जनवरी 2026 को एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन सुबह 10:00 बजे से लेकर शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है।

आयोजकों द्वारा जानकारी दी गई है कि इस विशाल सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना और धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विचार-विमर्श करना है। सम्मेलन में विभिन्न वक्ता अपने विचार रखेंगे और समाज को दिशा देने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

आयोजन समिति ने नोएडा सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को सफल बनाने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि यह सम्मेलन समाज में सकारात्मक संदेश देने और एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम बनेगा।

सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0: गौतम बुद्ध नगर के 199 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का प्रत्यक्ष अंतरण

समाज जागरण




गौतम बुद्ध नगर, 18 जनवरी, 2026 - प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत गौतम बुद्ध नगर के 199 लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 1,00,000 प्रत्यक्ष अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने की, जबकि इसका सजीव प्रसारण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ से हुआ।

कलेक्ट्रेट सभागार, सूरजपुर में आयोजित कार्यक्रम में संबंधित जनप्रतिनिधि, अपर जिलाधिकारी, उप जिला अधिकारी, डिप्टी कलेक्टर, सिटी मिशन मैनेजर और जिला समन्वयक सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें आवास निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया।

**योजना का उद्देश्य और लाभ**

प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 का लक्ष्य है शहरी क्षेत्रों के गरीब और पात्र परिवारों को सुरक्षित, स्थायी और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना। योजना के तहत लाभार्थियों को चरणबद्ध आर्थिक सहायता दी जाती है, जिससे वे आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें।

**लाभार्थियों का वितरण विवरण**

नगर पालिका परिषद दादरीः 55 लाभार्थी
नगर पंचायत बिलासपुरः 10 लाभार्थी
नगर पंचायत दनकौरः 1 लाभार्थी
नगर पंचायत रबूपुराः 18 लाभार्थी
नगर पंचायत जेवरः 72 लाभार्थी
नगर पंचायत जहांगीरपुरः 43 लाभार्थी
कुल मिलाकर 199 लाभार्थियों को योजना का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में स्वीकृति-पत्र वितरण के दौरान अधिकारियों ने कहा कि यह योजना लाभार्थियों के जीवन में सुख, सुरक्षा और समृद्धि का आधार बनेगी। लाभार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लेकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के प्रति आभार व्यक्त किया। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# साइबर ठगी का भंडाफोड़, एक अभियुक्त गिरफ्तार

पिलिभीत, 18 जनवरी, 2026 झ धोखाधड़ी के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत पिलिभीत पुलिस ने एक साइबर ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, अभियुक्त सवा-




री वाहनों में किराया देने के बहाने चालकों से उनका क्यूआर कोड लेता और फर्जी PhonePe/ Google Pay ऐप के माध्यम से किराये के अतिरिक्त नकद राशि हड़प लेता था। इसके साथ ही वह भुगतान में समस्या होने का बहाना बनाकर चालक से उनका मोबाइल मांग लेता और सिम कार्ड निकालकर अपने मोबाइल में डालकर यूपीआई के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर कर लेता था।

जांच में यह भी पता चला कि अभियुक्त ने अपने गांव के लोगों के आधार कार्ड और बैंक विवरण का इस्तेमाल कर लोन ऐप के माध्यम से उनके नाम पर ऋण स्वीकृत कराकर धनराशि निकाल ली थी।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है, और ऐसे साइबर अपराधियों के खिलाफ सतत निगरानी और जागरूकता अभियान जारी रहेगा।

# विश्वकर्मा मार्ग पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, ट्रैफिक पुलिस के साथ 7 एक्स वेलफेयर टीम ने किया लोगों को जागरूक

समाज जागरण



नोएडा। विश्वकर्मा मार्ग पर सड़क सुरक्षा को लेकर 7 एक्स वेलफेयर टीम ने ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से 18 जनवरी 2026 को एक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। यह अभियान सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन के समीप विश्वकर्मा मार्ग पर आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान लोगों को सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। यातायात माह के तहत ट्रैफिक पुलिस लगातार ट्रैफिक वालंटियर्स के सहयोग से जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में आज के अभियान में विशेष रूप से नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को रोककर उन्हें समझाया गया और उनसे अपील की गई कि वे स्वयं नियमों का पालन करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस दौरान दो पहिया वाहन चालकों को गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन न चलाने की सख्त हिदायत दी गई। वहीं सेक्टर-50 में नवनिर्मित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के प्रबंधक को भी मौके पर बुलाकर समझाया गया कि वे ग्राहकों को मॉल की पार्किंग में वाहन खड़े करने के लिए प्रेरित करें, ताकि सर्विस लेन पर लगने वाले जाम की समस्या को कम किया जा सके।

इस जागरूकता अभियान में ट्रैफिक विभाग से आलोक कुमार और कपिल धामा, मौके पर मौजूद अन्य यातायात कर्मियों के साथ-साथ 7 एक्स वेलफेयर टीम से ब्रजेश शर्मा, विक्रम सेठी, महेश कुमार और श्रेया शर्मा का सक्रिय सहयोग रहा।

आयोजकों ने कहा कि ऐसे जागरूकता अभियान आगे भी जारी रहेंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाया जा सके।

# स्वच्छ भारत मिशन की मजाक उड़ाता अशोक विहार टंकी के निकट का सार्वजनिक सुलभ शौचालय

समाज जागरण



लोनी, 18 जनवरीः लोनी नगर पालिका क्षेत्र में जगह-जगह बने सामुदायिक शौचालयों की हालत देखकर राहगीर बेहाल हैं। कई जगहों पर शौचालयों पर ताले लटके मिल रहे हैं, तो कहीं गंदगी का अंबार लगा हुआ है। इस कड़ी में बात निठोरा मार्ग पर स्थित अशोक विहार के सामुदायिक शौचालय की करें तो कभी भी धारासाई होने की स्थिति में खड़ा यह शौचालय अपनी दुर्दशा के आंसू पीने को मजबूर है। लाखों रुपए की लागत से अशोक विहार टंकी के निकट मुख्य मार्ग पर बना यह सार्वजनिक सुलभ शौचालय उत्तर प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन की मजाक बनाता नजर आता है। इसके इर्द-गिर्द लगे कूड़े करकट के ढेर नगर पालिका विभाग की कार्यप्रणाली को उजागर कर रहे हैं। कितने अफसोस की बात है कि जिन शौचालयों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों और राहगीरों को खुले में शौच से मुक्ति दिलाना था, आज उसकी जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है।

बता दें कि रखरखाव की कमी और संबंधित अधिकारियों की उदासीनता के चलते नगर पालिका क्षेत्र के और कई शौचालय भी या तो बंद पड़े हैं या फिर उपयोग के लायक नहीं रह गए हैं, जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो इस मामले में संबंधी विभाग के अधिकारियों की संदिग्ध कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं।

# गोशालाओ की जमीनी हकीकत उजागर करते ठंड से ठिठुरते लावारिश गोवंश



लोनी, 18 जनवरीः नगर पालिका क्षेत्र में ठंड से ठिठुरते लावारिस गोवंशों की दुर्दशा को देखकर लगता है सरकारी बजट के दुरुपयोग और अधिकारियों की लापरवाही ने इन बेसहारा पशुओं को मौत के साये में छोड़ दिया हो!

कितनी शर्मनायक बात है कि जिस गाय को हम माता, लक्ष्मी और धर्म का प्रतीक मानते हैं, उसे ही आज सड़कों पर भटकने, कत्लखाने जाने और उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है, जो हमारी संस्कृति और संवेदनाओं पर भी एक गहरा आघात है। गो वंश के ऐसे हालातो के लिए कहीं ना कहीं वह लोग भी जिम्मेदार हैं जो पूजनीय गौमाता को ही अपना बोझ समझने लगे हैं, और उन्हें बेसहारा सड़क पर छोड़ देते हैं। यह स्थिति कहीं ना कहीं इंसानियत की बेकद्री है, जो शास्त्रों में वर्णित पुण्य-पाप और नैतिकता के विपरीत है।

कितनी निंदनीय बात है कि एक ओर हम गाय को "गौ माता" कहकर पूजते हैं वहीं दूसरी ओर उसे कचरे के ढेर पर या सड़कों पर छोड़ देते हैं, यह दोगलापन हर किसी को सोचने पर मजबूर करता है।

# जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ने किया सांस्कृतिक उत्सव 2026 का आयोजन

समाज जागरण



लोनी, 18 जनवरीः जिले में पर्यटन एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की ओर से सांस्कृतिक उत्सव 2026 का आयोजन किया गया। पर्यटन एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के मौके पर जिले की समृद्ध लोक कला, संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बालिका नृत्य कला समूह ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियो के माध्यम से खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में तहसील स्तर पर प्रथम तथा जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

बालिका नगर के हेली प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर लोनी के प्रेम नगर में स्थित बालिका माडल इंटर कॉलेज की छात्राओं- नैंशी, साक्षी, अर्शी व रेशमा ने समूह नृत्य में तहसील में प्रथम और जनपद में तीतृय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारी, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, कलाकार, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों की हौसलाअफजाई करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को मंच मिलता है और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने में मदद मिलती है। अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया।

# लोनी में सी एस सी सैंटर पर अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल

लोनी, 18 जनवरीः नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड 51 में पहचान पत्र बनाने के नाम पर अवैध वसूली का गंभीर मामला प्रकाश में आया है।



मिली जानकारी के मुताबिक सौ फुटे मार्ग पर स्थित फजले ए करीम मस्जिद के सामने संचालित एक कॉमन सर्विस सेंटर पर आम नागरिकों से खुलेआम₹300 वसूले जाने की चर्चा है। आरोप है कि उरउ संचालक शाहरुख नामक व्यक्ति पहचान पत्र से संबंधित कार्यों के लिए तय सरकारी शुल्क से कहीं अधिक रुपए वसूल किए जा रहे है। लोगो का यह भी आरोप है कि प्रेम नगर कॉलोनी में 4 से 5 उरउ केंद्र संचालित हैं. यहां वार्ड 51 और 52 के निवासियों से इसी तरह धड़ल्ले से अवैध वसूली की जा रही है. जहा अधिकांशतः भोले-भाले और गरीब लोग अपने पेंशन, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि बनवाने आते है। इन लोगों को सरकारी प्रक्रिया की सही जानकारी नहीं होने का लाभ उठाकर यह उनसे मनमानी रकम वसूल रहे है। इस मामले में तेजी से वायरल हो रही वीडियो में एक पीड़ित महिला और उसके पिता ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि पहचान पत्र बनवाने के लिए उनसे 300 रुपये लिए गए, जबकि नियमनुसार यह काम बड़े ही कम शुल्क में होना चाहिए था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद क्षेत्र वासियों के बीच रोष व्याप्त है।

नागरिकों ने इस गंभीर प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ऐसे उरउ संचालको पर लगाम नहीं लगी तो यह आम जनता को ठगते रहेंगे। क्षेत्रवासियों ने स्थानीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग के साथ ही उपजिलाधिकारी, तहसीलदार और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर दोषी उरउ संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. तथा उरउ केंद्रों पर लगने वाले सरकारी शुल्क की स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए। लोगों का कहना है कि यह मामला न केवल भ्रष्टाचार को उजागर करता है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े करता है।

# केंद्रीय मंत्री खट्टर बोले, योगी ने यूपी को दी नई पहचान

## हर बेघर को पक्की छत मिलने तक जारी रहेगा अभियान : मनोहर लाल

समाज जागरण



लखनऊ, 18 जनवरी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के दो लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खातों में प्रथम किस्त की धनराशि अंतरित किए जाने के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर वर्चुअल माध्यम से जुड़े। उन्होंने इसे गरीब व मध्यम वर्ग के अपने घर के सपने को साकार करने की दिशा में बड़ा कदम बताया।

श्री खट्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने आवास, नल, शौचालय, गैस, बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थापना के साथ एक नई पहचान बनाई है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि जब तक हर बेघर परिवार को पक्की छत नहीं मिल जाती, सरकार का यह अभियान जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को एक नई पहचान दी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत हर परिवार को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से लाखों लोगों का घर का सपना साकार हुआ है। आवास योजना की बड़ी उपलब्धि यह रही कि अधिकतर मकान महिलाओं के नाम या संयुक्त स्वामित्व में दिए गए, जिससे महिलाओं को सशक्त व स्वतंत्र पहचान मिली।

**पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में बदल रही प्रदेश की तस्वीर**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'स्वच्छ भारत से विकसित भारत' की यात्रा में नगरीय निकायों की भूमिका सबसे अहम है। स्वच्छता सर्वेक्षण में लखनऊ का देश में तीसरा स्थान आना, गाजियाबाद का दुनिया के शीर्ष 50 स्वच्छ शहरों में शामिल होना और कई नगरों का राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होना प्रदेश की बदलती तस्वीर को दशार्ता है। कूड़े के पहाड़ हटाकर राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल और शिवालिक पार्क जैसे मॉडल प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं।

**इन जिलों को मिला पीएम आवास योजना का सबसे ज्यादा लाभ**

गाजियाबाद के 8,937, बदायूं के 4,521, बिजनौर के 5,581, बरेली के 8,693, अलीगढ़ के 5,382, आगरा के 3,828, फरुर्खाबाद के 3,236, बुलंदशहर के 3,567, देवरिया के 4,142, अयोध्या के 4,697, गोरखपुर के 7,142, कुशीनगर के 6,231, लखीमपुर खीरी के 5,100, लखनऊ के 8,568, महाराजगंज के 4,053, मथुरा के 4,366, मऊ के 3,494, मिजार्पुर के 2,027, मुरादाबाद के 3,827, प्रतापगढ़ के 7,214, प्रयागराज के 5,023, उन्नाव के 3,140 तथा वाराणसी के 3,294 लाभार्थियों के खातों में आज पहली किस्त की धनराशि अंतरित की गई है।

# भाजपा के कददावर नेता प्रो. अजय छौकर कांग्रेस में शामिल, लगाया भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद का आरोप

समाज जागरण



गौतमबुद्धनगर/लखनऊ, 18 जनवरी, 2026 - एनआरईसी कॉलेज से सेवानिवृत्त प्रो. अजय छौकर, जो भाजपा में मूल, ईमानदार और समर्पित नेता के रूप में पहचाने जाते थे, ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। प्रदेशाध्यक्ष अजय राय की मौजूदगी में प्रो. छौकर को कार्यालय प्रभारी नितिन मिश्रा द्वारा कांग्रेस की सदस्यता प्रदान की गई।

प्रो. छौकर ने भाजपा पर घोटाला, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक दल कहे जाने वाली भाजपा अब केवल केंद्रित शक्ति और पदधारी व्यक्तियों की पार्टी बनकर रह गई है। उनके अनुसार, भाजपा के मंत्री, सांसद और विधायक क्षेत्रीय विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में निष्क्रिय हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि तहसील, थाने और बिजलीघर भ्रष्टाचार के गढ़ बन गए हैं, जबकि प्रधानमंत्री जनसुनवाई और मुख्यमंत्री पोर्टल केवल दिखावा हैं। विकास कार्यों के लिए आवंटित धन का भौतिक सत्यापन नहीं कराया जाता, और विकास कार्यों की फर्जी सूची शासन को प्रस्तुत की जाती है। शिकायत करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती। किसानों की जमीनों के सर्किल रेट नहीं बढ़ाए जा रहे, जबकि जनता से हर स्तर पर टैक्स और फीस वसूली की जा रही है।

प्रो. छौकर ने कहा, "भाजपा भ्रष्टाचार में पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने का दावा करती थी, लेकिन अब इसने बहुत कम समय में भ्रष्टाचार में डी-लिट की उपाधि हासिल कर ली है। भाजपा परिवारवाद पर सवाल उठाती है, लेकिन अपने नेताओं और उच्च पदाधिकारियों के मामलों में उदासीन रहती है।"

उन्होंने यह भी कहा कि भारत को स्वस्थ, समृद्ध, सुदृढ़ और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ईमानदार, राष्ट्रभक्त और जनसेवक नेताओं की जरूरत है, न कि केवल पद और संपत्ति वाले राजनीतिक माफियाओं की। इस मौके पर गौतमबुद्धनगर जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष शहाबुद्दीन, कांग्रेस नेता जयचंद चौधरी, नोएडा के अमित अवाना, भाजपा के संगठन पदाधिकारी और सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।

# मिशन शक्तिः जालौन पुलिस ने लापता महिला को सुरक्षित घर पहुंचाया

समाज जागरण




जालौन/डकोर, 18 जनवरी, 2026 – जनपद जालौन के डकोर क्षेत्र में मिशन शक्ति टीम के नियमित भ्रमण के दौरान एक महिला को संदिग्ध अवस्था में भटकते हुए पाया गया। महिला अपना नाम और पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी।

पुलिस ने महिला को थाना डकोर स्थित मिशन शक्ति केंद्र में सुरक्षित लाया और संवेदनशीलता के साथ पूछताछ की। इसके बाद मध्य प्रदेश (भिंड) कंट्रोल रूम के साथ समन्वय कर महिला के परिजनों तक संपर्क स्थापित किया गया।

जानकारी के अनुसार महिला दिनांक 11 नवंबर, 2025 से लापता थी। आज महिला अपने परिवार के साथ सकुशल मिल गई।

महिला के परिजनों ने उत्तर प्रदेश पुलिस और मिशन शक्ति टीम का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रयास से उन्हें अपनों की सुरक्षा और घर वापसी की राहत मिली।

# मकर संक्रांति पर दीन ही दीनानाथ संस्था ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, शॉल और बिस्कुट

समाज जागरण

ग्वालियर। शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दीन ही दीनानाथ संस्था द्वारा मानव सेवा का अनुकरणीय कार्य किया गया। संस्था ने ग्वालियर की झोपड़पट्टियों में निवासरत जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच जाकर 51 कंबल, 21 शॉल एवं बिस्कुट वितरित किए।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पंडित राजेश अग्निहोत्री ने बताया कि दीन ही दीनानाथ संस्था विगत कई वर्षों से निरंतर जरूरतमंद, असहाय एवं निराश्रित लोगों की सेवा के साथ-साथ गौसेवा के कार्य भी करती आ रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वे ग्वालियर में प्रवासरत हैं और मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में संस्था द्वारा सड़कों के किनारे झोपड़पट्टियों में रहने वाले लोगों को राहत सामग्री वितरित की गई।

कंबल और शॉल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। पंडित राजेश अग्निहोत्री ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को समय-समय पर जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। यदि हम केवल अपने और अपने बच्चों के पालन-पोषण तक सीमित रहेंगे, तो फिर हममें और पशु-पक्षियों में कोई अंतर नहीं रहेगा, क्योंकि वे भी अपने बच्चों का पालन-पोषण कर लेते हैं।

कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष युवा कथावाचक पंडित शुभम अग्निहोत्री, सचिव कृष्णा अग्निहोत्री, आचार्य विशाल, भजन लाल, पंडित शिवा, पंडित आशीष सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नोएडा पुलिस ने ऑनलाइन बैटिंग ऐप ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी को किया गिरफ्तार

समाज जागरण

नोएडा, 18 जनवरी, 2026 - थाना फेस-1 नोएडा पुलिस ने कॉल सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन बैटिंग ऐप पर निवेश का झांसा देकर ठगी करने वाले अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 01 सर्वर, 04 कंप्यूटर सीपीयू, 03 राउटर, 10 पीएनटी फोन, 01 की-बोर्ड (अंग्रेजी/रूसी भाषा), और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। एडीसीपी नोएडा ने बताया कि आरोपी कई महीनों से देश और विदेश में सक्रिय था और लोगों को ऑनलाइन बैटिंग ऐप में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी कर चुका था। गिरफ्तारी के बाद मामला आधिकारिक तौर पर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे ऑनलाइन निवेश या बैटिंग प्लेटफॉर्म पर सावधानी बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया

समाज जागरण

नोएडा, 18 जनवरी, 2026 - थाना सेक्टर-39 नोएडा पुलिस ने मोबाइल फोन स्नैचिंग की वारदातों में शामिल दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने एक बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से स्नैचिंग किए गए 20 मोबाइल फोन, 2,000 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और अवैध शस्त्र बरामद किए हैं। एडीसीपी नोएडा ने बताया कि अभियुक्त कई वारदातों में शामिल थे और उनकी गिरफ्तारी से स्नैचिंग और अपराध की घटनाओं में कमी लाने में मदद मिलेगी।

# उत्तर प्रदेश में बिना आवास के नहीं रहेगा कोई भी पात्र व्यक्ति मुख्यमंत्री जी सभी के प्रति संकल्पित

**- प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सरकार ने 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे 2000 करोड़ की अनुदान राशि का किया अंतरण**

**- जिलाधिकारी द्वारा कलक्ट्रेट सभागार में योजना के लाभार्थियों को धनराशि अंतरण हेतु प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित**

**- सभी का हो पक्का मकान सरकार गरीब /पात्र व्यक्तियों के सपनों को कर रही साकार.. जिलाधिकारी**

**- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत सम्भल जनपद में 2186 लाभार्थियों को प्रथम किस्त की धनराशि की गयी अंतरण**



**समाज जागरण**

बहजोई/संभल।प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश में 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 2,000 करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम में सम्मिलित होते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सम्भल में देखा गया जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत जनपद में 2186 लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रति लाभार्थी 100000 कुल 21करोड़ 86 लाख रुपए सरकार द्वारा अनुदान राशि का अंतरण किया।

उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत का यह भव्य कार्यक्रम है और सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है सरकार का संकल्प है कि जो पात्र व्यक्ति हैं वह बिना आवास के नहीं रहने चाहिए उनके प्रति मा. मुख्यमंत्री जी पूर्ण तरीके से संकल्पित हैं उत्तर प्रदेश में ऐसा कोई भी गरीब व्यक्ति नहीं रहेगा वंचित जिसके सिर पर नहीं होगी छत सपनों को सरकार करेगी साकार उत्तर प्रदेश सरकार पात्र को उपलब्ध कराएगी आवास। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में एक भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

कार्यक्रम में जनपद के 2186 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में 1,00,000 (एक लाख रुपये) की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई।

जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि लाभार्थियों को आवास के लिए कुल तीन किस्त जारी की जाएंगी लाभार्थी इसका सदुपयोग करते हुए अपने सपनों का घर बनाये। उन्होंने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी का स्वप्न है कि हर व्यक्ति को घर मिले।जिलाधिकारी ने सभी लाभार्थियों को प्रथम किस्त के लिए बधाई दी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी, डूडा निधि पटेल एवं नगर पालिका बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू तथा नगर पंचायत बबराला के अध्यक्ष हर्षवर्धन एवं नगर पंचायत गवां के अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चंदौसी धर्मराज राम एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गवां श्वेतांक सारस्वत एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शोएब सिद्दीकी का बी सी अल बिजनौर क्रिकेट लीग टीम मे हुआ सिलेक्शन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद बी सी अल बिजनौर क्रिकेट लीग जो हाल ही में बड़ा टूनामेंट बिजनौर वर्धमान कॉलेज में स्थापित हुआ था उस टूनामेंट में ज़िले भर के खिलाड़ी ट्रेल बेस पर सेलेक्ट हुए थे और ऑक्शन में बिके थे!

अब बी सी अल अपनी टीम बी सी अल इंडिया को नेपाल दौरे के लिए रवाना होने वाली है उसी टीम में शोएब सिद्दीकी पुत्र




मोहम्मद असलम सिद्दीकी निवासी मोहल्ला मुगलूशाह नजीबाबाद बिजनौर मे ट्रेल देकर सेलेक्ट हुए है बी सी अल के ऑर्गेनाईजर शोएब सिद्दीकी को उनके वालिद मोहम्मद असलम व उनके बड़े भाई अमजद सिद्दीकी / अनस कसार की मौजूदगी में सिलेक्शन लेटर और बी सी एल इंडिया की ड्रेस और किट बैग देकर सम्मानित किया

# जेल में बंद राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की मांग

**समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । आजाद अधिकार सेना के कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर जेल में बंद राष्ट्रीय अध्यक्ष




अमिताभ ठाकुर की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की मांग की है।

शनिवार को आजाद अधिकार सेना के कार्यकताओं द्वारा एसडीएम विजय शंकर को सोंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि देवरिया जेल में बंद अमिताभ ठाकुर को कंपयूटर से टाईप किया गया धमकी भरा पत्र मिला है जिससे वह भयभीत हैं, ज्ञापन में धमकी भरे पत्र की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने , अमिताभ ठाकुर को किसी अन्य अधिक सुरक्षित कारागार में शिफ्ट करने के साथ अमिताभ ठाकुर की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में आजाद अधिकार सेना के जिलाध्यक्ष मौहम्मद नईम , युवा ब्रिगेड महिला अध्यक्ष रजिया बानो सहित अधिकार सेना के नासिर ,अफसर ,रामकुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज निमार्णाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का किया गया निरीक्षण

## जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की शिथिल प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पी.डी. राष्ट्रीय राजमार्ग को 15 अप्रैल तक कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज निमार्णाधीन नजीबाबाद-कोटद्वार मार्ग का निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के परियोजना निदेशक एवं कार्यदाई संस्था को समयबद्धता एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए।



जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा जानकारी प्राप्त करने पर एन एच आई के परियोजना निदेशक ने बताया कि पहले 5 किलोमीटर में मार्ग निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि आगे 5 किलोमीटर मार्ग पर कार्य प्रगति पर है तथा शेष मार्ग में आरबीएम डाला जा चुका है, दूसरा फेस मुकम्मल होने के बाद अंतिम चरण के सड़क निर्माण का कार्य तत्काल शुरू कर दिया जाएगा। परियोजना निदेशक द्वारा यह भी बताया गया कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोई वैधानिक रुकावट नहीं है और 15 अप्रैल 2026 तक कार्य को पूर्ण किया जाना है। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि निर्धारित समय अवधि में कार्य पूर्ण मानक के अनुसार पूरा कराना सुनिश्चित करें और उसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य को समय-समय पर चेक करते रहें ताकि किसी स्तर पर भी अनियमितता न होने पाए और न ही घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग किया जाना संभव हो सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नजीबाबाद तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# सड़क हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद क्षेत्र में फाजलपुर तमेला के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें किशनपुर निवासी 37 वर्षीय जानी राम पुत्र भंते की मौत हो गई। वह किसी काम से बस से उतरकर पैदल जा रहे थे, तभी



एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उनकी जान चली गई। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

जानी राम मजदूरी का काम करते थे। उन्होंने लगभग 15 साल पहले शादी की थी और उनके चार बच्चे हैं–दो लड़कियां और दो लड़के। हादसे की खबर से परिवार में गहरा सदमा और गांव में शोक की लहर फैल गई है। यह घटना सड़क सुरक्षा की गंभीर चुनौती को फिर से उजागर करती है और राहगीरों तथा वाहन चालकों से सतर्क रहने की अपील करती है।

# हिंदू सम्मेलन संपन्न, समरसता व संगठन पर दिया गया बल

**समाज जागरण संवाददाता**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

शहर के एक मैरिज लॉन में हिंदू समाज का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य संजय मिश्रा ने किया, जबकि अध्यक्षता संत आचार्य रमाकांत शुक्ला ने की। सम्मेलन में लखनऊ से आए विश्व हिंदू परिषद के समरसता प्रमुख धर्मेंद्र कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि धर्मेंद्र कुशवाहा ने समाज में समरसता पर जोर देते हुए कहा कि हिंदू समाज में कोई भी व्यक्ति अछूत नहीं है। हम सभी भगवान राम को मानते हैं, जिन्होंने हर वर्ग का सम्मान किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. ओंकार ने कहा कि आज कुछ नेता हिंदू समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के संगठित रहने से ही देश सुरक्षित रहेगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सह विभाग प्रचारक अविनाश ने लोगों से संगठित रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं, ऐसे में सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी बल देते हुए पेड़ लगाने, जल बचाने और तालाबों से अतिक्रमण हटाने की अपील की।

कार्यक्रम के समापन पर आचार्य संजय मिश्रा ने कहा कि अब डरने की कोई जरूरत नहीं है, समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। सम्मेलन का शुभारंभ हनुमान चालीसा पाठ से हुआ और भारत माता की आरती के साथ समापन किया गया।

इस अवसर पर हरिकृष्ण शास्त्री, राधारमण मिश्रा, दीनानाथ झा, वीरेश वर्मा, सूर्य मणि मिश्रा, मोहिनी, अत्री, गोपाल अग्निहोत्री, आलोक शुक्ल, कमलेश वर्मा, बीरेंद्र शुक्ला, शैलेंद्र, अभिषेक, ऋषभ मिश्रा, योगेंद्र, विधायक योगेश वर्मा, राजकिशोर वर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कोहरे के कारण सड़क हादसा, चार गंभीर घायल टेंपो-पिकअप की भिड़ंत से मचा हड़कंप

**समाज जागरण संवाददाता**
**कुलदीप सिंह लखीमपुर खीरी।**

जिले में घने कोहरे के चलते सड़क हादसों का सिलसिला लगातार जारी है। रविवार सुबह बांकेगंज थाना क्षेत्र में गोलाझबांकेगंज मार्ग पर निपनिया मोड़ के पास टेंपो और पिकअप की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में टेंपो चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



जानकारी के अनुसार हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे हुआ, उस समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया हुआ था। टेंपो बांकेगंज की ओर जा रहा था, जबकि पिकअप गोला की दिशा से आ रही थी। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में घने कोहरे के बीच ओवरटेकिंग को हादसे का कारण माना जा रहा है।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में टेंपो चालक रामू (45 वर्ष) निवासी बेचापुर के दोनों पैर टूट गए। वहीं टेंपो में सवार विनोद निवासी सुभानपुर के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। अन्य घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# ईसानगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार ट्रॉली गौवंश बरामद

## 11 गौ-तस्कर गिरफ्तार, वाहन जब्त

**समाज जागरण संवाददाता कुलदीप सिंह**

लखीमपुर खीरी। जनपद के ईसानगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने गौ-तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय गिरोह का खुलासा किया है।



17/18 जनवरी की रात करीब दो बजे ईसानगर पुलिस की सतर्कता से चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में ले जाए जा रहे गौवंश को बरामद किया गया, जबकि मौके से 11 गौ-तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई इमलिया चौराहे से लगभग 300 मीटर आगे सिसैया चौराहे की दिशा में ईसानगर थाने की पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर घेराबंदी कर सभी आरोपियों को चार ट्रॉली गौवंश के साथ हिरासत में लिया गया।

थाना ईसानगर पुलिस ने मौके से कुल 38 गौवंश, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक ऑल्टो कार बरामद की है। थाना अध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार गौ-तस्कर पड़ोसी जनपद सीतापुर के निवासी बताए जा रहे हैं। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह पिछले कई दिनों से सक्रिय था और संगठित रूप से गौवंश की तस्करी में लिप्त था। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

# राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का लिया संकल्प।

**समाज जागरण**

संभल/बहजोई। क्षेत्र में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद के तत्वावधान में ग्राम कुंवरी भूड़ पाठकपुर में एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौरवमयी राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसके पश्चात उपस्थित जनसमूह को भ्रष्टाचार के विरुद्ध एकजुट होने का आह्वान किया गया।



भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधाः के.के. मिश्र सम्मेलन के मुख्य अतिथि और परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष के.के. मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि परिषद पिछले तीन दशकों से भारत से भ्रष्टाचार मिटाने के लिए निरंतर संघर्ष कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा,भ्रष्टाचार एक ऐसी जटिल समस्या है जो आम आदमी के जीवन में अभिशाप और देश के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। पूर्ववर्ती सरकारों की स्वार्थपूर्ण नीतियों और घोटालों के कारण यह समस्या और गहरी हुई है।उन्होंने पदाधिकारियों से अपील की कि वे शोषित और वंचित लोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहें। उन्होंने कहा कि देश की जनता पारदर्शी नीतियां और खुशहाली चाहती है, जहां किसान, युवा और व्यापारी सभी को समान अवसर मिलें।संपत्ति की जांच और निशुल्क शिक्षा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन के मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला, जिनमें प्रमुख मांगें संपत्ति की जांचः पिछले 10 वर्षों और वर्तमान के सांसदों, विधायकों, IAS, IPS अधिकारियों और अन्य सरकारी कर्मचारियों की चल-अचल संपत्ति की सतत जांच हो। अवैध संपत्ति पाए जाने पर उसे जब्त कर राष्ट्रीय कोष में जमा किया जाए।निशुल्क आवेदनः बेरोजगार युवाओं के लिए सरकारी नौकरियों के आवेदन और परीक्षा केंद्रों तक की यात्रा पूरी तरह निशुल्क हो।निशुल्क कोचिंगः प्रत्येक जिले में IAS, IPS और NEET जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरकारी निशुल्क कोचिंग सेंटर खुलें। देश के सभी विद्यालयों में NCERT की पुस्तकें अनिवार्य हों ताकि गरीब बच्चों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

**संगठन की मजबूती पर जोर**

परिषद के राष्ट्रीय महासचिव शीश राम सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि परिषद की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर संगठन को मजबूत बनाएं,कार्यक्रम के संयोजक मोहित शर्मा व उनकी टीम विपिन शर्मा, बिलाल अहमद, जिलाध्यक्ष गौरव यादव, मलखान शर्मा ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। सम्मेलन के अंत में सभी पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार मिटाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत राम गिरि ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से शाहिद हुसैन, डी.पी. अमृत गौतम, शाहनवाज सम्भली, मो० अली, राकेश वार्ष्णेय, ब्रिजेश यादव, होराम सिंह, राम प्रकाश शर्मा, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, सुरेन्द्र कुमार गौतम, इकराम वारसी और नसरीन बेगम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंडमान सागर से भारत की पहली ओपन-सी समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ

**समाज जागरण**

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी और पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री, डॉ. जितेंद्र सिंह ने आज अंडमान सागर से भारत की पहली ओपन-सी (खुले समुद्र में) समुद्री मछली पालन परियोजना का शुभारंभ किया।



डॉ. जितेंद्र सिंह ने इसे भारत के विशाल समुद्री संसाधनों के माध्यम से ब्लू इकोनॉमी को साकार करने की दिशा में पहले बड़े कदमों में से एक बताया, जिसकी कल्पना प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी और लगातार इस पर जोर दिया गया है। इस परियोजना का शुभारंभ अंडमान सागर के खुले जल क्षेत्र के फील्ड दौरे के दौरान, नॉर्थ बे, श्री विजया पुरम में साइट पर ही किया गया।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए, डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह पहल भारत के समुद्रों की आर्थिक क्षमता के द्वार खोलने के लिए उठाए गए शुरूआती और सबसे महत्वपूर्ण कदमों में से एक है। उन्होंने उल्लेख किया कि भारत के समुद्रों में भी, हिमालय और मुख्य भूमि के संसाधनों की तरह ही, विशाल और विविध आर्थिक संभावनाएं मौजूद हैं, जिन पर दशकों तक उचित ध्यान नहीं दिया गया था।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लगभग सत्तर वर्षों तक, भारत के समुद्री संसाधन काफी हद तक अनछुए रहे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2014 के बाद से, राष्ट्रीय सोच में एक बुनियादी बदलाव आया है, जिसमें यह स्वीकार किया गया है कि भारत का समुद्री क्षेत्र आर्थिक विकास के लिए समान रूप से संपदा और अवसर रखता है। उन्होंने आगे भारत के समुद्रों की विशिष्ट और विविधतापूर्ण प्रकृति पर प्रकाश डाला और कहा कि पश्चिमी, दक्षिणी और पूर्वी तटों में से प्रत्येक की अपनी अलग विशेषताएं हैं और वे देश के विकास में अद्वितीय योगदान देने की क्षमता रखते हैं।

इस परियोजना को भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, इसकी तकनीकी शाखा राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईओटी) और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह प्रशासन के बीच सहयोग के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। यह पायलट पहल प्राकृतिक समुद्री परिस्थितियों में समुद्री फिनफिश और समुद्री शैवाल की ओपन-सी खेती पर केंद्रित है, जो वैज्ञानिक नवाचार को आजीविका सृजन के साथ जोड़ती है।

फील्ड विजिट के दौरान, आजीविका को बढ़ावा देने वाले दो प्रमुख कार्य शुरू किए गए। समुद्री वनस्पति के तहत, डॉ. जितेंद्र सिंह द्वारा स्थानीय मछुआरा समुदायों को समुद्री शैवाल के बीज सौंपे गए ताकि खुले समुद्र के गहरे पानी में इसकी खेती को बढ़ावा दिया जा सके। समुद्री जीव वाले हिस्सों में पिंजरा-आधारित पालन के लिए फिनफिश के बीज प्रदान किए गए, जिसे एनआईओटी द्वारा विकसित उन ओपन-सी केज का सपोर्ट प्राप्त है जिन्हें प्राकृतिक समुद्री वातावरण में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि हालांकि वर्तमान परियोजनाएं सरकार के नेतृत्व वाले सहयोग के माध्यम से संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनसे प्राप्त अनुभव और फिजिबिलिटी असेसमेंट भविष्य में सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के माध्यम से ऐसी पहलों के विस्तार को सक्षम बना सकते हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि यह दृष्टिकोण तकनीक की तैनाती को तेज करने, आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और भारत के ब्लू इकोनॉमी इकोसिस्टम को मजबूत करने में मदद करेगा।

बाद में, अपनी अंडमान द्वीप यात्रा के दौरान डॉ. जितेंद्र सिंह ने वांडूर के पास स्थित महात्मा गांधी समुद्री राष्ट्रीय उद्यान (एमजीएमएनपी) का भी दौरा किया। यह 1983 में स्थापित देश के अपनी तरह के पहले समुद्री उद्यानों में से एक है। 15 द्वीपों में फैले और वांडूर जेट्टी के माध्यम से सुलभ, यह पार्क जॉली बॉय और रेड स्किन जैसे अपने संरक्षित द्वीपों के लिए प्रसिद्ध है। डॉ. सिंह ने पार्क के समृद्ध और आत्मनिर्भर समुद्री इकोसिस्टम का अवलोकन किया, जिसमें जीवंत मूंगा चट्टानें, मैंग्रोव और कछुए व मछलियों की विभिन्न प्रजातियों जैसे विविध समुद्री जीवन शामिल हैं।

# भारतीय रेलवे ने ट्रैक के आधुनिकीकरण और सुरक्षा में महत्वपूर्ण प्रगति की है

**समाज जागरण**

भारतीय रेलवे ने पिछले ग्यारह वर्षों में निरंतर निवेश और सुनियोजित क्रियान्वयन के माध्यम से अपनी पटरी अवसंरचना को मजबूत करने और सुरक्षा मानकों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। इन प्रयासों से देश भर में रेल संचालन अधिक सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय हो पाया है।

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, भारतीय रेलवे ने 6,851 किलोमीटर से अधिक पटरियों का नवीनीकरण किया। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में, 7,500 किलोमीटर से अधिक पटरियों के नवीनीकरण का कार्य जारी है। इसके अतिरिक्त, 2026-27 में 7,900 किलोमीटर पटरियों के नवीनीकरण की योजना है। यह परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता और सुरक्षा पर निरंतर जोर को दशार्ता है रेलगाड़ियों की सुचारू आवाजाही के लिए महत्वपूर्ण विस्तारित रेल मार्ग के नवीनीकरण में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 2024-25 में 7,161 थिक वेब स्विच और 1,704 वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग स्थापित किए गए। 2025-26 में 8,000 से अधिक थिक वेब स्विच और 3,000 से अधिक वेल्डेबल सीएमएस क्रॉसिंग स्थापित किए जा रहे हैं।

पटरी की स्थिरता बनाए रखने और सवारी की गुणवत्ता में सुधार के लिए आवश्यक गिट्टी की मशीनीकृत गहन जांच लगातार की जा रही है। 2024-25 के दौरान 7,442 किलोमीटर पटरी की गहन जांच पूरी की गई, जबकि 2025-26 में 7,500 किलोमीटर से अधिक पटरी की गहन जांच का काम जारी है। भारतीय रेलवे ने यंत्रीकृत रखरखाव को बढ़ावा देने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए अपने ट्रैक मशीन बेड़े का काफी विस्तार किया है। 2014 से अब तक 1,100 से अधिक ट्रैक मशीनें खरीदी जा चुकी हैं जिससे रेलवे नेटवर्क का रखरखाव तेज और अधिक कुशल तरीके से हो सकेगा।

रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा बाड़ लगाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है ताकि मवेशियों के कुचले जाने और पटरियों पर अनाधिकृत प्रवेश की घटनाओं को कम किया जा सके और समग्र सुरक्षा को बढ़ाया जा सके। अब तक लगभग 15,000 किलोमीटर की बाड़ लगाई जा चुकी है,

# रक्षा राज्य मंत्री ने गणतंत्र दिवस शिविर 2026 में एनसीसी कैडेटों से बातचीत की

रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने 18 जनवरी, 2026 को दिल्ली छावनी स्थित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) का दौरा किया। उनके आगमन पर, एनसीसी कैडेटों ने उन्हें ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्न दिया जिसके बाद ग्वालियर के सिंधिया स्कूल के कैडेटों ने एक शानदार बैंड प्रस्तुति दी।

अधिकारियों और कैडेटों को संबोधित करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल एक राष्ट्रीय त्योहार नहीं, बल्कि संविधान और हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि है। एनसीसी कैडेटों की भूमिका के बारे में बोलते हुए उन्होंने एनसीसी कैडेटों को भारत के गौरवशाली अतीत और उज्ज्वल भविष्य के बीच एक जीवंत सेतु बताया और गणतंत्र दिवस शिविर को भारत के युवाओं के अनुशासन, प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कैडेटों को स्वदेशी सोच के साथ स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्टार्टअप इंडिया जैसी पहलों के चलते पिछले दशक में भारतीय स्टार्टअपों की संख्या में 800 से बढ़कर 2 लाख से अधिक होने का उदाहरण दिया।

# यातायात नियमों को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

## -दिल्ली बस अड्डे पर चालकों को दी सुरक्षा की सीख

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और आमजन को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कांधला पुलिस द्वारा दिल्ली बस अड्डे पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल अजय कुमार, होमगार्ड यशपाल एवं होमगार्ड मनोज कुमार भी मौजूद रहे। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बस अड्डे पर मौजूद दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ आम नागरिकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। कस्बा इंचार्ज जुल्फिकार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यातायात नियमों का ईमानदारी से पालन करे। नियमों की अनदेखी न केवल चालान का कारण बनती है, बल्कि कई बार यह जानलेवा भी साबित होती है। उन्होंने विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, वहीं चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाने की सलाह दी। कस्बा इंचार्ज ने कहा कि शराब या किसी भी प्रकार के नशे की हालत में वाहन चलाना गंभीर अपराध है, जिससे स्वयं चालक के साथ-साथ अन्य राहगीरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। पुलिसकर्मियों ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, गलत दिशा में वाहन न चलाने और सड़क संकेतों का सम्मान करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी भी दी। साथ ही बताया कि थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकती है। इस जागरूकता अभियान के दौरान दिल्ली बस अड्डे पर बड़ी संख्या में वाहन चालक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान समय-समय पर होते रहने चाहिए, ताकि आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बनी रहे और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। पुलिस का यह प्रयास न केवल कानून पालन की दिशा में एक कदम है, बल्कि सुरक्षित और जिम्मेदार समाज के निर्माण की ओर भी एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।



# कहासुनी में दो पक्षों में मारपीट दो घायल पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के मोहल्ला माजरा में मामूली कहासुनी को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई।मारपीट में दोनों पक्षों के दो लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।मारपीट का लाइव विडियो वायरल हो रहा है। शनिवार की शाम को मोहल्ला माजरा निवासी अजय पुत्र लीला का अपने पड़ोस के ही लोगों के साथ कहासुनी हो गई थी। उस समय मोहल्ले के लोगों ने अजय को समझा बुझाकर घर भेज दिया था। आरोप है कि रविवार की सुबह को अजय ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर मोहल्ले के हिमांशु पुत्र प्रवीण के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्ष में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से अजय पुत्र लीला में दूसरे पक्ष से हिमांशु पुत्र प्रवीण घायल हो गए। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दोनों पक्षो के बीच में मारपीट का लाइव वीडियो वायरल हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि दोनों पक्षों की तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी कार्यालय की महिला कर्मचारी ने लगाए गंभीर आरोप

## -अश्लील फोटो एडिट कर वायरल करने व छेड़छाड़ का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**
कस्बे के एक सरकारी कार्यालय में चपरासी के पद पर तैनात महिला कर्मचारी ने एक अधिकारी और एक प्राइवेट कर्मचारी पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों ने उसके फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी देकर उसे बदनाम करने का प्रयास किया, साथ ही उसके साथ छेड़छाड़ भी की गई। मामले को लेकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर लिखित तहरीर दी है और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता के अनुसार, वह लंबे समय से मानसिक दबाव और डर के साये में जी रही थी। आरोप है कि दोनों आरोपितों ने उसके निजी सम्मान को ठेस पहुंचाने की नीयत से फोटो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी, जिससे उसकी सामाजिक छवि खराब हो सकती थी। पीड़िता ने साहस दिखाते हुए पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी और न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी, आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के सामने आने के बाद कस्बे में चर्चाओं का माहौल है। महिला कर्मचारियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सामाजिक संगठनों ने मामले में निष्पक्ष जांच और पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर पड़ताल की जा रही है। जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# एक लाख के इनामी को मुठभेड़ में किया था ढेर, सोशल वर्करों ने किया सम्मानित

## -थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार लगातार कर रहे हैं पुलिस का इकबाल बुलंद

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कांधला पुलिस ने अपराध की दुनिया में खौफ का पर्याय बने एक लाख के इनामी बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर क्षेत्र को बड़ी राहत दिलाई थी। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद सामाजिक संगठनों और सोशल वर्करों में भी पुलिस के प्रति सम्मान और विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। इसी कड़ी में रविवार को सोशल वर्करों की टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके भेंट कर सम्मानित किया।



18 अक्टूबर की वह सुबह कांधला के लिए सुकून और सुरक्षा का संदेश लेकर आई, जब मोहल्ला खेल का कुख्यात अपराधी नफीस पुत्र मूंदा हमेशा-हमेशा के लिए अतीत बन गया। हत्या, लूट, जानलेवा हमले और नकली नोटों की तस्करी जैसे 34 से अधिक संगीन अपराधों में वांछित यह बदमाश लंबे समय से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। एक लाख रुपये का इनाम घोषित होने के बावजूद नफीस कानून को ठेंगा दिखाता रहा, लेकिन आखिर कार पुलिस की सतर्कता, रणनीति और साहस के आगे उसकी एक न चली। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं, बल्कि कांधला और कैराना पुलिस की जांबाजी का जीवंत उदाहरण है। कांधला थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार और कैराना कोतवाली प्रभारी समय पाल अत्री के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने अपनी जान जोखिम में डालकर इस दुर्दांत अपराधी का अंत किया और समाज को खौफ से मुक्त कराया था। इस बहादुरी और उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए एडीजी मेरठ भानु भास्कर ने दोनों अधिकारियों की पीठ थपथपाते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। रविवार को इसी सफलता पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े सोशल वर्कर डॉ. मुजक्किर, अनस और उनकी टीम ने थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांधला पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और अपराधियों के हौसले पस्त हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने सम्मान के लिए सोशल वर्करों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस का उद्देश्य जनता की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना है। अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और कांधला को अपराध मुक्त बनाना पुलिस की प्राथमिकता है। कांधला पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई ने यह साफ संदेश दे दिया है कि अपराध चाहे जितना बड़ा हो, कानून से ऊपर कोई नहीं। जनता और पुलिस के आपसी सहयोग से ही एक सुरक्षित और भयमुक्त समाज का निर्माण संभव है।

# सड़क हादसे में अलग-अलग हादसों में दो घायल

**समाज जागरण कांधला**

थाना क्षेत्र के गांव भभीसा में एक बाइक सवार को दूसरे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर लगने से बाइक सवार घायल हो गया, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। 108 एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। जनपद मुजफ्फरनगर के बुढाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल जब्बार रविवार को पानीपत से अपनी बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही बाइक सवार क्षेत्र के गांव भभीसा में पहुंचा तो इसी बीच अचानक गली से निकले बाइक सवार ने पीड़ित की



बाइक को टक्कर मार दी, और मौके से फरार हो गया। बाइक की टक्कर लगने से पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस को दी। सूचना पर 108 एंबुलेंस ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने पीड़ित की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव जिडाना निवासी किसान शिवदत्त पशुओं के लिए मशीन से चारा काट रहा था। इसी बीच पीड़ित का हाथ मशीन में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने पीड़ित को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उपचार के बाद पीड़ित को छुट्टी दे दी है।

# पन्द्रह लाख की चरस के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण कांधला।**
पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को लाखों रुपए की अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। शनिवार की शाम को




कस्बा इंचार्ज नरेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ गांव हाजीपुर दुगड्डा रजवाहे की पटरी पर संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने युवक को रोक कर पूछताछ की तो युवक कोई भी संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया, और मौके से भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 480 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिनके अंतरराष्ट्रीय कीमत पन्द्रह जो लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मोहसिन पुत्र जमशेद निवासी गांव हाजीपुर दुगड्डा बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि अवैध चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया था। जिसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

# साइबर सेवा केंद्र ने पीड़ित के खाते से ठगी गई रकम कराई वापस

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति के खाते से अज्ञात ठग ने ऑनलाइन एक लाख रुपए का फ्रॉड कर लिया था। पीड़ित ने साइबर सेवा केंद्र पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। साइबर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई प्रचलित है। कस्बे के जन्नत कॉलोनी निवासी इस्लाम पुत्र करमुद्दीन ने थाने पर शिकायत करते हुए बताया था कि




गत 2 नवंबर 2025 को पीड़ित के खाते से अज्ञात ठग के द्वारा एक लाख रुपए ऑनलाइन फ्रॉड कर लिए गए हैं। पुलिस ने मामले में अभियोग पंजीकृत करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने पीड़ित के खाते से ठगी गए रकम में से पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई। शेष धनराशि के संबंध में अग्रिम कार्रवाई प्रचलित है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित के खाते से एक लाख रुपए की रकम का फ्रॉड हुआ था।पीड़ित की पचास हजार रुपए की रकम वापस कराई गई है। शेष रकम के बारे में कार्रवाई जारी है। शीघ्र ही शेष रकम भी वापस कराई जाएगी।

# बीएलओ के बदलने जाने से हो रही परेशानियां

**समाज जागरण शामली।**
शहर के मतदान स्थलों पर पहुंचे मतदाताओं ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालय से लगातार बीएलओ को बदला जा रहा है। जिससे उनको बीएलओ को ढूढने में दिक्कते हो रही है। बीएलओ उनके मोहल्ले और घर तक नही पहुंचे। जो बीएलओ पहले थे, अब उनको बदल दिया गया। इसकी जानकारी नही दी जाती है, जिससे मतदाताओं को परेशानियों का सामना करना पडता है। उन्होने जिला निर्वाचन अधिकारी से बीएलओ को बार बार न बदले जाने की मांग की। साथ ही मांग की कि बीएलओं को निर्देशित किया जाये कि वह मतदाताओं से मधुर व्यावहार रखे।

# बांझपन कोई अभिशाप नहीं, डॉ विजेंद्र कुमार

**समाज जागरण शामली।**

शामली सीएचसी में तैनात एमबीबीएस, डीएनबी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेंद्र कुमार ने कहा कि बांझपन कोई अभिशाप नहीं है, बल्कि यह विभिन्न चिकित्सकीय कारणों से उत्पन्न होने वाली समस्या है। उन्होंने बताया कि बच्चे न होने के पीछे कई चिकित्सकीय कारण हो सकते हैं, जिनका समय रहते उपचार कराने से प्राकृतिक रूप से गर्भधारण संभव है। डॉ. विजेंद्र कुमार ने बताया कि महिलाओं में अंडाणुओं की सही वृद्धि न होना, फैलोपियन ट्यूब का ब्लॉक होना, गर्भाशय में गांठ या ट्यूमर, गर्भाशय की बनावट में विकृति, पीसीओडी, थायराइड व शुगर जैसी समस्याएं तथा हार्मोनल असंतुलन बांझपन के प्रमुख कारण हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकांश बीमारियों का इलाज संभव है और सही समय पर उपचार कराने से दंपति को संतान सुख मिल सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी महिला में अंडाणुओं की मात्रा बिल्कुल नहीं होती है, तो ऐसी स्थिति में अंडा डोनेशन, आईयूआई, आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीकों के माध्यम से भी संतान सुख प्राप्त किया जा सकता है। डॉ. विजेंद्र कुमार ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बांझपन की समस्या से परेशान दंपति सीएचसी शामली में आकर परामर्श लें, जहां योग्य चिकित्सकों द्वारा निशुल्क जांच व इलाज की सुविधा उपलब्ध है। केवल विशेष तकनीकी प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया जाएगा, जहां यह सुविधाएं भी सरकारी योजना के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों को छोड़कर समय पर चिकित्सकीय सलाह लेना ही इस समस्या का सही समाधान है।

# 1129 मतदान बूथों पर की गई दावे आपत्तियों की सुनवाई

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर रविवार को जनपद शामली के सभी 1129 मतदान बूथों पर दावे और आपत्तियों की सुनवाई की गई। इस विशेष अभियान के तहत शामली विधानसभा क्षेत्र के 372 मतदान बूथों तथा शहर क्षेत्र के 278 बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे और मतदाताओं को मतदाता सूची से संबंधित जानकारी प्रदान की।
बीएलओ ने नागरिकों को बताया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए और नाम, उम्र, पता अथवा अन्य विवरणों में यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो उसे समय रहते सुधारा जा सके। इसी उद्देश्य से बड़ी संख्या में नागरिक अपने-अपने मतदान बूथों पर पहुंचे। शहर के हिंदू कन्या इंटर कॉलेज, जैन कन्या इंटर कॉलेज, वीवी इंटर कॉलेज, आरके इंटर कॉलेज, नंदू प्रसाद प्राथमिक विद्यालय, गुजरा तियान बालिका विद्यालय, देशभक्त इंटर कॉलेज तथा बिग्रेडियर होशियार सिंह इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं ने सूची में अपने नाम, उम्र, पता व अन्य विवरणों की जांच की। जो मतदाता पहली बार मतदान के पात्र बने थे, उन्होंने फार्म-6 भरकर नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराया। वहीं विशेष गहन पुनरीक्षण (एस आई आर) के दौरान जिन मतदाताओं के नाम सूची में नहीं मिले या जिनके विवरण में त्रुटियां पाई गईं, उन्होंने मौके पर ही अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। बीएलओ ने नागरिकों को फार्म-6, फार्म-7 और फार्म-8 की प्रक्रिया की जानकारी भी दी और बताया कि नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार के साथ मतदान केन्द्रों पर पहुंचे। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय शामली विनय कुमार सिंह भदौरियां ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का प्रारंभिक प्रकाशन 6 जनवरी को किया जा चुका है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि के दौरान आयोग द्वारा 17 जनवरी, 18 जनवरी, 31 जनवरी तथा 1 फरवरी को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई हैं।

उन्होंने बताया कि दावे एवं आपत्तियां 6 फरवरी 2026 तक स्वीकार की जाएंगी।विशेष अभियान के अंतर्गत सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ एवं पदाभिहित अधिकारी, बूथ लेवल एजेंटों के साथ प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक मतदाताओं से दावे व आपत्तियां प्राप्त करेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य आगामी चुनावों से पहले मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है।

# पुरानी रंजिश को लेकर पशु व्यापारियों के दो गुटों में मारपीट पथराव

**समाज जागरण**
शामली। (फुरकान जंग) थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत में रविवार सवेरे पशु व्यापारियों में कहासुनी के बाद मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। वही छत से ईट पत्थर भी फेंके गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के कस्बा बनत के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी शमीम व मोहल्ले के ही आसिफ दोनों पशु व्यापारी है। बताया जाता है कि दोनों के बीच पिछले काफी दिनों से विवाद चला आ रहा हैं। जिसमें हरियाणा के पाही



पुलिस द्वारा दोनों पक्षों पर कार्यवाही भी जा चुकी है। आरोप है कि रविवार को शमीम अपने घर पर बैठा था तभी आसिफ, कासिफ व अन्य लोग घर पर पहुंचे और गाली गलौच शुरू कर दी। जिसका शमीम पक्ष के लोगों ने विरोध किया तो मकान पर हवाई फायरिंग की, जिसमें एक गोली मकान की दीवार में लगी है। वही दूसरे पक्ष की ओर से पत्थरबाजी की गई। जिससे मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना पाकर थाना आदर्शमंडी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देख सभी भाग खडे गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना आदर्शमंडी प्रभारी बीनू सिंह ने बताया कि विवाद का कारण स्पष्ट नही है। दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। फायरिंग के साक्ष्य नही मिले।

# प्रारंभिक मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का आरोप

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) जिला कांग्रेस कमेटी शामली के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एस आईआर प्रक्रिया के प्रथम चरण के उपरांत जारी प्रारंभिक मतदाता सूचियों में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए निर्वाचन कार्यालय प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि 6 जनवरी को जारी की गई मतदाता सूचियां संदेहास्पद प्रविष्टियों से भरी हुई हैं, जिससे निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदान प्रक्रिया में गड़बड़ियों को लेकर पूर्व में प्रेस



कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रमाण सहित आपत्तियां दर्ज कराई जा चुकी हैं। वही परिस्थितियां जनपद शामली में भी देखने को मिल रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ला कलंदरशाह में एक ही मकान में अस्वाभाविक रूप से अत्यधिक संख्या में मतदाता दर्ज हैं। मकान संख्या 43 में 32 मतदाता तथा मकान संख्या 116 में 114 मतदाता दर्ज पाए गए हैं। यदि उप-मकान संख्याएं जोड़ी जाएं तो एक ही मकान में मतदाताओं की संख्या 257 तक पहुंच रही है, जो अत्यंत संदेहास्पद है। इसी मोहल्ले में एक अन्य मकान में 45 मतदाता दर्ज होने की बात भी कही गई। कांग्रेस ने बड़ी संख्या में मकान संख्या 0 या 00 पर दर्ज मतदाताओं पर भी आपत्ति जताई। घेर बुखारी, गुजरातियान वार्ड सहित विभिन्न क्षेत्रों में अब तक 100 से अधिक ऐसे मतदाता सामने आए हैं जिनकी मकान संख्या शून्य दर्शाई गई है। इसके अलावा ग्राम भाजू में मकान संख्या से संबंधित गंभीर त्रुटियां, ग्राम कुड़ाना एवं भिक्का माजरा में कई मतदाताओं के पहचान पत्रों पर फोटो का अभाव, तथा कुछ स्थानों पर एक ही मकान में अलग-अलग धर्मों के मतदाताओं की संदिग्ध प्रविष्टियों का भी उल्लेख किया गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि दयानंद नगर के मकान संख्या 232 में 89 मतदाताओं की प्रविष्टि को लेकर पहले ही समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हो चुकी है। अब तक शामली विधानसभा क्षेत्र की लगभग 46 मतदाता सूचियों में इस प्रकार की गंभीर त्रुटियां पाई गई हैं। कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी की महिला जिला उपाध्यक्ष डॉ. नसरीन तथा जिला महासचिव पुनीत शर्मा के परिजनों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज नहीं पाए गए हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र राघव, जिलाध्यक्ष अखलाक प्रधान, निर्भय सिंह, सन्नी गुप्ता मौजूद रहे।

# फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लगी लंबी लंबी कतारें

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) शहर के सबसे व्यस्ततम मार्गों में शामिल धीमानपुरा रेलवे फाटक पर रविवार को डीएमटी मालगाड़ी द्वारा रेलवे लाइन पर पत्थर डालने का कार्य किए जाने के कारण करीब आधा घंटा तक यातायात पूरी तरह ठप रहा। फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। फाटक खुलने के बाद भी लगभग एक घंटे तक शहर के विभिन्न हिस्सों में जाम की स्थिति बनी रही। रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे डीएमटी मालगाड़ी धीमानपुरा रेलवे फाटक पर पहुंची। इसके बाद शामली रेलवे स्टेशन से लेकर सहारनपुर रेलवे लाइन की ओर ट्रैक पर पत्थर डालने का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान सुरक्षा कारणों से दोपहर 1:15 बजे तक फाटक बंद रखा गया। फाटक बंद होते ही सड़क के दोनों ओर कार, बाइक, ऑटो, ई-रिक्शा और भारी वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। फाटक बंद रहने के कारण न केवल वाहन चालक बल्कि पैदल यात्री भी बीच रास्ते में फंस गए। मालगाड़ी खड़ी होने के कारण लोगों को आवागमन का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं मिल सका। जल्दबाजी में कई लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालते हुए मालगाड़ी के नीचे से निकलने या उसके ऊपर चढ़कर फाटक पार करने का प्रयास किया। स्थिति को देखते हुए आरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर रोका, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। फाटक खुलते ही दोनों ओर से एक साथ वाहनों की भीड़ आगे बढ़ने लगी, जिससे जाम और भी विकराल हो गया। जाम की स्थिति धीमानपुरा फाटक से शुरू होकर गुरुद्वारा तिराहा, रेलपार बाईपास, कुड़ाना रोड, भिक्की मोड़ और शिव चौक तक फैल गई। जाम में फंसे वाहन चालकों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। जाम खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्था संभाली। पुलिसकर्मियों ने वन-वे कर यातायात को धीरे-धीरे आगे बढ़ाया, लेकिन वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण यातायात सामान्य होने में काफी समय लग गया। करीब एक घंटे बाद भी शहर में कई स्थानों पर जाम की स्थिति पूरी तरह समाप्त नहीं हो सकी। जाम के चलते बुजुर्गों, महिलाओं और मरीजों को विशेष परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई लोग समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच सके।

# शिविरों में मतदाताओं की कम उपस्थिति जागरूकता की कमी, सुधीर पंवार

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) एस आई आर के बाद तैयार ड्राफ्ट मतदाता सूची में आपत्तियों के निस्तारण व नए मतदाताओं के पंजीकरण हेतु लगाए गए विशेष शिविरों में समाजवादी पार्टी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) मतदाताओं की सहायता के लिए मौजूद रहे। सपा नेता प्रो. सुधीर पंवार ने थानाभवन विधानसभा क्षेत्र के सोट्टा, भनेड़ा जट, बुटराड़ा सहित कई गांवों के बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि शिविरों में



मतदाताओं की कम उपस्थिति से जागरूकता की कमी स्पष्ट होती है। कई स्थानों पर बीएलओ की अनुपस्थिति, विवाहित महिलाओं के दस्तावेजों से जुड़ी समस्याएं तथा वैकल्पिक व्यवस्था न होने के कारण मतदाताओं को परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि अभी भी मतदाता सूची में डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं के नाम दर्ज हैं।


इन विसंगतियों को दूर करने के लिए चुनाव आयोग को और प्रभावी प्रयास करने की आवश्यकता है।

# डीएम ने फॉर्म छह भरकर युवाओं को मतदान का संदेश दिया

अठारह वर्ष पूर्ण करते ही मतदाता बनना लोकतंत्र की पहली जिम्मेदारी

जिले में मतदाता सूची पठन कार्यक्रम का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

लोकतंत्र की मजबूती के लिए जिला प्रशासन ने युवाओं को मतदान से जोड़ा



**समाज जागरण बागपत।**
भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में रविवार को मतदाता सूची पठन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम अस्मिता लाल ने लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल करते हुए स्वयं 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके एक नागरिक का फॉर्म-6 भरकर उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराया। डीएम की इस पहल ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि युवाओं की भागीदारी के बिना लोकतंत्र सशक्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता बनना न केवल उसका संवैधानिक अधिकार है बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य भी है। उन्होंने नवयुवकों से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण होते ही अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज कराएं। भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में 18 जनवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आलेख्य मतदाता सूची का पठन कर नागरिकों को सुनाया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएम ने विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया तथा मौके पर प्राप्त आवेदन पत्रों में पाई गई त्रुटियों को तुरंत ठीक कराया। उन्होंने फार्म-6, 7 एवं 8 के माध्यम से मतदाता नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी नागरिकों को दी। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर एवं अन्य संबंधित कर्मियों के कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित न रहे और सभी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण किए जाएं।

# ब्रह्माकुमारी संस्थान में ब्रह्मा बाबा का मनाया गया पुण्य स्मृति दिवस

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत के कोर्ट रोड स्थित मेडिटेशन सेंटर में विश्व शांति दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का पुण्य स्मृति दिवस श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया।कार्यक्रम में गीता दीदी ने ब्रह्मा बाबा के जीवन, उनकी विशेषताओं, विचारों, प्रेरणाओं एवं आचरण पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ब्रह्मा बाबा ने वर्ष 1936 में इस आध्यात्मिक संस्था की स्थापना की। वर्ष 1950 में राजस्थान के माउंट आबू आगमन के दौरान उनका जीवन संघर्षों से भरा रहा, लेकिन सादगी, सच्चाई, ईमानदारी, पवित्रता और आत्मिक मूल्यों के बल पर उन्होंने मानवता को नई दिशा दी। गीता दीदी ने कहा कि ब्रह्मा बाबा का जीवन दुखी और अशांत मानव को नई चेतना एवं नया जीवन देने का संदेश था। जो भी व्यक्ति उनके संपर्क में आता, वह शांति, प्रसन्नता और मुस्कान के साथ लौटता था। कार्यक्रम में ब्रह्मा बाबा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्रह्मा भोजन का भी आयोजन किया गया। उपस्थित भाई-बहनों ने ब्रह्मा बाबा के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में धारण करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मोके पर नीरज वर्मा, अमन कुमार, मीरा, बबिता आदि भाई बहन मौजूद रहे।

# दिल्ली के प्रथम उपराज्यपाल डॉ आदित्य नाथ झा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**समाज जागरण बागपत।**
दिल्ली के प्रथम उपराज्यपाल, प्रख्यात प्रशासक एवं पद्म विभूषण से सम्मानित डॉ आदित्य नाथ झा की पुण्य स्मृति में उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के सचिव डॉ भरत झा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ आदित्य नाथ झा के राष्ट्र निर्माण, प्रशासनिक सुधारों तथा सार्वजनिक जीवन में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करना है। समाजसेवी एवं संस्कृत के प्रकांड विद्वान ,ज्योतिष एवं वास्तुकला के मर्मज्ञ पंडित गोपाल झा ने कहा कि इस श्रद्धांजलि समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी आर्यनाथ झा ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः श्रद्धा, सम्मान और राष्ट्रीय चेतना को समर्पित था। संस्था द्वारा समाधि स्थल पर वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर गुरु शरणम के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ धर्मपाल भारद्वाज, निष्ठा ध्वनि के संदीप कुमार,युवा नेता जतिन राणा, बैटर टूमोरो फाउंडेशन की संस्थापक डॉ ममता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।



# आदमपुर में नदी जनजागरूकता अभियान को लेकर हुआ संवाद कार्यक्रम

**समाज जागरण बागपत।**



एनवायरनमेंट एंड सोशल रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में ग्राम आदमपुर में नदी जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गांव की 35 महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के निदेशक संजय राणा ने कहा कि नदियां केवल जल स्रोत नहीं होतीं, बल्कि सभ्यताओं की जीवनरेखा होती हैं। जब नदियां मरती हैं, तो सभ्यताएं भी विलुप्त होने लगती हैं। इसलिए नदियों का संरक्षण एवं स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण, स्वच्छता और नदियों को प्रदूषण से बचाने के लिए परिवार और समाज में जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर संस्था के कार्यक्रम समन्वयक देशवीर नैन ने कहा कि पानी का संकट जब भी आता है, उसके सबसे अधिक दुष्परिणाम महिलाओं को ही झेलने पड़ते हैं। जल संकट का सीधा प्रभाव महिलाओं के स्वास्थ्य, समय और सामाजिक भूमिका पर पड़ता है, इसलिए महिलाओं की भागीदारी के बिना जल संरक्षण संभव नहीं है। संवाद कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने जल, नदी और पर्यावरण से जुड़े अपने अनुभव साझा किए तथा स्थानीय स्तर पर नदियों और जल स्रोतों को बचाने के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में अनुज, धीरज, रूपा, राखी, आरती, नीतू, सविता, नेहा, बबली, सोनिया, अन्नू, मेघा सहित अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही। संस्था ने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से ग्रामीण समुदाय, विशेषकर महिलाएं, नदी और जल संरक्षण के लिए संगठित होकर सकारात्मक भूमिका निभाएंगी।

# दून कारिडोर पर कोहरे में भिड़ी दो कार, सात घायल

**समाज जागरण**
खेकड़ा। दिल्ली देहरादून ग्रीन फिल्ड कोरिडोर पर कोहरे में मवीकलां गांव में दो कार की भिडंत में सवार सात लोग घायल हुए। गंभीर हालत में शामली के तीन को हायर सेंटर रेफर किया जबकि बाकी अन्य को सामान चोटें रही। शामली के तितरौ निवासी आरिफ पुत्र इकबाल अपनी बलैनो कार से शामली के कच्ची गढ़ी निवासी उसमान, मुज्जमिल व फज्जाकिर पुत्रगण तहसीन को शनिवार सुबह दिल्ली हवाई अड्डे से लेकर वापस लौट रहा था। मवीकलां गांव के पास से दिल्ली देहरादून ग्रीन फिल्ड कोरिडार पर एंट्री की पर रास्ता बंद होने के कारण कार को वापस मोड़ दिल्ली यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर लौट रहा था। तभी सामने से आती तेज रफ्तार कार ने कोहरे में सीधी टक्कर मार दी। इससे दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई। जबकि बलैनो सवार चारों के अलावा दूसरी कार में सवार दिल्ली डिफेंस कालोनी निवासी मनीष कुमार पुत्र नरेंद्र, करोलबाग निवासी रागवी तिवारी पुत्री देवेशचंद व साथी राजकुमार घायल हुए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भर्ती कराया। इलाज के बाद शामली के तीनों भाइयों को हायर सेंटर रेफर किया जबकि अन्य चारों को हल्की चोट लगने पर घर भेजा गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे पर खड़ा कराया।



# दंगल में पहलवानों ने दिखाते जौहर घोड़ा पहलवान ने मारी कुश्ती


**समाज जागरण चांदीनगर।**
ढिकौली गांव मे हर माह आयोजित दगंल का आयोजन किया गया। जिसमे क्षेत्र के सैकड़ों लोगो ने दंगल का लुफ्त उठाया और पहलवानों को आशीर्वाद



दिया। ढिकौली गांव मे हर माह एक दंगल का आयोजन किया जाता है। जिससे क्षेत्र में पहलवानी का जज्बा बना रहे। और कुश्ती लोगो का मनोरंजन के साथ साथ देश के लिए पहलवान तैयार किया जा सके। काठा के विराट पहलवान ने चोर मऊ के अजय पहलवान को हराया। ढिकौली के आरव पहलवान नें चोर मऊ के रोबिन पहलवान को हराया। काठा के दौलत पहलवान नें खेडा हटाना के दीपक पहलवान को हराया। भैड़ापुर के घोडा पहलवान ने काठा के शिवा पहलवान को हराया। दगंल मे रेफरी की भूमिका बिटू पहलवान ने निभाई। वही ग्रामीणों ने सहयोग किया।

# अज्ञान शास्त्र पढने से नहीं सन्त समागम से टूटता है : विमर्श सागर

**समाज जागरण बागपत।**



अजितनाथ सभागार मंडी बड़ौत में धर्मसभा के मध्य आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने कहा कि शास्त्र पढ़ने से ज्ञान की वृद्धि होती है और सन्त समागम से अज्ञान का नाश होता है। अज्ञान का नाश होने के उपरान्त व्यक्ति आचरण को अंगीकार कर लेता है। इसलिए जैन दर्शन में आचार्य उसी को माना गया है। जो ज्ञान व आचरण दोनों से युक्त है। जो मात्र ज्ञान को ही मिथ्यात्व व संसार को हटाने वाला मानता है उसकी बुद्धि उल्लू के समान होती है। जैसे उल्लू सूर्य के प्रकाश को अंधकार का कारण मानता है। उसी प्रकार तथाकथित ज्ञान सन्त के समागम को अज्ञान की वृद्धि मानता है और शस्त्र अध्ययन को केवलज्ञान का दाता मानता है। आचार्य श्री ने कहा कि महावीर का मार्ग संकल्प का मार्ग है। उन्होंने आचार्य की गुरू गरिमा रूप उपमाओं का विश्लेषण करते हुए बतलाया कि साधू सिंह या पराक्रमी होता है। जैसे सिंघो का संगठन नहीं होता, उसी प्रकार साधु का भी संगठन नहीं होता। सिंह मरना स्वीकार कर लेता है पर घास खाना नहीं। उसी प्रकार साध समाधि स्वीकार कर लेता है पर मिथ्यात्व का सेवन नहीं। सभा में महेंद्र जैन, मुकेश जैन, प्रदीप जैन, वरदान जैन, संजीव जैन, वकील चंद जैन, मदन जैन, जितेंद्र जैन, सतीश जैन आदि उपस्थित थे।

# ट्रक ने लगाए ब्रेक तो टकराते गए आठ वाहन, कई घायल

**समाज जागरण**
खेकड़ा। दिल्ली देहरादून के एलिवेटेड रोड पर हसनपुर मसूरी के पास कोहरे में ईंट लदे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने पर एक एक कार आठ वाहन एक दूसरे से टकरा गए। दुर्घटना में वाहनों में सवार कई मामूली रुप से घायल हुए। पुलिस ने वाहनों को हटवाकर आवगगन चालू कराया। दुर्घटनास्थल के पास एक कार भी पलटी मिली है कि पलटने का कारण पता नहीं लग सका। रविवार सुबह छाए घने कोहरे में सुबह करीब 8:20 बजे दिल्ली देहरादून ग्रीन फिल्ड कारिडोर के एलिवेटेड रोड पर हसनपुर मसूरी के पास दुर्घटना हुई। लोनी से बागपत की तरफ जा रहे ईंट लदे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगाए। तभी पीछे चल रहे दूसरे ट्रक को रोकने के लिए चालक ने ब्रेक लिए पर गति अधिक होने पर ट्रक आगे दौड़ते ईंट लदे ट्रक से टकराया। फिर दिल्ली के प्रमोद बत्रा की कार ट्रक से टकराई। इसके बाद करीब छह वाहन आसपास में टकराते चले गए। दुर्घटना में नोएड़ा निवासी ईको चालक वेदराम, हाथरस निवासी रामनिवास के अलावा भी कई लोगों के वाहन टकराए। सवार सभी लोगों को मामूली चोटें लगी है। पता लगने पर पहुंची पुलिस ने सभी वाहनों को हटवाकर आवागमन सुचारू कराया। दुर्घटनास्थल के पास एक कार भी पलटी हुई मिली। लेकिन कार कैसे पलटी और कार में कौन सवार था। इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। क्योंकि कार ने तो इस दुर्घटना में पलटी है और न ही पलटी हुई कार में सवार कोई व्यक्ति मौके पर मिला। पुलिस ने कार रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार से मिले नंबर पर काल की तो मालिक लेखराज निवासी चंदावली फरीदाबाद ने बताया कि यह कार उसके भाई के पास है इससे अधिक जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी।



# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों में कोहराम

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की देर रात विषैले पदार्थ के सेवन के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां रविवार सवेरे उसने दम तोड दिया। पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झिंझाना क्षेत्र के गांव लपराना निवासी 34 वर्षीय रोबिन पुत्र बोलू गत शनिवार देर शाम सडक पर बेहोशी ही हालत में पडा मिला। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा डायल-112 पुलिस को देते हुए बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा रोबिन को विषैला पदार्थ खिला दिया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों कां जानकारी देते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां रोबिन को उपचार दिया गया, लेकिन रविवार सवेरे उसने उपचार के दौरान दम तोड दिया। सूचना पाकर झिंझाना पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही परिजनों ने बताया कि रोबिन अत्याधिक शराब पीता था और शराब के सेवन के कारण ही उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक अपने पीछे दो बच्चे छोड गया है।

# यमुना में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली, खतरे में पड़ी आठ लोगों की जान, गोताखोरों ने खींचकर बाहर निकाला

**समाज जागरण**
बागपत। किसान यमुना नदी पार कर हरियाणा की तरफ जा रहे थे, तभी ट्रैक्टर ट्रॉली नदी में पलट गई। किनारे पर बैठे गोताखोर तुरंत नदी में कूद पड़े और महिलाओं समेत अन्य लोगों की जान बचाई। एसडीएम ने इस तरह से यमुना पार करने की अपील की है। शहर में पक्का घाट के सामने यमुना में शनिवार सुबह ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवार आठ किसानों और मजदूरों ने कूदकर जान बचाई, जिन्हें गोताखोरों ने किनारे तक पहुंचाया। इसके बाद दूसरा ट्रैक्टर मंगाकर यमुना नदी में पलटे ट्रैक्टर-ट्रॉली को खींचकर बाहर निकाला गया। शालीग्राम मंदिर के पास रहने वाला किसान जुनैद शनिवार सुबह साथी किसान रिजवान, इमरान के साथ मजदूर शौकीन, बीरमती, सुनीता, विमला, लोकेश देवी को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लेकर हरियाणा की तरफ खेत में काम करने जा रहा था। जैसे ही पक्का घाट के पास से यमुना नदी पार करने लगे तो ट्रैक्टर का पहिया यमुना नदी में बने कुंड में फंस गया। इससे ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर यमुना नदी में पलट गए। किसान जुनैद, रिजवान, इमरान और मजदूर शौकीन, बीरमती, सुनीता, विमला, लोकेश देवी पानी में गिरने लगे तो उन्होंने शोर मचा दिया। यमुना किनारे बैठे गोताखोर मुस्ताक और आजाद समेत अन्य लोगों ने किसानों और मजदूरों को बचाया और उनको किनारे पर पहुंचाया। इसके बाद यमुना में फंसे ट्रैक्टर-ट्रॉली को दूसरे ट्रैक्टर को मंगवाकर रस्सा बांधकर बाहर खींचा गया। यमुना में पहले भी हो चुके हैं हादसे यमुना नदी पार करते समय पहले भी कई बार हादसे हो चुके हैं। इसमें वर्ष 2017 में काठा में यमुना नदी में किसानों और मजदूरों की नाव पलट गई थी। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई थी। इसके अलावा बागपत के पुराने कस्बे में एक युवती की डूबने से मौत हो गई थी। तीन महीने पहले भी बुग्गी पलटने से उसमें बैठकर जा रहे पांच किसान यमुना में गिर गए थे और उनको भी गोताखोरों ने बचाया था। ये बोले अधिकारी यमुना नदी में ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने का मामला संज्ञान में नहीं है। कर्मियों को भेजकर इसके बारे में पता कराया जाएगा। इस तरह यमुना नदी पार करना खतरनाक साबित हो सकता है। किसानों और मजदूरों को खुद भी सावधानी बरतनी चाहिए।

# जानलेवा हमले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**
कैराना। घर में घुसकर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

चार मार्च 2025 को गांव खुरगान में असलम के घर में घुसकर गाली-गलौज और लाठी-डंडों से हमला किया गया था। आरोपियों ने उसके भाई अफसर और उसकी पुत्री के ऊपर पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया था। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया था। 30 दिसंबर 2025 को पुलिस ने आरोपी इस्तकार को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था। जबकि दूसरे आरोपी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। रविवार को पुलिस ने तीसरे आरोपी राशिद निवासी गांव रतौंध थाना झिंझाना को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी का चालान कर दिया गया है।

# नशे की हालत में सड़क किनारे मिले युवक की मौत

**समाज जागरण झिंझाना**

क्षेत्र के गांव लपराना निवासी रॉबिन पुत्र भोलू कश्यप की अस्पताल में मृत्यु हो गई है। गत रात्रि परिजनों ने उसे नशे की हालत में 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां पर उसकी गंभीर हालत देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मेरठ रेफर कर दिया, लेकिन परिजन उसे मेरठ नहीं ले जा सके।जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शनिवार की देर शाम को गांव लपराना निवासी रोबिन उम्र 34 वर्ष पुत्र भोलू कश्यप नशे की हालत में गांव के बाहर सड़क किनारे पड़ा मिला था। जिसके बाद परिजनों द्वारा रोबिन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर देर रात्रि में हालत बिगड़ने चिकित्सक द्वारा उसे हायर सेंटर रेफर किया था। लेकिन परिजनों उसे हायर सेंटर नहीं ले गये ओर रविवार को सुबह लगभग 6 बजे उपचार के दौरान युवक की मृत्यु हो गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक शादीशुदा था और मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। रविवार की देर शाम शव गांव पहुंचा जिसका परिजनों द्वारा गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया।कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी योगेश कुमार ने बताया मामले की सूचना मिली थी शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

# गणतंत्र दिवस पर महाविद्यालय के संयम शर्मा करेंगे कर्तव्य पथ पर परेड

**समाज जागरण**

कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी से सीनियर कैडेट संयम शर्मा का चयन आरडीसी में कर्तव्य पथ पर परेड करने के लिए हुआ है, जिससे महाविद्यालय में खुशी की लहर है। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में कर्तव्य पथ पर तीनों सेनाओं के सैनिक कौशल दिखाते हुए मार्च कर शौर्य का प्रदर्शन करते है, उसी के क्रम में हर बार की भांति इस बार भी एनसीसी आर्मी यूनिट के कैडेट्स भी पथ संचलन कर एकता, अनुशासन एवं धैर्य का परिचय देते है। सीनियर कैडेट संयम शर्मा पुत्र मोहित शर्मा गांव बधेव कन्नू खेड़ा के निवासी है एवं 85 बटालियन एनसीसी शामली में उत्तम कैडेट होने के साथ साइंस के विद्यार्थी भी है। संयम शर्मा ने बताया कि उनका सपना भारतीय सेना में अफसर बनकर मां भारती की सेवा करना है। वहीं, संयम शर्मा के चयन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हरेंद्र सिंह, एनसीसी प्रभारी एवं समस्त प्राध्यापकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।



# दबंगों ने दो दोस्तों के साथ की मारपीट

**समाज जागरण**
कैराना। दो दोस्तों ने कुछ दबंग युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला आलकलां निवासी रिहान व साकिब मोहल्ले में ही बैठे हुए थे। आरोप है कि कुछ दबंग युवक वहां पहुंचे और उनके साथ गाली–गलौज करते हुए लाठी–डंडों से बुरी तरह मारपीट की, जिस कारण वह दोनों घायल हो गए। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में पीड़ितों ने कोतवाली में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**समाज जागरण**

कैराना। मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में आस्था की डुबकी लगाई। हालांकि, श्रद्धालुओं की संख्या कम ही नजर आई। रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर सुबह से ही यूपी और हरियाणा के श्रद्धालु यमुना नदी पर पहुंचने शुरू हो गए थे। श्रद्धालुओं ने यमुना नदी में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य अर्पण किया। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित करके यमुना नदी में प्रवाहित किए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने पूर्वजों की शांति के लिए सूर्य और विष्णु भगवान की पूजा–अर्चना की। इसके अलावा ब्राह्मणों को वस्त्र, मिष्ठान और दक्षिणा भेंट की गई। यमुना किनारे पर प्रशासन द्वारा महिलाओं के लिए अस्थाई वस्त्र चेंजिंग रूम बनाए गए थे। हालांकि, यमुना नदी पर श्रद्धालुओं की संख्या कम ही नजर आई। सुरक्षा के दृष्टिगत यमुना नदी पर पुलिस व गोताखोर तैनात रहे।



# हाईवे पर दर्दनाक हादसा, बस की टक्कर से मां की मौत, बेटा गंभीर घायल

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर भारसी मोड़ के निकट रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीछे से आ रही एक बस ने बाइक सवार मां-बेटे को टक्कर मार दी, जिससे 55 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई है।
रविवार को नई दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी युवक संजय अपनी मां किरणदेवी (55) के साथ बाइक पर सवार होकर शामली कोतवाली क्षेत्र के गांव बलवा में रिश्तेदारी में आए हुए थे। दोनों बाइक से वापस दिल्ली लौट रहे थे। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर भारसी मोड़ के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।टक्कर लगने से मां-बेटा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तुरंत 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस कर्मियों ने दोनों घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने किरणदेवी को मृत घोषित कर दिया। घायल युवक संजय को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।सूचना मिलने पर मृतका के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना प्रभारी सतीश कुमार का कहना है कि आरोपी बस चालक की तलाश की जा रही है, जल्दी बस को पकड़ कर चालक को जेल भेजा जाएगा।

# हरियाणा में स्टेज 3 व 4 के कैंसर पीड़ितों को मिलती है मासिक पेंशन

- सभी आयु वर्ग के स्टेज 3 व 4 के कैंसर पीड़ितों को दिया जा रहा है योजना का लाभ

**समाज जागरण**

कालांवाली 18 जनवरी (सुरेश जोरासिया) हरियाणा सरकार की ओर से स्टेज 3 व 4 के सभी आयु वर्ग के कैंसर पीड़ितों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है। यह सहायता उन कैंसर मरीजों को दी जा रही है जिनके परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपए तक है। वर्तमान में जिला के 302 कैंसर पीडित व्यक्तियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पेंशन सीधे बैंक खातों में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन व्यवस्था (पीएफएमएस) के जरिये स्थानांतरित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए पात्र आवेदक को सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा सत्यापित दस्तावेजों को सरल केंद्र के माध्यम से अपलोड करना होगा। इसके साथ आधार कार्ड भी अपलोड करना होगा। इसके बाद कैंसर पीड़ित मरीज की पेंशन शुरू हो जाएगी। आवेदक हरियाणा का निवासी होना चाहिए तथा उसके पास परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) पारिवारिक आईडी होनी चाहिए, स्टेज तीन व चार के सभी कैंसर पीड़ित इस योजना के तहत पात्र होंगे।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलोड ने जिला के कैंसर की स्टेज तीन व चार से पीड़ित मरीजों से सरकार की इस योजना का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# रिटायर्ड ईटीओ दीवान सिंह रंगा के निधन पर हजारों गणमान्य नागरिकों ने किया शोक प्रकट

## स्व दीवान सिंह रंगा के एक सुपुत्र सुनील रंगा भिवानी में पब्लिक हेल्थ में एसई तथा दूसरा बेटा संजय रंगा बिजली विभाग भिवानी में एक्सईन है

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**



भिवानी/दादरी, 18 जनवरी। रिटायर्ड ईटीओ दीवान सिंह रंगा की तेहरवीं पर रविवार को उनके पैतृक गांव मकड़ाना में विभिन्न सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों तथा राजनेताओं ने शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वे ईटीओ पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके बेटे सुनील रंगा जन स्वास्थ्य विभाग में अधीक्षण अभियंता, दूसरे बेटे संजय रंगा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम में कार्यकारी अभियंता, बेटी डॉ सरोज डिप्टी सिविल सर्जन तथा दामाद डॉ राजवीर सिंह डिप्टी सिविल सर्जन के पद पर कार्यरत है। स्वर्गीय दीवान सिंह के फूफाजी जी सूबेदार प्रभु सिंह सरकार में मंत्री तथा राज्यसभा सांसद भी रहे हैं।

विधायक उमेद पातुवास ने कहा कि स्व. दीवान सिंह रंगा शिक्षा और संस्कारों के प्रति अपने परिवार के साथ-साथ समाज के युवाओं को भी जागरूक करते थे।स्व. दीवान सिंह रंगा सामाजिक होने के साथ-साथ धर्म में आस्था रखने वाले इंसान थे। आज रविवार को परिवार जनों में गांव मकड़ाना में 30 से अधिक त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्व दीवान सिंह रंगा भिवानी के डॉ अंबेडकर भवन, जीतू वाला जोड़ धर्मशाला सहित अनेक धार्मिक संस्थानों में दिल खोलकर दान देते थे।

उन्होंने कहा कि परिवार के लिए यह अपूर्णीय क्षति है, लेकिन परमात्मा की इच्छा के आगे मनुष्य को झुकना ही पड़ता है। उनकी आत्मा को अपने चरणों मे स्थान दें और परिवार को यह दुःख सहन करने की भक्ति प्रदान करें।

विधायक उमेद पातुवास के अलावा भिवानी महेंद्रगढ़ से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, जन स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख अभियंता देवेंद्र सिंह दहिया, भाजपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक, बवानीखेड़ा नगर पालिका के अध्यक्ष सुंदर अत्री, पूर्व विधायक रामकिशन फौजी, पब्लिक हेल्थ के चीफ इंजीनियर जसवंत सिंह, सुधीर चंदवास, मामन चंद वर्मा, कामरेड ओमप्रकाश , यशेंद्रनाथ ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है। अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने शोक सभा में पंहुचकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। विभिन्न सामाजिक संगठनों, खाप प्रतिनिधियों की ओर से इंजीनियर सुनील रंगा को पगड़ी पहनाई गई। इस दौरान स्व. दीवान सिंह रंग के भाइयों, भतीजों सहित पूरा परिवार उपस्थित रहा।

# झड़ौदा में हैल्थ चेकअप कैंप में 70 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**समाज जागरण, अश्विनी वालिया**



नई दिल्ली ओम हेल्प फाउंडेशन द्वारा आज बुराड़ी विधानसभा के झड़ौदा गांव की बाल्मीकि चौपाल में निःशुल्क मल्टीस्पेशलिटी हैल्थ चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ डॉ कविता त्यागी व कांग्रेसी नेता मंगेश त्यागी ने संयुक्त रूप से रिबन काट कर किया। इस कैंप में सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली की वरिष्ठ हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ कविता त्यागी की अध्यक्षता में विभिन्न विशेषज्ञ डाक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। आंखों के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने नेत्र जांच की और ग्रामीणों को आंखों की देखभाल से जुड़ी सलाह दी। वहीं कलोव डेंटल क्लिनिक की टीम ने दंत परीक्षण किया वहीं फिट नेचुरल संस्था की डॉ मनीषा ने मरीजों का बीएमआई टेस्ट करके स्वस्थ जीवन शैली बारे सलाह दी।

इस स्वास्थ्य शिविर में डॉ कविता त्यागी व अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों ने लगभग 70 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। कैंप में बीपी,शुगर और ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई टेस्ट, सीबीई टेस्ट जैसी जरूरी जांचें भी निःशुल्क की गईं।

# मुख्यमंत्री ने पंचकूला में विकसित भारत-जी राम जी मिशन कार्यक्रम में शिरकत की, श्रमिकों से किया संवाद




पंचकूला, 18 जनवरी, 2026 मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने पंचकूला में आयोजित विकसित भारत-जी राम जी मिशन के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने मिशन से जुड़े ग्रामीण और शहरी श्रमिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं और योजना से जुड़े अनुभवों को सुना।

मुख्यमंत्री ने योजना के नई प्रावधानों का विवरण देते हुए कहा कि रोजगार गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन करने का निर्णय किसानों और ग्रामीण श्रमिकों के हित में लिया गया है। इस सुधार से न केवल श्रमिकों की आय में बढ़ोतरी होगी, बल्कि उन्हें रोजगार के अधिक स्थायी अवसर भी उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सुधार से देशभर में ग्रामीण अकुशल श्रमिकों की वार्षिक आय में औसतन 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है, जबकि हरियाणा में प्रत्येक श्रमिक की आय में कम से कम 50,000 वार्षिक वृद्धि का अनुमान है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से कहा कि यह पहल केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनकी जीवन गुणवत्ता और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और असमानता को कम करने पर विशेष जोर दिया गया है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि मिशन के तहत राज्य में व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण, कौशल विकास और रोजगार गारंटी सुनिश्चित की जा रही है। इसके अलावा, योजना के नए प्रावधानों और लाभ वितरण प्रणाली की पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि लाभ सीधे और समय पर लाभार्थियों तक पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने योजना के महत्व को समझाते हुए कहा कि रोजगार गारंटी बढ़ाने से न केवल आय में वृद्धि होगी बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सशक्तिकरण भी सुनिश्चित होगा। उन्होंने श्रमिकों को प्रोत्साहित किया कि वे योजना का अधिकतम लाभ उठाएं और अपनी आय एवं कौशल क्षमता को बढ़ाएं।

कार्यक्रम में पंचकूला के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रमिक और योजना से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, जिससे राज्य के अन्य जिलों में भी श्रमिक लाभों और योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर सके।

# हरियाणा के ऊर्जा क्षेत्र को वैश्विक स्तर पर ले जाने की तैयारी

पंचकूला, 18 जनवरी, 2026 हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग की 33वीं राज्य सलाहकार समिति की बैठक 22 जनवरी को सुबह 11:30 बजे पंचकूला में आयोजित की जाएगी। इस उच्चस्तरीय बैठक का उद्देश्य राज्य के ऊर्जा क्षेत्र को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनाने के लिए रणनीति और रोडमैप तैयार करना है।

बैठक में बिजली उत्पादन, वितरण और पावर यूटिलिटीज के प्रदर्शन सुधार, स्मार्ट ग्रिड और अक्षय ऊर्जा के समेकन सहित ऊर्जा क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की जाएगी। आयोग का फोकस हरियाणा के पावर सेक्टर को अधिक कुशल, टिकाऊ और निवेश-अनुकूल बनाने पर है।

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग ने बताया कि इस बैठक में राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, पावर एक्सपर्ट, उद्योग प्रतिनिधि और नीति निमार्ता शामिल होंगे। बैठक का मकसद केवल वर्तमान समस्याओं का समाधान नहीं बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में दीर्घकालिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त सुनिश्चित करना है।

आयोग ने कहा कि यह पहल हरियाणा की अर्थव्यवस्था और उद्योग को सशक्त बनाने के साथ-साथ राज्यवासियों के लिए विश्वसनीय, स्थिर और किफायती बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगी।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही के चलते 2018 में सीएम घोषणा के बावजूद भी नहीं शुरू हुआ फग्गू रजवाहा की रिमॉडलिंग का कार्य: लखविंदर सिंह औलख

## फग्गू, रोहन और रोड़ी के किसानों ने 42000 टेल, फग्गू रजवाहा के पुनर्निर्माण के लिए बीकेई से हस्तक्षेप कर कार्य शुरू करवाने मांग की: लखविंदर सिंह औलख

**समाज जागरण**



कालांवाली (सुरेश जोरासिया) बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को गांव फग्गू में रोहन, रोड़ी और फग्गू के किसान इक्कट्ठे हुए। किसानों ने बताया कि पिछले कई सालों से 42000 टेल, फग्गू रजवाहा की हालत खस्ता होने की वजह से उन्हें सिंचाई के लिए प्राप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने बताया कि 42000 टेल फग्गू रजवाहा की रिमॉडलिग का निर्माण कार्य हरियाणा सरकार द्वारा वर्ष 2018-19 में होना निश्चित किया गया था, जो कि वर्तमान समय में बुरी तरह जगह-जगह टूटा हुआ है। इस रजवाहा की रिमॉडलिग के लिए वन विभाग व सिंचाई विभाग सिरसा द्वारा कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। पिछले लगभग सात वर्षों से इस कार्य को पूरा करने के लिए दोनों विभागों द्वारा कोई रूचि नहीं दिखाने के कारण किसानों को फसल की पैदावार कम होने के कारण नुक्सान सहना पड़ रहा है। 20 नवंबर ` 2025 को अतिरिक्त उपायुक्त की मीटिंग में दोनों विभागों को इस कार्य को जल्दी पूरा करके किसानों को राहत देने के आदेश दिये गये थे, परन्तु अभी तक इस पर जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं किया गया है। औलख ने कहा कि आज किसानों ने हमारी जत्थेबंदी भारतीय किसान एकता बीकेई के समक्ष फग्गू रजवाहा की रिमॉडलिग निर्माण के लिए किसानों की मदद का प्रस्ताव रखा, जिस पर हमने किसानों की समस्याओं को जल्द से जल्द हल करवाने का आश्वासन दिया। सोमवार को सिंचाई विभाग व वन विभाग से मिलकर इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग रखी जाएगी। औलख ने कहा कि` फग्गू रजवाहा के पुनर्निर्माण में सिंचाई विभाग द्वारा की जा रही देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर फग्गू, रोहण व रोड़ी गांवों से दर्शन सिंह, रिछपाल सिंह, सदागर सिंह (सेवानिवृत भारतीय सेना), वकील सिंह, बोहड़ सिंह, रेशम सिंह, गुरदीप सिंह, गुरलाल सिंह, बिन्द्र सिंह, जसपाल सिंह, मेवा सिंह, महकप्रीत सिंह, बलदेव सिंह, अवतार सिंह, जसवीर सिंह, मनजीत सिंह, कुलवंत सिंह, जगसीर सिंह, बुगर सिंह आदि किसान उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी को अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में छोटू राम की स्मृति में पहुंचेंगे मुख्यमंत्री नायब सैनी।

**समाज जागरण,**
**अश्विनी वालिया कुरुक्षेत्र**



अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर 23 जनवरी 2025 को दीनबंधु सर छोटू राम जी की स्मृति में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों, सामाजिक संस्थाओं तथा प्रदेश भर से चौ छोटूराम के विचारो का अनुसरण करने वाले लोग बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम के आयोजन को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द जी महाराज के आशीर्वचन से शुरू होगा।

कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला जी करेंगे।

अति विशिष्ट अतिथियों में केबिनेट मंत्री श्री कृष्ण बेदी, सांसद श्री नवीन जिंदल, पूर्व मंत्री श्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री तेजेंदर खैरा, समाजसेवी प्रदीप मोर, जयभगवान शर्मा, सुखबीर शौकीन और राष्ट्रीय लोकदल की प्रवक्ता सुश्री निशा चौधरी शामिल होंगे।

प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने कहा कि दीनबंधु सर छोटू राम जी ने किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनेक ऐतिहासिक कानून बनवाए। उन्होंने किसानों की खेती, बैलगाड़ी और घर को कुर्की से बचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए, जिसके कारण वे किसान मजदूर हितों के प्रतीक और 36 बिरादरी के सच्चे प्रतिनिधि बने।

डॉ. श्योकंद ने आगे कहा कि 23 जनवरी ऐतिहासिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि इस दिन आजाद हिंद फौज के संस्थापक और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती भी मनाई जाती है। कार्यक्रम में नेताजी के योगदान को भी श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा।

उन्होंने यह भी बताया कि अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला न केवल सामाजिक कार्यों में अग्रणी है बल्कि शिक्षा क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर रही है। डॉ. आनंद मनी के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के माध्यम से 100 से अधिक विद्यार्थियों को ऑनलाइन निशुल्क ठएएळ परीक्षा की तैयारी करवाई जा रही है, जिससे समाज के प्रतिभावान लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को लाभ मिल रहा है।

प्रधान ने प्रदेश की 36 बिरादरी से आग्रह किया कि वे इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं और दीनबंधु सर छोटू राम जी के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लें।

इस अवसर पर धर्मशाला की कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारी – उपप्रधान बनी सिंह ढुल, सचिव हरकेश सहारण, सह-सचिव होशियार सिंह, कोषाध्यक्ष नरेंद्र, सदस्य जितेंद्र, अंग्रेज सिंह, बलविंदर, गंगा बिशन सहारण, रमेश मलिक, ऋषिपाल, साथ ही पूर्व वाइस चांसलर प्रो. रणपाल तहलान, ऋषिपाल अन्टेड़ी, राजेंद्र हथिरा, टेकचंद बारना, शमशेर ढुल, जसवंत कोलेखां सतीश खटकड़, गुलाब घराड़सी, वेद प्रकाश कैंदल और लेखराज लाठर, अर्जुन सारसा, जयप्रकाश बिढ़ाण, जगीर खिदरपुरा, मनोज चहल, अमित घसो,सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। डॉ. श्योकंद ने कहा कि दीनबंधु सर छोटू राम जी वास्तव में रहबरे-ए-आजम यानी जनता के सच्चे मार्गदर्शक थे, जिन्होंने सर्वसमाज की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उनके दिखाए रास्ते पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# हरियाणा सरकार ने सरकारी अस्पतालों के लिए 160 करोड़ रुपये के उपकरण और दवाओं की खरीद को दी मंजूरी

चंडीगढ़/गौतम बुद्ध नगर, 18 जनवरी, 2026 प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री आर्टी सिंह राव ने बताया कि सरकार ने 160 करोड़ की लागत से उपकरण और दवाओं की खरीद को मंजूरी दी है।

मंत्री ने कहा, ह्लदवाओं और उपकरणों का पर्याप्त स्टॉक यह सुनिश्चित करेगा कि इलाज के अभाव में किसी भी गरीब की उम्मीद न टूटे। स्वस्थ हरियाणा ही समृद्ध हरियाणा की नींव है।

यह निर्णय राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में बुनियादी ढांचे और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी उपकरण और दवाएँ समय पर अस्पतालों तक पहुँचें और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों।

स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि इस निवेश से न केवल इलाज की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

# हरियाणा में डिजिटल पुलिसिंग: सुरक्षित समाज की दिशा में एक सशक्त कदम

चंडीगढ़, 18 जनवरी, 2026 गृह मंत्रालय के अंतर्गत विकसित डिजिटल पुलिस पोर्टल ने पुलिसिंग को और अधिक पारदर्शी और नागरिक-हितैषी बना दिया है। पोर्टल के माध्यम से अब FIR की कॉपी, साइबर शिकायत, वेरिफिकेशन और अन्य पुलिस सेवाएँ केवल एक क्लिक पर उपलब्ध हैं।

अधिकारियों का कहना है कि यह प्रौद्योगिकी आधारित पहल कानून प्रवर्तन एजेंसियों को अधिक कार्यकुशल बनाने के साथ-साथ नागरिकों का भरोसा भी मजबूत कर रही है। पोर्टल के जरिए नागरिक सीधे पुलिस से जुड़ सकते हैं और शिकायत या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ. सुमित मिश्रा, ACS (गृह विभाग), ने कहा कि डिजिटल पुलिसिंग के माध्यम से नागरिकों और पुलिस कर्मियों के बीच संवाद, जागरूकता और क्षमता निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। उनका मानना है कि यह पहल हरियाणा में पुलिसिंग को सशक्त, प्रभावी और भरोसेमंद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# एंटी-गैंगस्टर स्क्वॉड ने दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के वांछित शूटर को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली, 18 जनवरी, 2026 एंटी-गैंगस्टर स्क्वॉड, दिल्ली पुलिस ने राजस्थान पुलिस के सहयोग से लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े कुख्यात शूटर को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी हथियारबंद हमले, उगाही और अवैध हथियार आपूर्ति के मामलों में गंगा नगर, राजस्थान में वांछित था।




AGS ने आरोपी को दिल्ली में पकड़ने के बाद सतत पूछताछ की। इसके बाद आरोपी को आगे की जांच के लिए राजस्थान पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि यह गिरफ्तारी राजधानी में गैंगस्टर और आपराधिक नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे अपराधियों में डर का माहौल बनेगा।

# परिवार की सुख समृधि के लिए सुखमनी साहिब का पाठ किया

**समाज जागरण**

कालांवाली 18 जनवरी 2026 (सुरेश जोरासिया) मनप्रीत सिंह प्रदीप पुत्र बालकृष्ण करीर वालों के आवास में समुचे परिवार की खुशी सुख समृधि के लिए श्री गुरूवाणी सुखमनी साहिब का पाठ किया गया। जिसमें परिवार की ओर से श्रद्धा भाव से संगतो के लिए प्रसाद कि व्यवस्था कि गई। मुख्य सेवादार नरेश कुमार के द्वारा श्री अमृतवाणी सतनाम वाहेगुरू जी का जाप किया गया। संगतों ने माथा टेका। मनप्रीत सिंह बताया कि परिवार कि सुख समृधि को मुख्य रखकर गुरूसाहिब महाराज की का ग्रह प्रवेश करवाया गया। परिवार की कई दिनों से दिली ईच्छा थी सुखमनी साहिब का पाठ करवाया जाऐ गुरूजी कि आपार कृपा होई है श्रीअमृतवाणी का जाप किया गया। तदपश्चात गुरूजी का प्रशाद वितरण किया गया। इस मौंके पर परमजीत सिंह, करमजीत सिंह नरेश कुमार जोनी सुरेश जारोसिया एवं संगत मौजूद रही।



# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन के साथ पहुंची पैदल ध्वजा यात्रा

**श्री बालाजी धाम डोभ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संकीर्तन,भंडारा एव निशुल्क लगाया जाता है स्वास्थ्य जांच शिविर**

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता।( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी 18 जनवरी। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गांव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार श्री बालाजी धाम डोभ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक



संकीर्तन,भंडारा एव निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जांच, दांत जांच, फिजियो थेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

आज का संकीर्तन पवन चोपड़ा डोभ द्वारा किया गया जिसमें देवेन्द्र वर्मा सांपला, अमन कौशिक द्वारा बालाजी के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर-सुन्दर झांकियों प्रस्तुत की गई

आगे प्रधान जी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्री बालाजी धाम डोभ पहुंचे रास्ते में दो जगह पडाव होता हैं पहला पडाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस एवं रास्ते में दुसरा पडाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं

आगे प्रधान जी ने बताया कि श्री बालाजी संकीर्तन मण्डल अप्रोच रोड रोहतक के प्रधान आशीष मित्तल और सदस्यगण बालाजी धाम डोभ पहुंचे और रोहतक से बेरी धाम की पहली पद यात्रा दिनांक 25 जनवरी रविवार को सुबह 7 बजे पुरानी अनाज मंडी चौक पर सभी भक्तों को पहुंचने का सादर निमंत्रण दिया इस अवसर पर मुख्य रूप से हर्षित कोचर,नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता,रमेश गांधी, नयन,आशीष मित्तल,पंकज बंसल,मनीष गुप्ता, संजय पंचाल, देव दुबे,बल्लू शाह,सोनू तनेजा, रवि चिटकारा, वंश, सैंटी, खुशाल,पंडित नरेश कौशिक,राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी,अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# मुख्यमंत्री ने जालंधर में रामलीला समिति सम्मान समारोह में शिरकत की

**समाज जागरण,**

जालंधर, 18 जनवरी, 2026 - मुख्यमंत्री नयाब सैनी ने जालंधर में आयोजित रामलीला समिति सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत



की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामलीला केवल एक मंचन नहीं है, बल्कि हमारी संस्कृति की संजीवनी है। रामलीला आने वाली पीढ़ी को यह सिखाती है कि अधर्म कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में विजय धर्म और सत्य की ही होती है।

मुख्यमंत्री ने मीडिया और प्रेस की भूमिका पर भी जोर देते हुए कहा, हरियाणा सरकार हमेशा स्वतंत्र प्रेस के साथ मजबूती से खड़ी है। लोकतंत्र में मीडिया चौथा स्तंभ होता है। अगर कोई यह सोचता है कि दबाव के माध्यम से किसी मीडिया संस्थान को डरा देगा तो यह उनकी एक भारी भूल है, क्योंकि सत्य की आवाज को कभी दबाया नहीं जा सकता।

# उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बादशाहपुर में विकास कार्यों का भरोसा दिया

**समाज जागरण,**

चंडीगढ़/गौतम बुद्ध नगर, 18 जनवरी, 2026 उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने केवल योजनाएँ ही नहीं बनाई हैं, बल्कि उन्हें धरातल पर लागू करने का भी काम किया है। मंत्री ने यह बात हाल ही में बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित समीक्षा बैठक में कही। राव नरबीर सिंह ने कहा, पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में जितने रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य हुए हैं, उतने पिछले 40 वर्षों में भी नहीं हो पाए। आगामी चार वर्षों के भीतर बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य लंबित नहीं रहने दिया जाएगा।

मंत्री ने क्षेत्रवासियों और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनता को लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर क्षेत्र में संतुलित और तेज विकास सुनिश्चित करना है।

# सफलता प्राप्त करनी है तो लक्ष्य बनाकर कार्य करना होगा: विमल कुमार सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। सफलता प्राप्त करनी है तो लक्ष्य बनाकर कार्य करना होगा तभी हम किसी भी कार्यक्षेत्र में सफल हो सकते हैं उक्त बातें जिला ग्राम्य विकास संस्थान परमानंदपुर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत मॉडल संकुल स्तरीय संघ का विजनिंग मॉड्यूल-1 (MCLF V-1) विषय पर 16 जनवरी, 2026 से चल रहे तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए जिला प्रशिक्षण अधिकारी विमल कुमार सिंह ने कही।



समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं को सम्बोधित करते हुए सत्र प्रभारी संजय कुमार ने कहा कि सफलता प्राप्त करनी है तो हम किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी कार्ययोजना तैयार कर लें और एक निश्चित उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में कार्य करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीन दिवसों में डीआरपी सुरेश पाण्डेय द्वारा प्रशिक्षुओं को तीन दिवसों में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनके सीएलएफ का प्रस्तावित सपना दृष्टि वाक्य का निर्धारण कराया गया जिसके अंतर्गत विकास खंड हरहुआ के आदि शक्ति प्रेरणा महिला संकुल समिति ने विजन वाक्य प्रस्तावित किया 'आदि शक्ति प्रेरणा महिला संकुल समिति का है सपना, आत्मनिर्भर दीदी, खुशहाल परिवार, विकसित गांव हो अपना।' इसी के साथ सीएलएफ की दीदियों ने अपने-अपने ग्राम संगठन की दीदियों के साथ विशेष बैठक करने का एक प्लान तैयार किया और उसपर अगले 20 से 25 दिवसों में कार्य करके अपने सीएलएफ से जुड़े सभी 16 ग्राम संगठनों की दीदियों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में 29 प्रतिभागी दीदियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर सुरेश तिवारी, नीरज कुमार, नीलू श्रीवास्तव, चन्दा, पूजा, रोशनी, मीरा, अनिता, पूनम, मनोरमा, रेखा, सानिया, आशा, सुनीता, अर्चना, बसन्ती, माधुरी, प्रियंका, अंजली, निशा आदि की उपस्थिति रही।

# वर्ल्ड सिटी एक्सपो: हरहुआ में किसानों के भारी विरोध के बीच बेनतीजा रही प्रशासनिक बैठक

## किसान बोला जहर देकर जमीन ले लीजिए।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। स्थानीय विकासखंड के रामसिंहपुर गांव में रविवार को 'वर्ल्ड सिटी एक्सपो टाउनशिप' योजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण को लेकर बुलाई गई जनसुनवाई हंगामे की भेंट चढ़ गई। 11 प्रभावित गांवों के किसानों ने एक सुर में प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। बैठक के दौरान उस समय माहौल अत्यंत भावुक और तनावपूर्ण हो गया जब एक किसान ने आत्मघाती कदम उठाने तक की चेतावनी दे डाली।



बैठक के केंद्र में हरहुआ निवासी किसान सुनील पांडेय का बयान रहा। प्रशासन की दलीलों से आहत होकर उन्होंने अधिकारियों से कहा, "अगर सरकार हमारी उपजाऊ जमीन जबरदस्ती लेना चाहती है, तो मैं लिख कर देने को तैयार हूं कि जमीन ले लीजिए, लेकिन उसके बदले मुझे और मेरे परिवार को जहर दे दीजिए। न हम रहेंगे और न ही जमीन का कोई झंझट रहेगा।" किसान के इस बयान के बाद सभा में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने उन्हें शांत करने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीणों ने तालियां बजाकर उनका समर्थन किया।

बैठक में एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी और आवास विकास विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शंभु यादव, सिंहापुर प्रधान अमित सिंह नीलू और वाजिदपुर के पूर्व प्रधान महेंद्र यादव ने किसानों की सामूहिक बात को रखते हुए मुआवजे और भविष्य की सुरक्षा पर सवाल उठाए। एसडीएम प्रतिभा मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिन किसानों को आपत्ति है, वे लिखित रूप में अपना पक्ष एसएलओ कार्यालय में दें, जिस पर विचार होगा। हालांकि, उनके इस बात से भी अधिकतर किसान असहमत दिखे। ऐसे में एसडीएम को बैठक छोड़कर जाना पड़ा।

बैठक में अधिग्रहण की जद में आने वाले गांवों से ग्राम प्रधान अमित कुमार सिंह, लालमन यादव, पूर्व प्रधान महेंद्र यादव, अनिल सिंह, राकेश सिंह, संजय पटेल, दिनेश पटेल, पुष्कर सिंह, इन्द्रकेश कुमार सिंह, बलवंत सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अरुण कुमार सिंह, शिवकुमार पटेल, बिहारी पटेल, ओम प्रकाश सिंह, मंशा सिंह, नरसिंह दुबे, सुनील पांडेय, सोनू मिश्रा, राजेंद्र प्रसाद सिंह, एडवोकेट देवेंद्र सिंह, नरेंद्र पटेल, सुक्खू पटेल, अनिल पटेल और राजन सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

किसानों ने साफ कर दिया है कि वे अपनी आजीविका के स्रोत को किसी भी कीमत पर सरकार को नहीं देना चाहते हैं।

# मां कालिका देवी शक्तिपीठ के महंत का निधन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। सेवापुरी बाजार कालिका स्थित मां कालिका देवी शक्तिपीठ के महंत शिव प्रसाद गिरी (65) का दिल्ली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया है। वे लंबे समय से हृदय एवं पेट संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे।महंत शिव प्रसाद गिरी ने आज शाम दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। उनके निधन की सूचना मिलते ही मंदिर परिसर में शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

महंत का पार्थिव शरीर मंदिर परिसर पहुंचते ही आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उमड़ पड़े। उनकी अंतिम यात्रा में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।सोमवार देर शाम शूलटकेश्वर महादेव मंदिर के पास गंगा नदी में उन्हें जल समाधि दी जाएगी। उनके बड़े पुत्र लखेनदर गिरी ने मुखाग्नि दी।महंत शिव प्रसाद गिरी ने अपने कार्यकाल के दौरान मंदिर का व्यापक जीर्णोद्धार कराया था। उनके प्रयासों से मंदिर परिसर में कई सुधार कार्य हुए है।

# मानकी देवी की शव यात्रा में उमड़े लोग

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

मानकी देवी पत्नी स्व0वृंदावन सिंह उम्र 100 वर्ष का निधन हो गया।मानकी देवी विवेक सौरभ की दादी हैं।

शव यात्रा सेमउर ब्लाक बाराचवर से चल कर सुल्तानपुर गंगा तट पर पहुंची।



मुखाग्नि अवर अभियंता चन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा दिया गया।भाजपा नेता प्रोफेसर सानंद सिंह ने घाट पर पहुंच कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की।इस मौके पर कृष्णा यादव,अमित सिंह, दिग्विजय उपाध्याय,अमित सिंह झब्बू,रमेश यादव, प्रमोद सिंह, विष्णु श्रीवास्तव, अभिषेक गौरव,राजू सिंह, धर्मेन्द्र भारती,झाबर सिंह जिला पंचायत सदस्य, अवधेश पाण्डेय,मदन प्रजापति, दिग्विजय सिंह,उमेश सिंह,राम जी गिरी,अजय सिंह,टी एस सी टी जिला कार्यकारिणी समिति गाजीपुर समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पीएचसी हरहुआ ओपीडी में ठंड बढ़ने से रोगियों की संख्या बढ़ी, दी सावधानियां बरतने का सुझाव।

*लाइव पड़ताल पीएचसी का हुआ सम्पन्न।

*गुनगुने पानी संग ,ठंड से बचाव जरूरी।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। मौसम में लगातार ठंड व गलन बढ़ने से पीएचसी हरहुआ पर ओपीडी में मौसमी रोगियों में बढोत्तरी हुई है।

आज पीएचसी लाइव पड़ताल के दौरान सुबह 10 बजे पीएचसी प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार ,डॉ0 शैलेन्द्र कुमार ,फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,एच आई लक्ष्मीनारायण सहित अन्य स्टाफ उपस्थित मिले।



ओपीडी में प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार इन दिनों शीतकाल ठंड व गलन के मौसम में अधिकतर ,ठंड लगने, पेट दर्द ,बुखार खांसी ,जुकाम,दर्द सहित स्किन के मरीज अधिक हैं। खांसी के लिए एम्ब्रोकसोल हाइड्रोक्लोराइड सीरप कारगर दवा उपयोग के संग मरीजों को अन्य दवा के साथ गर्म भोजन, गुनगुना पानी सहित ठंड से बचाव की जानकारी दी जा रही है। दो मरीज घायल आये मो0 हुसैन उम्र 7 वर्ष माथे पर दो टांके और अमन कोइराजपुर 18 वर्ष के सिर में गम्भीर चोट पर तीन टांके लगे

वहीं एआरवी के प्रथम और द्वितीय डोज के 26मरीजों को टीके लगाए गए व चार जांच हुई। वहीं ठंड से बचाव के लिए कमरों में रूम हीटर व बाहर अलाव की व्यवस्था की गई है। रविवार को मेले में राजेश कुमार उम्र 40 वर्ष विरापट्टी को कई दिनों से बुखार होने पर तुरंत ब्लड जांचकर दवा दी गई।

वेदांत सिंह उम्र 13 वर्ष निवासी चुप्पेपुर को कुत्ते ने काट लिया था तुरंत वासिंग ,ड्रेसिंग सहित एआरवी टीका लगा।

पीएचसी हरहुआ प्रभारी संग चिकित्सक डॉ0 शैलेन्द्र कुमार फार्मासिस्ट राकेश कुमार एच आई लक्ष्मीनारायण लैब टेक्नीशियन सूरज कुमार,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह,वार्ड ब्याय व स्टाफ नर्स अंजना सिंह व रोजमेरी बोथा उपस्थित रहे।

# मड़िहान मे खुली नीलम मार्का टमाटर की फैक्ट्री किसानों को टमाटर बेचने मे मिलेगी राहत

## टमाटर का दाम सस्ता होने पर किसानों को टमाटर नहीं फेंकना पड़ेगा

राजगढ़ मीरजापुर /मड़िहान मे टमाटर की फैक्ट्री खुलने से किसानों को मिलेगी राहत। आज केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने नीलम फूड प्रोडक्ट टमाटर की फैक्ट्री का किया उद्घाटन। लंबे समय से किसानों के लिए टमाटर की फैक्ट्री का सपना साकार हो गया। डॉ जगदीश सिंह पटेल ने केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को बुके और शाल देकर सम्मानित किया इसके अलावा भाजपा जिला अध्यक्ष बृजभूषण सिंह लाल बहादुर सिंह अपना दल यस राम लोटन बिंद रमेश पटेल को भूके और शाल देकर सम्मानित किया गया डॉ जगदीश सिंह पटेल के द्वारा नीलम फूड प्रोडक्ट टमाटर की फैक्ट्री खोला गया है।जिसकी लागत लगभग तीन करोड़ की लागत से बना है जहां पर लाल मिर्च हरी मिर्च लहसुन अदरक प्याज सभी का यहां पर पेस्ट बनाया जाएगा। विकसित भारत का सपना साकार हो रहा है। किसानों को टमाटर का उचित मूल्य मिलेगा। डॉ जगदीश सिंह न कहा की पिछड़ा क्षेत्र होने के कारण शिक्षा की एक नई अलख और बेहतर चिकित्सा सुविधा छात्र छात्राओं को मिल रही है और टमाटर की फैक्ट्री खुलने से किसानों को इसका लाभ ही मिल रहा है।



टमाटर के अलावा ब्लॉक प्रमुख गजेंद्र प्रताप सिंह यहां पर हरा मिर्च लाल अदरक लहसुन प्याज का पेस्ट भी किसानों को उपलब्ध होगा अगर कोई यहां पर बिजनेस करना चाहे तो आकर संपर्क कर सकता है जहां पर बिजनेस करने वालों को इसका लाभ भी मिलेगा। मिर्च जिससे लाखों लोग रोजगार मिलेगा। हर वर्ष टमाटर सस्ता होने पर किसानों या तो टमाटर खेतों में छोड़ देते थे या फिर सड़कों के किनारे फेंक देते हैं। यह सिलसिला हर साल होता रहता था। किसानों की समस्या खत्म हो गई। मीरजापुर मे 4.5 लाख हेक्टेयर की भूमि है। इसमें से डेढ़ लाख हेक्टेयर खेती की जमीन के लिए उपयुक्त है। बाकी की जमीन पर वन ब्लॉक अन्य कार्य हो रहे हैं।मीरजापुर मे 14 हजार हेक्टेयर में टमाटर लगाया गया है इसके अलावा 13 हजार हेक्टेयर में मिर्च खेती हो रही है। इस वर्ष किसानों को अच्छा मुनाफा मिल रहा है और इसका पेस्ट बनने से लाखों लोगों को इसका लाभ मिलेगा इसके अलावा रोजगार के लिए अवसर खुलेंगे। इसके अलावा चुनार में मूंगफली की खेती बहुत ज्यादा होती है और यहां पर भी आयात निर्यात केंद्र बनाया गया है जहां पर किस जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं और किसानों को मिलने वाली सुविधाएं भी किसानों को मिलेंगे। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने गरीब विंध्याचल विकलांग में कंबल का वितरण किया। कंबल पाते ही गरीबों के जिले चेहरे। पाँच सौ कंबल का बितरण किया गया। इस मौके पर ब्लैक प्रमुख राजगढ़ गजेंद्र प्रताप सिंह रवि शंकर सिंह पटेल राजेंद्र सिंह सुनील सिंह सुनीता पटेल शत्रुघ्न सिंह।

# मजदूरी के नाम पर लाखों कि ठगी

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। सरकार गावों के विकास के लिए लाखों रुपये पानी की तरह बहा रही है लेकिन धरातल पर जिम्मेदार ही इसमें सेंधमारी करने में लगे हैं। ताजा मामला म्योरपुर ब्लाक के महुली ग्राम पंचायत का है जहा पंचायत भवन की रंगाई-पुताई के नाम पर बड़े फजीर्वाड़े का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। जानकारी और दस्तावेजों के अनुसार ग्राम पंचायत महुली में पंचायत भवन की रंगाई-पुताई और अन्य कार्यों के नाम पर कागजों में मजदूरों की एक सूची तैयार कर 79,362 रुपए का भुगतान दिखाया गया है। भुगतान की सूची में 10 लोगों के नाम शामिल हैं जिनके नाम पर 11 से लेकर 26 दिनों



की मजदूरी दर 450 रुपये और 252 रुपये निकाली गई है।ग्रामीणों का आरोप है कि जिन लोगों के नाम पर यह भुगतान जारी किया गया है वे लोग गाँव में मजदूरी करते ही नहीं हैं। लाभार्थी गाव से बाहर प्लांटों शहरों में काम करते हैं या ड्राइवरी करते हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि इनमें से कई लोग भविष्य निधि खाता धारक हैं जो यह साबित करता है कि वे किसी संगठित क्षेत्र में नौकरी कर रहे हैं।नियमानुसार जो व्यक्ति कहीं और नौकरी कर रहा है उसका नाम मनरेगा या ग्राम पंचायत की मजदूरी मस्टर रोल पर नहीं हो सकता।ग्रामीणों का आरोप यह भी है कि पंचायत भवन की रंगाई-पुताई का वास्तविक कार्य ठेके पर मात्र 20,000 रुपए में करा लिया गया था।लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में इसे 79,362 रुपये का दिखाकर शेष राशि का गबन कर लिया गया वायरल हो रही भुगतान सूची में रमेश कुमार, उमेश कुमार, पिन्टू, विनोद कुमार,जेनिमा,अभय कुमार, अंजु कुमारी, रामसुरत, नन्द लाल और सोनामती के नाम शामिल हैं। अब जाँच का विषय यह है कि अगर उक्त श्रमिक बाहर नौकरी करते हैं तो पंचायत के मस्टर रोल पर इनकी हाजिरी कैसे लगी।इस मामले को सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में रोष है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से माँग की है कि जिन खातों में पैसा गया है उनकी और उनके ईपीएफ रिकॉर्ड की जाँच की जाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।ग्राम प्रधान जुकुमुनिया देवी के पुत्र एंव प्रधान प्रतिनिधि श्याम बाबू ने कहा कि ठेका 30 हजार में दिया था काम ठीक न होने के कारण अब 55 हजार में दूसरे लोगों से काम कराया जा रहा है कहा कि गाँव मे यह केवल चुनावी रंजिश बस बदनाम किया जा रहा है।एडीओ पंचायत अजय सिंह ने कहा कि ग्रामीण अगर शिकायत करते हैं तो जाँच करा कर सम्बन्धित पर कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारियों के शह पर फल फूल रहा अवैध पैथोलॉजी और क्लिनिक

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथोलॉजी सेंटर और नर्सिंग होम के विरुद्ध स्वास्थ्य महकमा द्वारा विगत सोमवार को सील किए गए अवैध नर्सिंग होम डंके की चोट पर चालू कर दिए गए विभाग चुप्पी साधे हुए है। हालांकि मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुकदमा पंजीकृत कराने की बात कही है।जानकारी के अनुसार बभनी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैद्य पैथोलॉजी सेंटर और नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं। सोमवार को बभनी पहुंचे सह नोडल अधिकारी गुरु प्रसाद ने भी अस्पताल के नाम पर बड़े सिंडिकेट चलने की बात कही थी। बच्चेदानी, किडनी का आपरेशन, सहित मानव तन के साथ इन क्लिनिक संचालकों के खिलाफ जब




क्षेत्रीय लोगों ने मोर्चा खोला तब स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया और सोमवार को ही पांच अवैद्य अस्पताल सील कर दिए। विभागीय सूत्रों की माने तो बड़े पैमाने पर रुपए की लेन देन कर सारे अस्पताल चालू कर दिए गए जिससे क्षेत्रीय लोग हतप्रभ है। लोगो का कहना है कि जब अस्पताल का पंजीयन नहीं था तब ही सह नोडल अधिकारी ने सील किया था चार दिन भी नहीं बीते तब किसके आदेश पर यह अवैद्य सेंटर संचालित होने लगे यह जांच का विषय है ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए क्षेत्र में चल रहे अवैद्य क्लिनिक की जांच कराने की मांग किया है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंकज राय ने बताया कि यह मामला मेरे जानकारी में नहीं है इस पैथालॉजी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराकर कार्यवाही की जाएगी।

# फांसी के फंदे पर झूली महिला कि संदिग्ध मौत

विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण

सोनभद्र। विंढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हरनाकछार के चरक पथली टोला में बीते शुक्रवार को फांसी के फंदे पर झूली, महिला की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। मृतका के पति की तहरीर और गहन जांच के बाद पुलिस ने महिला के कथित प्रेमी के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश तेज कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका के पति अमरेश पनिका द्वारा थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि वह परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर काम करता है। पत्नी की मौत की सूचना मिलने पर जब वह घर लौटा और अंतिम संस्कार के बाद परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली, तो उनके 8 वर्षीय पुत्र



अमित ने चौंकाने वाला खुलासा किया। बच्चे के अनुसार बीते गुरुवार की रात पड़ोस में रहने वाला खरभूलन शर्मा उर्फ बबल शर्मा पुत्र कृष्ण शर्मा घर आया था। उसने घर में खाना खाया, इसके बाद मृतका के साथ गाली-गलौज व मारपीट की और रात में ही उसे घर से बाहर ले जाकर आम के पेड़ पर फांसी लगाकर हत्या कर दी। पति की तहरीर, बच्चे के बयान, ग्रामीणों से मिली जानकारी और प्रारंभिक जांच के आधार पर थाना प्रभारी शेष नारायण पांडे ने आरोपी खरभूलन शर्मा उर्फ बबल शर्मा के विरुद्ध बीएनएस की धारा 105, 238, 352 तथा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मामले की विवेचना गहनता से जारी है।

# फ्लोराइड युक्त और बदबूदार पानी पीने को मजबूर

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। म्योरपुर विकास खंड के अंतर्गत आने वाले जरहा बाजार में पिछले तीन महीनों से पेयजल की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। बाजार में स्थित इकलौता सरकारी हैंडपंप खराब होने और मरम्मत के नाम पर केवल खानापूर्ति किए जाने से स्थानीय लोग फ्लोराइड युक्त और बदबूदार पानी पीने को विवश हैं।दूषित जल और गंदगी के कारण यहाँ महामारी फैलने की आशंका भी बनी हुई है। जरहा बाजार की घनी आबादी वाले क्षेत्र में लगभग



30 परिवार निवास करते हैं। इन सभी को प्यास बुझाने का एकमात्र साधन यही सरकारी हैंडपंप था तीन महीने पहले हैंडपंप का सिलेंडर और जंग लगा पाइप टूटकर बोर में गिर गया था।इसे निकालने के प्रयास विफल रहे। इसके बाद ग्राम प्रधान ने पुराने मलबे को निकाले बिना ही नया सिलेंडर और पाइप डालकर खानापूर्ति कर दी।मरम्मत के इस आधे- अधूरे प्रयास का नतीजा यह हुआ कि अब हैंडपंप से जंग लगा और मटमैला पानी आ रहा है। हैंडपंप के पास ही नालियों का गंदा पानी जमा है जिसकी दुर्गंध हैंडपंप के पानी में भी आ रही है।स्थानीय निवासी मोहम्मद सफीक, गिरिजाशंकर, एन.के.मजूमदार, रामसजीवन और नरेंद्र केशरी ने बताया कि वे इस दूषित पानी को पीने के लिए मजबूर हैं ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या के संबंध में ग्राम प्रधान को कई बार लिखित और मौखिक सूचना दी गई लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया

ग्राम प्रधान की उदासीनता से निराश होकर अब ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का दरवाजा खटखटाया है।ग्रामीणों ने मांग की है की तत्काल हैंडपंप की मरम्मत कराई जाए।

# चकबंदी घोटाले के विरोध में किसानों का धरना 243 वें दिन भी जारी

## भैसवार से प्रयागराज महापंचायत तक आंदोलन तेज, सरकार को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**

सोनभद्र। घोरावल ब्लाक की न्याय पंचायत तिलौली अंतर्गत भैसवार गांव में चकबंदी प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों के विरोध में किसानों का जमीन बचाओ धरना लगातार 243वें दिन भी जारी रहा। सेमरीहवा टोला स्थित बछनार बीरबाबा देवस्थान पर चल रहे इस धरने का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिला अध्यक्ष बिरजू कुशवाहा कर रहे हैं।





भारतीय किसान यूनियन (लोक शक्ति) के जिला सचिव संजय कुमार यादव ने बताया कि धरनारत किसान 20 जनवरी 2026 को सुबह 9 बजे अपने निजी साधनों से बस (वाहन संख्या वढ 64 ळ 2540) द्वारा प्रयागराज (इलाहाबाद) रवाना होंगे, जहां किसानों के हितों को लेकर आवाज सरकार तक पहुंचाई जाएगी।

जिला अध्यक्ष बिरजू कुशवाहा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर प्रयागराज में राष्ट्रीय किसान पंचायत (चिंतन शिविर/महापंचायत) का आयोजन किया गया है, जिसमें सोनभद्र जनपद के घोरावल तहसील अंतर्गत भैसवार गांव के धरनारत किसान भी प्रतिभाग करेंगे। यह आंदोलन पूरी मजबूती के साथ जारी रहेगा।

उन्होंने बताया कि सोनभद्र जनपद के भैसवार गांव में किसान लगभग 8 माह से, जबकि यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के रौनीजा गांव में किसान 6 माह से अधिक समय से धरने पर बैठे हैं। उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में मासिक पंचायतें आयोजित की जा रही हैं। प्रयागराज के परेड ग्राउंड में 19 से 22 जनवरी तक आयोजित चिंतन शिविर को सफल बनाने पर भी चर्चा होगी।

इस दौरान चकबंदी भूमि घोटाले से जुड़ी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देश पर दी। धरने में मनोज कुमार यादव, रामपाल पटेल, बहादुर कोल, भोला कोल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।

# पनारी ग्राम पंचायत में हैंडपंप-रीबोरिंग में करोड़ों का घोटाला, प्रधान-सचिव पर गंभीर आरोप

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। ग्राम पंचायत पनारी में विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन की खुलेआम लूट का गंभीर मामला सामने आया है। पानी जैसी मूलभूत सुविधा को आधार बनाकर बीते कई वर्षों से पंचायत में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं किए जाने के आरोप हैं। उपलब्ध दस्तावेजों और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, केवल हैंडपंप सामग्री की खरीद के नाम पर पिछले लगभग पाँच वर्षों में करीब 43 लाख रुपये खर्च दशार्या गया है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट बताई जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरी खरीद प्रक्रिया में लगभग 80 प्रतिशत भुगतान फर्जी है। अधिकांश हैंडपंप या तो मौके पर लगाए ही नहीं गए, या फिर पुरानी सामग्री को नया बताकर भुगतान निकाल लिया गया।हैंडपंप से निकली पुरानी सामग्री का भी आज तक कोई अता-पता नहीं है, जिससे घोटाले की आशंका और गहराती जा रही है। इतना ही नहीं, री-बोरिंग (रिबोर) के नाम पर भी करोड़ों रुपये की बंदरबांट किए जाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान द्वारा नए बोर कार्य अपने रिश्तेदारों और चहेतों के नाम पर दर्शाकर कराए गए, ताकि सचिव के साथ मिलीभगत कर सरकारी धन का खुला दुरुपयोग किया जा सके। कागजों में कार्य पूर्ण दिखाकर मोटी रकम का भुगतान निकाल लिया गया, जबकि कई स्थानों पर कार्य हुआ ही नहीं। मामले में फर्जी बिल लगाने वाली फर्मों की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है, लेकिन अब तक न तो उनकी जांच हुई और न ही कोई ठोस कार्रवाई की गई। इससे प्रशासनिक उदासीनता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। साथ ही दोषी ग्राम प्रधान, सचिव और संबंधित फर्मों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो यह मामला पंचायत स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आएगा।

# वन विभाग की निष्क्रियता से जंगल में बेशकीमती लकड़ियों का हो रहा अवैध कटान

## लकड़ी के कटान से जंगल का अस्तित्व पर सवालियां निशान

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रामगढ़ वन रेंज के सिलहट में घोरघट कर्मनाशा नदी जाने वाले वन विभाग के रास्ते सहित कही साखू कही आसन के पेड़ों को अवैध रूप से काटा जा रहा है वही बाजारों में लकड़ी बेचने वालों का सिलसिला बदस्तूर जारी है। और वन विभाग के लोग महज दिखावा कर रहे हैं। वही वन माफिया सड़क के किनारे ही पेड़ काट कर वन विभाग को चुनौती दे रहे हैं। वही विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि वन विभाग की जमीन पर अवैध कब्जे और घर बनाने का सिलसिला भी जारी है। वहीं जनहित के कार्यो को रोक विभाग बाह बाही का श्रेय लेने और नियम कानून की बात करता है। वहीं जहां एक तरफ सरकार प्रदूषण मुक्त बनाने की बात करती है वही वन क्षेत्र घटना चिंता का विषय है। इस सम्बन्ध में वन क्षेत्रिय अधिकारी रामनारायण वर्मा से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अवैध कटान की जानकारी है जांच कर कार्रवाई के साथ सम्बन्धितों से भी स्पष्टीकरण लिया जायेगा और कार्रवाई की जायेगी।

# सोनभद्र के एडवोकेट संतोष कुमार को मिली गोंगपा उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष की जिम्मेदारी

## गोंगपा के अमरकंटक में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया गया दायित्व

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**




सोनभद्र। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) द्वारा मध्यप्रदेश स्थित अमरकंटक में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में सोनभद्र के एडवोकेट संतोष कुमार को उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मुहर भी सौपी गई। समूचे देश भर में बूथ स्तरीय सदस्यता अभियान चालू करने पर बल दिया गया। गोंगपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर सिंह मरकाम ने कहा कि देश भर से विभिन्न प्रांतों से आए गोंगपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं के कार्यों की समीक्षा की गई और अच्छे कार्य करने वालों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें उत्तर प्रदेश सोनभद्र के एडवोकेट संतोष कुमार को उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष तथा मध्यप्रदेश की वैशाली धुर्वे को स्टूडेंट्स यूनियन की राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने समूचे देश भर के कार्य कताओं को संगठित होकर कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि सरकार में शामिल होने के लिए एकजुटता जरूरी है। अमरकंटक स्थित अमर ज्योति प्रांगण में 13 जनवरी और 14 जनवरी को अमर कंटक स्थित दादा हीरा सिंह मरकाम के मूर्ति का अनावरण राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस मौके पर वक्तताओं द्वारा एससी/एसटी के लोगों के ऊपर आए दिन हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न की घटनाओं पर चिंता जाहिर की गई और इससे निजात दिलाने की रणनीति बनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव श्याम सिंह मरकाम, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल सिंह धुर्वे, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष सुक्खू सिंह मरावी, प्रदेश महासचिव रमाशंकर सिंह पोया, सोनभद्र के जिलाध्यक्ष रामनरेश पोया समेत विभिन्न प्रांतों से आए पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आरोग्य मेला में पीएचसी खलियारी पर 40 मरीजों को जांच कर दी गई दवा

## रविवार को सीएम आरोग्य मेला आयोजन

**विजय शंकर पाण्डेय/ समाज जागरण**




खलियारी/ सोनभद्र। नगवां ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खलियारी पर रविवार को सीएम आरोग्य मेला में कुल 40 मरीजों को दवा वितरण किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खलियारी के फार्मासिस्ट अनूप कुमार ने बताया कि मेला में कुल 40 मरीजों को दवा वितरण किया गया है, जिसमें अधिकांश मरीज बुखार, खांशी, सुगर से सम्बंधित मरीजों का इलाज किया गया है। गर्भवती महिलाओं की जांच कर रही एएनएम सरस्वती देवी ने बताया कि हमारे यहां कुल 08 महिलाओं का वजन, बीपी, एच बी, एचआईवी का जांच कर उन्हें आईरन, कैल्शियम, फोलिक एसिड दवा दी गई। तीन महिलाओं का डिलेवरी भी हुआ है। मेला में लैब टैक्नीशियन सोनाली मरीजों को जांच कर रही हैं, उन्होंने बताया कि 05 मरीजों का जॉच किया गया जिसमें, हिमोग्लोबिन, मलेरिया, टाईफाइड, शुगर का जॉच किया गया

जिसमें कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया है। मेला में सीएचओ सुनीता यादव, फार्मासिस्ट अनूप कुमार मरीजों को दवा वितरण किया गया।

# कैनवाश क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

## मुख्य अतिथि इ0 रमेश सिंह पटेल और वशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश सिंह पटेल रहे।

**विजय शंकर पाण्डेय, समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। लौह पुरुष सरदार कैनवाश क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2026 के आयोजक कर्ता परमानंद सिंह पटेल कोऑपरेटिव अध्यक्ष आमडीह परमानंद सिंह पटेल के नेतृत्व में कम्हरिया के तेलिया गंज के प्रांगण में खेला जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रमेश पटेल उपाध्यक्ष भाजपा सोनभद्र विशिष्ट अतिथि अमरेश पटेल पुर्व ज़िला पंचायत अध्यक्ष सोनभद्र रहे अतिथियों का स्वागत कमेंटी के साथ साथ आयोजक परमानंद सिंह किया मुख्य अतिथि ने खिलाड़ीयों से परिचय करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी आपस में मिल जुल कर खेल खेल से आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है खेल के प्रति उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी युवाओं का उत्साह वर्धन कर रहे हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश सिंह पटेल ने कहा कि इस प्रकार के खेल का आयोजन से स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने का मौका मिलता है साथ ही खेल कूद स्वास्थ्य के लिए भी लाभप्रद है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ई 0 रमेश सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना आपसी प्रेम सौहार्द में खेले, हार जीत प्रकृति का नियम हैं लगी रहती है जितने वाले को और बेहतर करने का प्रयास और हारने वाले को अपनी हार पर मंथन कर अगले मैच में पूरी तैयारी के साथ खेलने की प्रेरणा मिलती है। अतिथियों ने इस आयोजन के लिए परमानंद सिंह पटेल का हौसला आफजाई किया और खेल के प्रति हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया आज का उद्घाटन मैच कोहरवल और कमरियां के बीच हुआ जिस में कमरिया के द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया कमेटी के अध्यक्ष राजेश प्रजापति, उपाध्यक्ष अंकुर पासवान, राजेश चौरसिया अध्यक्ष सहकारी समिति खलियारी, धीरेंद्र कुमार, दीपू पटेल, तेजबहादुर सिंह, रामानंद पटेल, अमरनाथ पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

# सवारी से भरी आटो अमिला धाम घाटी पर पलटी, एक की मौत आधा दर्जन घायल

**विजय शंकर पांडेय/ समाज जागरण**



खलियारी/ सोनभद्र। रामपुर बरको निया से आटो से अमिला धाम होते आ रहे थे बागेसोती खलियारी सोनभद्र-स्थानीय थाना क्षेत्र के चकरिया चौकी क्षेत्र के अमिला धाम घाटी पर शनिवार की रात्रि लगभग 7.30 सवारी से भरी आटो पलटने से एक 35 वर्षीय महिला बिगनी देवी की मौत हो गई, वहीं पूजा 35 वर्ष विखमपुर, देवकी पत्नी उदय 40 वर्ष, शंकर उरांव 50 वर्ष, रंजीता, नंदनी, अनुपा, राजेश, अवधेश, निशा, अमरावती समेत दर्जन भर लोगों को हल्की चोट आई है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया, कोन पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुध्दी भेज दिया।

# सलखन स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित जन आरोग्य शिविर में 47 मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज

## झोलाछाप डॉक्टरों से बचाव की दिशा में राहत बनी सरकार की योजना

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**




ग्रामीणों को राहत - मुफ्त जांच और दवा वितरण

गुरमा/ सोनभद्र। राबर्ट्सगंज विकास खंड के अंतर्गत नया प्राथमिक स्वा स्थ्य केंद्र सलखन में रविवार को आयोजित साप्ताहिक मुख्यमंत्री जन आरोग्य शिविर में 47 महिला, पुरुष और बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में आए सभी मरीजों की जांच के बाद उन्हें मुफ्त दवाएं भी वितरित की गई।

इस शिविर का उद्देश्य था ग्रामीण और पहाड़ी सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आए गरीब और जरूरतमंद मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की भी जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। जांच के दौरान मरीजों का एचबी, ब्लड शुगर, एचआईवी, टाइ फॉइड, मलेरिया आदि का परीक्षण किया गया। अधिकांश मरीज मलेरिया , टाइफॉइड, सर्दी-जुकाम और खांसी जैसी मौसमीबीमारियों से पीड़ित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ऐसे शिविरों से मरीजों को समय पर इलाज और सही परामर्श मिल रहा है, जिससे वे झोलाछाप और नीम-हकीम डॉक्टरों के शोषण से बच पा रहे हैं। सराहना और सहभागिता स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों ने मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना की खुले दिल से सराहना की। उन्होंने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं न केवल सुलभ हुई हैं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर तबके को भी बड़ी राहत मिल रही है।शिविर में डा.अंकित कुमार, फार्मासिस्ट राकेश सिंह राणा,लैब टेक्नी शियन मनीष राय,एएनएम सुनीता विश्वकर्मा एवं सितारा देवी, आशीष कुमार, स्वास्थ्यकर्मी राजेश कुमार तथा दाई सोमरी देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सहभागिता सराहनीय रही।

# अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, गंभीर रुप से घायल

**अनिल कुमार अग्रहरि/ समाज जागरण**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमुरा तारा चंडी मंदिर के पास जवाडी डांड के तरफ से जा रहा बाइक सवार अज्ञात कारणवश अनियंत्रित होकर




सड़क पर गिर कर घायल हो गया मिली जानकारी के मुताबिक रविवार दोपहर के समय बाइक सवार पतगडी कोटा निवासी सूरज पुत्र भगवती गुरमुरा के तरफ जा रहा था उसी दौरान तारा चंडी मंदिर के पास किसी कारणवश अनियंत्रित होकर वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर गिर कर घायल हो गया जिसके उपरांत राहगीरों ने 108 के ऐम्बुलेंस व डायल 112 नम्बर पुलिस को सूचना दी गई। जहां सूचना पाकर मौके पहुंची ऐम्बुलेंस से स्थानीय लोगों ने घायल को चोपन अस्पताल भेज दिया।

# गुरमुरा अटल आवासीय विद्यालय में आगामी प्रवेश परीक्षा को लेकर हुई बैठक

**अनिल कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



डाला/ सोनभद्र। विंध्याचल मंडल के अटल आवासीय विद्यालय गुरमुरा में अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चंद्र की अध्यक्षता में शनिवार को आगामी प्रवेश परीक्षा संबंधी जान कारी हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधानाचार्य बिनोद कुमार मंडल द्वारा बताया गया कि यूपीबीओसीडब्ल्यू बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों महिला कल्याण विभाग लखनऊ से पात्र सूची के आधार पर तथा बाल सेवा योजना सामान्य के लिए पात्र बच्चों का आवेदन सत्र 2026-27 में कक्षा 6 के 160 एवं कक्षा 9 के 64 छात्र छात्राओं के प्रवेश हेतु किया जाना है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी है। प्रवेश परीक्षा 22 फरवरी को मंडल के तीनों जिले में होगी अपर जिला अधिकारी न्यायिक ने अधिकारियों को निर्देश दिया की प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी समयबद्ध एवं सुचारू रूप से संपन्न करें ताकि समय से बच्चों को स्कूल में प्रवेश मिल सके। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं श्रम कार्यालय पिपरी के सहायक श्रमायुक्त विजय प्रताप यादव समस्त खंड विकास अधिकारी समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रोवेशन कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुद्धी ए ने सिंगरौली के टीम को 8 विकेट से पराजित कर अगले चक्र में किया प्रवेश

## आज का मैच दुद्धी ए और अयोध्या के बीच टीसीडी मैदान पर खेला जाएगा.

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**




सोनभद्र/दुद्धी। टाउन क्लब दुद्धी के खेल मैदान पर चल रहे 39वें अंतरराज्यीय क्रिकेट टूनामेंट में रविवार को टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी ए और सिंगरौली के बीच मैच खेला गया. टाउन क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सुमित सोनी ने संयुक्त रूप से बताया कि टॉस दुद्धी के कप्तान सागर ने जीता. टॉस जीतकर कप्तान ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया. पहले बल्लेबाजी करते हुए सिंगरौली की टीम ने निर्धारित 13.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 87 रन बनाये. जिसमें संजू ने 4 चौकों की मदद से 17 रन, विपिन ने 2 छक्कों की मदद से 16 रन अपने टीम के लिए जुटाए. गेंदबाजी करते हुए दुद्धी की टीम के खिलाड़ी धर्मेंद्र ने 3 ओवरों में 14 रन देकर 3 विकेट, अमन ने 3 ओवरों में 9 रन देकर 3 विकेट, ओमकार ने 3.4 ओवरों में 23 रन देकर 2 विकेट हासिल किया. दूसरी पाली में बल्लेबाजी करने उतरी टाउन क्रिकेट क्लब दुद्धी ए की टीम ने 10.1 ओवरों में 8 विकेट खोकर 90 रन बनाए. जिसमें रजत ने 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 42 रन, सृजन ने 1 छक्का व 8 चौकों की मदद से 40 रन अपने टीम के लिए अर्जित कर अगले चक्र में प्रवेश कराया. गेंदबाजी करते हुए सिंगरौली की टीम के खिलाड़ी विशाल ने 3 ओवरों में 6 रन देकर 2 विकेट हासिल किया. इस तरह से दुद्धी की टीम ने सिंगरौली की टीम को 8 विकेट से पराजित कर, अगले चक्र में प्रवेश कर लिया. मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दुद्धी के धर्मेंद्र मिश्र को मैन ऑफ द मैच घोषित कर, मुख्य अतिथि श्रवण सिंह गोंड़ के हाथों पुरस्कृत किया गया. मैच मे अंपायर की भूमिका गौस मोहम्मद खान उर्फ गांधी व इकबाल कुरैशी ने निभाया. कमेंट्री सलीम खां, सुनील जायसवाल व अविनाश वाह वाह ने की. स्कोरर की भूमिका निशांत, आर्यन व अयाज ने निभायी. आज का मैच अयोध्या और टीसीडी दुद्धी के बीच टीसीडी खेल मैदान पर सुबह 10 बजे खेला जाएगा।

# विश्वामित्र द्वारा राम और लक्ष्मण को मांगन मिरगा शिकार का हुआ शानदार मंचन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



चोपन/ सोनभद्र। विगत 100 वर्षों से अधिक परंपरागत तरीके से अनुष्ठा निक श्री रामलीला का सिंदुरिया की ऐतिहासिक रामलीला प्रांगण में तीसरे दिन प्रभु श्री राम की अपने सभी भाइयों एवं इष्ट मित्रों के साथ बाल लीला जिसमें पत्ते की गाय बनाकर उनको जंगल चराने के लिए ले जाना जंगल में मिले मृगा शिकार, पिता के द्वारा बार-बार बुलाए जाने पर भोजन के लिए ना आना माता के बुलाने पर लीला करते हुए भागते रहना बहुत बार आग्रह करने पर भोजन के लिए आना फिर उनका छुरा करण नामकरण की लीला का बड़ा ही रोमांचित मंचन किया गया भगवान श्री राम कुछ बड़े होते हैं तो उनको गुरु जी के आश्रम में शिक्षा ग्रहण के लिए जाना उसके बाद महर्षि विश वामित्र की यज्ञ का विध्वंस निश्चरों द्वारा किए जाने पर महाराज दशरथ से प्रभु राम को यज्ञ की रक्षा के लिए विश्वामित्र के साथ वन को जाने के लिये निकल पड़े इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष सुरेश पांडेय, विद्या शंकर पांडेय, व्यास. मुरली तिवारी. डा० रामगोपाल तिवारी, नरसिंह त्रिपाठी, राम जानकी पांडेय, उदय नारायण पांडेय, राम नारायण पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, प्रेमशंकर पांडेय, दिनेश पांडेय. विजय पांडेप. महावीर पांडेय. विनोद पांडेय. नागेंद्र पांडेय. राकेश पांडेय. विशाल पांडेय. प्रशांत पांडेय. राधारमण पांडेय. कामेश्वरी चौबे. गोविंद राम चौबे. प्रभु नारायण पांडेय. अवधेश पांडेय. एवं समस्त पांडेय परिवार ग्रामीण मौजूद रहे।

# लेखपाल सुजाता सिंह और ग्राम प्रधान विजय कुमार ने वितरित किए कंबल

## चतरा ब्लॉक में असहायों को मिली राहत बुजुर्गों के चेहरे पर खुशी

**अभय कुमार पटेल/ समाज जागरण**

रामगढ़/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश शासन के अनुसार चतरा ब्लाक अंतर्गत क्षेत्रीय लेखपाल सुजाता सिंह ने अपने सर्किल क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में पहुंचकर ग्राम प्रधान के सहयोग व क्षेत्रीय लेखपाल सुजाता सिंह के द्वारा असहाय, बुजुर्ग, विधवा, विकलांग, महिला व पुरुषों को कंबल किया गया वितरण जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक गांव में ठंड से निजात दिलाने हेतु बुजुर्ग, विधवा, विकलांग व असहायों को कंबल वितरित किया जा रहा है इसी के तहत रविवार को चतरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पडरी कलां लेडूआ सहित कई गावों में क्षेत्रीय लेखपाल सुजाता सिंह द्वारा असहाय वृद्ध, विधवा, विकलांगो को किया कंबल वितरण इस अवसर पर ग्राम प्रधान पडरी कलां विजय कुमार उचित दर विक्रेता सुजित कुमार, ग्राम पंचायत सहायक विशाल कुमार, मेराज, संदिप तिवारी, सहित समाजसेवी व पडरी कलां के ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# म्योरपुर में 22वीं अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज

**सुभाष चंद्र यादव/ समाज जागरण**

म्योरपुर/ सोनभद्र। थ्री स्टार क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित 22वीं अंतर्राज्यीय क्रिकेट प्रतियोगिता का रविवार को म्योरपुर खेल मैदान में भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि दुद्धी विधानसभा प्रभारी बसपा नेता संजय सिंह धुर्वे तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन कमल कानू व रामबली भारती द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर, पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर की गई। इसके उपरांत अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किय।कार्यक्रम में आए अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं को अवसर देने के साथ-साथ भाईचारा, आत्मविश्वास और अनुशासन को बढ़ावा देते हैं। प्रतियोगिता समिति के अनुसार इस वर्ष विभिन्न राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं, जिसके चलते रोमांचक मुकाबलों की संभावना है। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता पिछले दो दशकों से निरंतर आयोजित हो रही है और अनेक स्थानीय खिलाड़ियों को मंच प्रदान कर चुकी है। समापन पर विजेता टीम को 41,000 रुपये तथा उपविजेता टीम को 25,000 रुपये नकद सहित ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए जाएंगे। उद्घाटन मैच बीना और दिल्ली के बीच खेला गया। इस मौके पर जयमंगल उरेती, हरि सिंह, रंजीत जायसवाल, रामविचार गौतम, सत्यनारायण यादव, गणेश जायसवाल, अमित रावत, इरफान खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आधुनिक युग के सांस्कृतिक उत्कर्ष के महानायक पिताश्री ब्रह्मा बाबा का अव्यक्त आरोहण दिवस मनाया गया

## रॉबर्ट्सगंज के विकास नगर स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

**अवधेश कुमार गुप्ता/ समाज जागरण**



सोनभद्र। आदि सनातन दैवी सांस्कृ तिक उत्कर्ष के आधुनिक युग के महानायक और ईश्वरीय चेतना के अवतार पिताश्री ब्रह्मा बाबा का 57 वॉ अव्यक्त आरोहण दिवस ब्रह्माकु मारीज के विकास नगर स्थित स्थनीय सेवाकेंद्र पर विश्वशांति दिवस के रूप में मनाया गया। परमात्मा शिव के दिव्य साक्षात्कार के बाद हुए आध्यात्मिक परिवर्तन के फलस्वरुप पिताश्री ब्रह्मा बाबा ने सनातन संस्कृति का ध्वजवाहक बनकर संपूर्ण मानवता को एक नई राह दिखाया। उन्होंने अपनी संपूर्ण चल और अचल संपत्ति को ईश्वरीय सेवार्थ समर्पित कर नारियों का आध्यात्मिक सशक्तिकरण करने के लिए विश्व विख्यात संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की सन 1936 में स्थापना किया। प्रारंभ के 14 वर्षों तक तपस्या करने के बाद ब्रह्माकुमारीज संस्था के सदस्य मानवता की सेवा के लिए सामाजिक संपर्क में आए। वर्तमान समय में ब्रह्माकुमारीज संस्था विश्व के 5 महाद्वीपों में 140 से अधिक देशों में मानवता के दिव्यीकरण की सेवा कर रही है। विश्वशांति और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा ब्रह्माकुमारीज संस्था को शांतिदूत पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।18 जनवरी 1969 को युगद्रष्टा ब्रह्मा बाबा ने अपने नश्वर देह का त्यागकर संपूर्णता को प्राप्त किया था। वर्तमान समय में भी पिताश्री ब्रह्मा बाबा अपनी सूक्ष्म और दिव्य उपस्थिति से निरंतर दैवी सनातन संस्कृति के उत्थान हेतु संपूर्ण मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं।स्थानीय सेवाकेंद्र पर 14 घंटे का अखंड योग भट्टी और मौन साधना का कार्यक्रम चला। पिताश्री ब्रह्मा बाबा के प्रति पुष्पांजलि अर्पित करके जनपद के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या में पधारे श्रद्धालुओं ने व्यक्तिगत जीवन में सनातन सांस्कृ तिक मूल्यों को धारण कर स्वर्णिम और सशक्त भारत के नवनिर्माण के लिए संकल्प लेकर अखंड योग साधनारत रहे। सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका ब्रह्मा कुमारी सुमन दीदी के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रम संपन्न हुए।कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.के सरोज, बी.के कविता, बी.के दीपशिखा, बी के हरीन्द्र,बी.के गोपाल, रामप्रवेश भाई, हरिशंकर भाई,नीरज बहन, रुक्मणि बहन, प्रभा बहन, सिया बहन नें सक्रिय योगदान दिया।

# पटना में बिजली के चपेट में आने से हुई बच्चा की मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिला के खिरिमोड थाना अंतर्गत बाला बिगहा गांव में बिजली की चपेट में आने से एक बच्चा की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार पटना जिला के खिरिमोड थाना अंतर्गत बाला बिगहा गांव में रविवार की सुबह एक बच्चा बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आ गया। जिसका मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मृतक का पहचान पियरपुरा थाना क्षेत्र के बाला बिगहा गांव निवासी रामबाबू कुमार के 12 वर्षीय पुत्र रवि राज के रूप में हुआ। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची खिरिमोड पुलिस शव को कब्जे में ले लिया तथा कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल पालीगंज भेज दिया। इस सम्बन्ध में खिरिमोड थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि अभीतक थाने किसी ने आवेदन नही दिया है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्यवाई की जाएगी। मामले की जांच की जा रही है।

# विष्णुगढ़ में चोरों का राजयोग, बंद घरों को बना रहे है निशाना

## बीते रात्रि चेडरा में चोरों ने एक घर से नगदी समेत 7 लाख के जेवरात चुरा ले गए।

**राहुल कुमार गुप्ता, संवादाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।प्रखंड थाना क्षेत्र में चोरों का बोलबाला,लगातार दे रहे चोरी की घटना को अंजाम ।लगातार हो रहे चोरी से ग्रामीणों में भय का माहौल है ।बीते रात्रि चेडरा स्थित एक घर में चोरों ने नगदी समेत 7 लाख के जेवरात चुरा ले गए।भुक्तभोगी रवि पाण्डेय ने बताया वह अपने रिश्तेदार के घर बिहार गया था जब वापस घर लौटा तो



देखा घर का सारा सामान बिखरा पड़ा है अलमारी में रखे जेवरात और नगदी गायब है ।इससे साफ जाहिर होता है चोरों का अभी राजयोग है जिससे चोर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है ।भुक्तभोगी रवि पाण्डेय ने विष्णुगढ़ थाने में आवेदन दे कर न्याय की गुहार लगाई है।

# ईचागढ़ में सड़क सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूकता अभियान

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़ः ईचागढ़ थाना क्षेत्र के डुमटांड़ बाजार में आज सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान यातायात थाना प्रभारी के नेतृत्व में ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो के सहयोग से आयोजित किया गया।



अभियान के दौरान लगभग 100 से 150 लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाव एवं नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया। लोगों को मुख्य रूप से मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और सभी यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही कार्यक्रम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर लागू होने वाले कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी गई ताकि लोग भविष्य में सावधानी बरतें और दुर्घटनाओं से बच सकें।

# शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं सरस्वती पूजा- थाना प्रभारी

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा प्रखंड में सरस्वती पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को स्थानीय थाना में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर रूबी मिंज ने की। इस दौरान पर्व को नियमानुसार



तथा उत्साह के साथ मनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कहा की पुलिस गाइडलाइन का भी सख्ती से पालन करना है ।पूजा पंडालों में फूहड़ और अश्लील गीत नहीं बजाना है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान निर्धारित मार्ग से ही विसर्जन जुलूस लेकर जाना है। असमाजिक तत्वों से दूरी बनाकर उन पर कड़ी नजर रखना है ।कहीं से किसी भी प्रकार की कोई घटना होने तथा इसकी आशंका होने पर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को देने पर बल दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अवर निरीक्षक राज किशोर शर्मा, सत्यदीप, सहायक अवर निरीक्षक सहदेव प्रसाद, वीरेंद्र मंडल के अलावा पंचायत प्रतिनिधि में मुखिया प्रियंका देवी, अश्विनी कुमार मिश्रा, गुलजारीलाल दास, मोहम्मद साबिर सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि और गणमान्य उपस्थित थे।

# पटना में सड़क हादसे के दौरान एक कि मौत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पुनपुन थाना क्षेत्र अंतर्गत नदपुरा गांव के पास बिहटा सरमेरा फोरलेन पर शनिवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पीड़ित ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया और सड़क पर खून फैल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जटडुमरी की ओर से नौबतपुर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि व्यक्ति कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। मृतक को सड़क पर पड़ा देख लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्रोशित भीड़ ने हादसे में शामिल स्कॉर्पियो के शीशे तोड़ दिए। कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई और मौके पर भगदड़ जैसी हालत बन गई। हादसे के कारण बिहटाझसरमेरा फोरलेन पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और यात्री घंटों जाम में फंसे रहे। सड़क पर मृतक का शव पड़े रहने के कारण लोग गाड़ियों से उतरकर हंगामा करने लगे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराया और यातायात को धीरे-धीरे बहाल कराया। बताया जाता है कि मृतक देर शाम काम खत्म कर पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए तत्काल पुनपुन थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुनपुन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नदपुरा गांव निवासी लक्ष्मण दास के रूप में हुई है। वह जग नारायण दास के पुत्र बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया। गांव के लोग मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। इस संबंध में पुनपुन थाना पुलिस का कहना है कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि हादसा तेज रफ्तार, लापरवाही या किसी अन्य कारण से हुआ।

# जमशेदपुर में शाही इमाम मौलाना उस्मान साहब लुधियानवी का एकता का संदेश, गुरुद्वारा और मस्जिद से भाईचारे की अपील

**संवादाता परमबीर पात्रों**
**दैनिक समाज जागरण**



पूर्वी सिंहभूमःजमशेदपुर के साकची स्थित सेंटर गुरुद्वार प्रबंधक कमिटी कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए पंजाब के शाही इमाम मौलाना उस्मान साहब लुधियानवी ने आपसी भाईचारे, सामाजिक सद्भाव और सभी जातियों व समुदायों को एकजुट होकर रहने का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारत की असली ताकत उसकी गंगा-जमुनी तहजीब, विविधता और आपसी सम्मान में निहित है। समाज में फैल रही नफरत और विभाजन की राजनीति से ऊपर उठकर सभी को मिल-जुलकर शांति, प्रेम और इंसानियत के रास्ते पर चलना चाहिए।मौलाना उस्मान साहब ने कहा कि धर्म हमें जोड़ने का काम करता है, तोड़ने का नहीं। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे नकारात्मक सोच से दूर रहकर समाज निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं तथा अपने जीवन में ईमानदारी, इंसाफ और भाईचारे को अपनाएं। उन्होंने सभी धर्मों और जातियों के लोगों से एक-दूसरे के त्योहारों, परंपराओं और भावनाओं का सम्मान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पूर्व विधायक प्रत्याशी, जमशेदपुर पश्चिम, सह झारखंड प्रदेश अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि आज देश को सबसे अधिक जरूरत सामाजिक एकता और आपसी सौहार्द की है। उन्होंने मौलाना उस्मान साहब के संदेश की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। काशिफ रजा ने भरोसा दिलाया कि वे हमेशा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और सभी वंचित वर्गों को आगे बढ़ाएंगे।इसके बाद मौलाना उस्मान साहब ने आम बगान, साकची स्थित मस्जिद में भी लोगों को संबोधित किया, जहाँ उन्होंने एकता, ईमानदारी और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा धर्म जोड़ता है, तोड़ता नहीं–कार्यक्रम में शकील, फैयाज आलम, सनत सिंह, सरदार राशिद खान,शमीम अकरम,राजी साहब,अनश खान, एजाज अहमद,जिब्रान,आफताब,और मस्जिद के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सामाजिक एकता, शांति और भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन देश में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ के साथ हुआ।

# मानगो नगर निगम चुनाव को लेकर अहम बैठक, कहा की 48 घंटे के अंदर एन डी ए अपना मेयर प्रत्याशी की घोषणा करें वरना विकल्प तैयार

**समाज जागरण 18.01.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



मानगो निरंजन सिंह कॉम्प्लेक्स में मानगो नगर निगम चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी श्री गणेश सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन श्री विनोद डे ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री काशीनाथ प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि—**

दो दिन (48 घंटे) के भीतर NDA अपने मेयर प्रत्याशी की घोषणा करे, अन्यथा मानगो जन सेवा समिति अपने सभी विकल्पों के लिए स्वतंत्र होगी।

मानगो की जनता को पहली बार तीसरे मत का अधिकार प्राप्त हुआ है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है और वह एक योग्य व सक्षम प्रत्याशी की तलाश में है। इसी उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया।अध्यक्ष शगणेश सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम चुनाव को देखते हुए 23 वार्डों के लिए संभावित प्रत्याशियों को तैयार कर लिया गया है और मानगो जन सेवा समिति इन सभी प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत एवं क्षमता के साथ कार्य करने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि NDA के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अब तक मेयर प्रत्याशी की घोषणा न होने से मानगो की जनता में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए मंच NDA के शीर्ष नेतृत्व से निवेदन करता है कि दो दिन (48 घंटे) के भीतर अपने मेयर प्रत्याशी की स्थिति स्पष्ट करें, ताकि मानगो की जनता एवं NDA कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के समर्थन में खुलकर क्षेत्र में कार्य कर सकें। अन्यथा मानगो जन सेवा समिति मेयर प्रत्याशी पद को लेकर अपने सभी विकल्पों के लिए स्वतंत्र होगी।

**इस बैठक में मुख्य रूप से—**

लोजपा जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष (मानगो मंडल) सुशील पांडे, चुनचुन चौधरी, विकास साहनी, उलीडीह मंडलाध्यक्ष प्रवीण सिंह, जितेंद्र साव, संजीत शर्मा, बमबम पांडेय, रवि गोराई, प्रेम सक्सेना, नंदलाल गुप्ता, टुनटुन कुमार, राजेश सिंह (बालीगुमा), राकेश सिन्हा, टिंकू सिंह, छात्र नेता पवन सिंह, जनसुविधा विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, युवा जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के जन्मदिन पर सांसद प्रतिनिधि ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बांटे कंबल व फल।

**भुनेश्वर कुमार महातो ,**
**संवाददाता – समाज जागरण**




बेरमो / ऊपरघाट : गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के जन्मदिन पर आजसू कार्यकताओं ने विकास दिवस के रूप में मनाया। आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार के नेतृत्व में, कार्यकताओं ने रविवार को बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र नावाडीह प्रखंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में , जरूरतमंद लोगों को और अस्पताल के अनुबंध कर्मियों के बीच , कंबल व फल वितरण कर वृद्धजनो से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के लंबी आयु के लिए आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश कुमार ने कहा कि सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर नावाडीह प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जरूरतमंद और अस्पताल के अनुबंध कर्मियों के बीच कंबल व फल उपहार स्वरूप भेंट किया गया. उन्होंने कहा कि हम कार्यकर्ता अपनी तरफ से नावाडीह प्रखंड भर में सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के जन्मदिन को विकास दिवस के रूप में मना रहे हैं। सांसद के जन्मदिन पर हम कार्यकताओं ने भगवान से उनकी लंबी आयु की भी मंगल कामना की ताकि वह लंबे समय तक समाज की सेवा करें। इस मौके पर नावाडीह संयुक्त सचिव भागीरथ महतो,प्रखंड प्रवक्ता जगरनाथ महतो,मीडिया प्रभारी दीपक कुमार, बीरेंद्र कुमार उपस्थित थे।

# तिरुलडीह में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान, हेलमेट का किया गया वितरण

**दैनिक समाज जागरण,**
**संवाददाता, बिकाश**



ईचागढ़ः तिरुलडीह थाना अंतर्गत शहीद चौक के पास सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व पुलिस निरीक्षक सह यातायात थाना प्रभारी, सरायकेला-खरसावां राजू जी के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर तिरुलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार सहित तिरुलडीह थाना के पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

अभियान के दौरान आम लोगों एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियमों का पालन अत्यंत आवश्यक है।

इस क्रम में सड़क पर चल रहे मोटरसाइकिल चालकों के बीच हेलमेट का वितरण भी किया गया। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं भी सतर्क रहें और दूसरों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही।

# जमशेदपुर की बिगड़ती विधि व्यवस्था पर मुकेश मित्तल ने बाबूलाल मरांडी व आदित्य साहू से की मुलाकात

**समाज जागरण 18.01.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष श्री मुकेश मित्तल ने आज रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष श्री बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर जमशेदपुर एवं पूर्वी सिंहभूम जिले की बिगड़ती विधि व्यवस्था की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया।

श्री मित्तल ने बताया कि शहर के व्यस्ततम इलाकों में व्यापारियों के घरों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे आमजन एवं व्यवसायियों में भय का माहौल व्याप्त है।

उन्होंने यह भी बताया कि बीते चार दिनों से जमशेदपुर के एक प्रतिष्ठित उद्योगपति के पुत्र के लापता होने का मामला अब तक सुलझ नहीं पाया है। यह संभावित अपहरण का मामला प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस को अब तक कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका है। इससे शहरवासियों में भारी आक्रोश है।

इसके पश्चात श्री मित्तल ने भाजपा के नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष श्री आदित्य साहू से भी मुलाकात कर जिले की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान प्रदीप मिश्रा, भोला चौधरी, विमल अग्रवाल, आकाश शाह, अंकुश जवानपुरिया, लाला मूनका, मनोज चेतानी, महेश चोपलिया, दीपक अग्रवाल, राजेश शर्मा, सुरेश अग्रवाल, कैलाश केवलका, अंकित मोदी, विमल हरलुपका, संतोष गर्ग, श्याम गोयल, संजय शर्मा, श्याम सुंदर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल बालाजी, विजय गोयल, विमल हरूपका, संतोष अग्रयाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

नेताओं ने आश्वासन दिया कि वे इस गंभीर मुद्दे पर सरकार एवं प्रशासन से बात कर शीघ्र ठोस कदम उठाएंगे।

# गूंज महोत्सव का जमशेदपुर में डांस और सिंगिंग का चौथा ऑडिशन संपन्न, ऑस्ट्रेलिया के लॉर्ड मेयर समीर पांडे बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

**समाज जागरण 18.01.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




*जमशेदपुर नेताजी सुभाष पब्लिक वेलफेयर सोसाइटी, चाकुलिया द्वारा आयोजित किए जाने वाले भव्य ह्यह्यगूंज महोत्सवह्लह्ल के अंतर्गत आज जमशेदपुर में डांस और सिंगिंग प्रतियोगिता का चौथा ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शहर के उभरते कलाकारों ने इस दौरान अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

यह ऑडिशन साकची स्थित श्री भरत सिंह के कार्यालय में आयोजित किया गया। ऑडिशन की प्रक्रिया सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर शाम 6:00 बजे तक चली, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ऑस्ट्रेलिया के लॉड मेयर श्री समीर पांडे विशेष रूप से उपस्थित थे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और कलाकारों को मंच प्रदान करने के लिए गूंज महोत्सव को एक बेहतरीन पहल बताया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री भरत सिंह के साथ-साथ संस्था के सदस्यों और शहर के कई गणमान्य लोगों का अहम योगदान रहा। उपस्थित प्रमुख लोगों में शक्ति सिंह, महावीर मुर्मू, गोल्डी तिवारी, गौतम दास, राजेश सिंह, सुधीर पांडे, आयुष्मान सिंह, मनिंदर शर्मा, पप्पू शर्मा, संदीप सिंह, विक्की श्रीवास्तव, राजू श्रीवास्तव, रामकुमार शर्मा, मुन्ना, राज चावला, सत्येंद्र सिंह तोमर और मनप्रीत कौर शामिल थे।

# पटना पुलिस ने किया कोढा गैंग के एक अपराधी को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के बेऊर थाना क्षेत्र में दिसंबर माह में बुजुर्ग से रुपये लूट की घटना को अंजाम देने वाले कोढा गैंग के एक सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 23 दिसंबर 2025 को हरनीचक में वृद्ध से हुई छपटमारी कांड के अनुसंधान के दौरान की गई है।

दिनांक 23.12.2025 को बेऊर थाना अन्तर्गत हरनीचक में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात अपराधकर्मियों ने टेम्पो सवार एक वृद्ध व्यक्ति से एक बैग छीन लिया था, जिसमें एक लाख रुपये नकद थे। पीड़ित के लिखित आवेदन के आधार पर बेऊर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था।

नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना के निर्देशन में कांड के सफल उद्भेदन हेतु बेऊर थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी सहयोग एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इस कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त चिन्टु कुमार यादव, पिता स्वर्गीय दीपक यादव, निवासी नयाटोला, जुड़ावगंज, थाना कोढा, जिला कटिहार को बेऊर मोड़ स्थित महिन्द्रा शोरूम के पास से विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त 220 पल्सर मोटरसाइकिल तथा वारदात के समय पहना गया स्वेटर और जर्सी बरामद की गई। अभियुक्त की निशानदेही पर छपटमारी में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल को बैरिया बस स्टैंड से जब्त किया गया है। इस कांड में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार अभियुक्त चिन्टु कुमार यादव कोढा गैंग का कोर सदस्य निकला था। उक्त घटना में इसकी संलिप्तता के ठोस साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके विरुद्ध कटिहार जिले के कोढा थाना, मधुबनी जिले के झंझारपुर थाना, मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना, सहरसा जिले के सोनवर्षा थाना सहित अन्य जिलों में लूट, छपटमारी और आपराधिक मामलों में संलिप्तता पाई गई है। गोपालगंज जिले में भी इसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। इस छापामारी कार्रवाई में पु०नि० सह थानाध्यक्ष मो० अफसर हुसैन, पु०अ०नि० राहुल दास, पु०अ०नि० रवि कुमार गुप्ता तथा बेऊर थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# जमशेदपुर में अपहृत कैरव गांधी के परिजनों से मिले सुदेश महतो असुरक्षा का माहौल रहेगा तो मुख्यमंत्री के विदेश दौरे का क्या फायदा : सुदेश महतो

**समाज जागरण 18.01.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुर पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो आज जमशेदपुर के प्रसिद्ध व्यवसायी और आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के उपाध्यक्ष देवांग गांधी के आवास पर पहुंचे और उनके अपहृत पुत्र कैरव गांधी की सकुशल वापसी के लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। श्री महतो लगभग 40 मिनट श्री गांधी के आवास पर रहे और परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। उनके साथ पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, महासचिव हरेलाल महतो, नंदू पटेल, जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह समेत कई नेता उपस्थित रहे।

श्री गांधी के परिजनों से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में असुरक्षा का माहौल रहेगा, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विदेश दौरे का क्या फायदा?

श्री महतो ने कहा कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेवारी से भाग नहीं सकती। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य में निवेश की संभावनाओं को ढूंढने के लिए विदेश भ्रमण कर रहे हैं और लंदन तथा दावोस जा रहे हैं। उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि कानून व्यवस्था ठीक नहीं रहेगी तो उनका दौरा व्यर्थ साबित होगा। खराब माहौल में निवेशक आएंगे ही नहीं। श्री महतो ने कहा कि राज्य में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं से व्यवसायियों और आम जनता में भय तथा असुरक्षा का माहौल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। व्यवसायी और आम नागरिक दोनों ही डर के माहौल में जीने के लिए मजबूर हैं। लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं को रोकने की जिम्मेवारी पुलिस प्रशासन पर है। इस मौके पर सत्यनारायण महतो, सुखबीर सिंह सिरे, अप्पू तिवारी, विमल मौर्या, मंटू शुक्ला, ललित सिंह, चंद्रेश्वर पांडेय, दुर्योधन महतो समेत अन्य नेता भी उपस्थित रहे।

# किशनगंज में मौत का कारोबार: कब टूटेगा अवैध नर्सिंग होम का नेटवर्क?

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर खुलेआम मौत का कारोबार चल रहा है। अवैध, गैर-पंजीकृत और बिना योग्य डॉक्टरों के संचालित निजी क्लिनिक व नर्सिंग होम हर गली-चौराहे पर किराना दुकान की तरह खुल चुके हैं। इन जगहों पर इलाज नहीं, बल्कि आम नागरिकों की ज़िंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि हर महीने दर्जनों नहीं बल्कि सैकड़ों मरीज इन अवैध नर्सिंग होम में दम तोड़ रहे हैं, फिर भी स्वास्थ्य विभाग आंख मूंदे बैठा है। कार्रवाई के नाम पर कभी नोटिस, कभी जांच की बात–लेकिन जमीनी हकीकत में सब कुछ जस का तस बना हुआ है।

सीमांचल सेवा फाउंडेशन (पंजीकृत संस्था) द्वारा जिलाधिकारी और सिविल सर्जन किशनगंज को बार-बार लिखित शिकायतें दी गईं, तथ्यों और सबूतों के साथ चेताया गया, बावजूद इसके आज तक एक भी बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आई। सवाल उठता है–क्या इन अवैध नर्सिंग होम को किसी का संरक्षण प्राप्त है?



इसी कड़ी में हाल ही में किशनगंज शहर से सटे फरिंगोला नेशनल हाईवे स्थित फातिमा हेल्थ केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसने पूरे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी है। वायरल वीडियो में एक निजी एम्बुलेंस चालक/ड्राइवर असलम को अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के अंदर मरीज को टांके लगाते हुए साफ देखा जा सकता है।

सोचने वाली बात यह है कि जब एक एम्बुलेंस चालक ऑपरेशन थिएटर में सर्जन की भूमिका निभा रहा हो, तो वहां मरीज की जान की कीमत आखिर क्या होगी? यह महज लापरवाही नहीं, बल्कि सीधा आपराधिक कृत्य है।

इसके बावजूद अब तक स्वास्थ्य विभाग ने न तो अस्पताल को सील किया, न ही पंजीकरण रद्द किया और न ही कोई आधिकारिक बयान जारी किया। दैनिक जागरण में प्रकाशित खबरों के अनुसार, इसी अस्पताल की लापरवाही के चलते पहले भी कई लोगों की जान जा चुकी है, लेकिन हर बार मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।

सीमांचल सेवा फाउंडेशन के संस्थापक हसीबुर रहमान ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि इस मामले में अविलंब कार्रवाई नहीं हुई, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि स्वास्थ्य विभाग भी इस अवैध व्यवस्था का मौन भागीदार है। उन्होंने मांग की है कि फातिमा हेल्थ केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल का पंजीकरण तत्काल रद्द किया जाए, अस्पताल को सील किया जाए और जिम्मेदार अधिकारियों व संचालकों पर आपराधिक मुकदमा दर्ज किया जाए।

अब सवाल यह नहीं रह गया है कि कार्रवाई होगी या नहीं–

सवाल यह है कि किशनगंज के लोग कब तक इलाज के नाम पर मौत खरीदने को मजबूर रहेंगे?

और क्या स्वास्थ्य विभाग तब जागेगा, जब अगली लाश किसी अपने की होगी?

# कोचाधामन में अंतरराष्ट्रीय ऊँट तस्करी का खुलासा, 12 ऊँट बरामद, तीन गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले के कोचाधामन थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय ऊँट तस्करी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक ट्रक से 12 ऊँट बरामद किए हैं। इस कार्रवाई में पुलिस ने तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 18 जनवरी को कोचाधामन थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि कोचाधामन से किशनगंज की ओर अवैध रूप से ऊँटों की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर हांडीभासाझ मौधो पक्की सड़क पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान उत्तर प्रदेश नंबर UP12CT6052 ट्रक को रोककर जांच की गई।

जांच के दौरान चालक द्वारा वाहन को खाली बताया गया, लेकिन संदेह के आधार पर जब तलाशी ली गई तो ट्रक से 12 ऊँट बरामद किए गए।



प्रारंभिक जांच में यह मामला अवैध अंतरराष्ट्रीय ऊँट तस्करी से जुड़ा प्रतीत होता है।

पुलिस ने मौके से ट्रक, 12 ऊँट और तीन मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। इस संबंध में कोचाधामन थाना कांड संख्या 27/2026 दिनांक 18.01.2026 के तहत BNS की धारा 317(5) एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(a)(d)(e)(k) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमजद (38), हासीम (36) एवं मो. सोयेय (28) के रूप में हुई है। तीनों अभियुक्त उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर एवं बागपत जिलों के निवासी बताए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 गौतम कुमार के नेतृत्व में कोचाधामन थाना की टीम शामिल रही।

पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि पशु तस्करी या अन्य किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।

# फाइलेरिया: आत्म-देखभाल से नियंत्रित होने वाली बीमारी

## दिघलबैंक सीएचसी में 8 मरीजों को एमएमडीपी किट

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

फाइलेरिया मच्छरों के माध्यम से फैलने वाली एक गंभीर बीमारी है, जिसके लक्षण शुरूआती अवस्था में स्पष्ट नहीं होते। समय पर देखभाल न होने पर यह हाथ-पैरों की असामान्य सूजन और स्थायी विकृति का कारण बन सकती



है। हालांकि इसका पूर्ण इलाज संभव नहीं है, लेकिन आत्म-देखभाल और नियमित स्वच्छता से इसके प्रभाव को नियंत्रित किया जा सकता है।

इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिघलबैंक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां फाइलेरिया से प्रभावित 8 मरीजों को मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) किट प्रदान की गई। किट में साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, तौलिया, टब, मग सहित दैनिक स्वच्छता से जुड़ी सामग्री शामिल थी।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि एमएमडीपी किट के नियमित उपयोग और आत्म-देखभाल से फाइलेरिया के दुष्प्रभावों को काफी हद तक रोका जा सकता है। वहीं वेक्टर बॉर्न डिजीज कंट्रोल ऑफिसर डॉ. मंजर आलम ने बताया कि फाइलेरिया एक साइलेंट डिजीज है, जिसमें सतर्कता और नियमित देखभाल ही सबसे बड़ा बचाव है।

# टेढ़ागाछ में पांच ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास, विधायक तौसीफ आलम ने विकास को बताया प्राथमिकता

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

टेढ़ागाछझबहादुरगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एआईएमआईएम के विधायक तौसीफ आलम ने रविवार को क्षेत्र में पांच ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।



इस अवसर पर आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक तौसीफ आलम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़कें विकास की नींव होती हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता गांव-गांव तक मजबूत, टिकाऊ और सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को आवागमन में सुविधा मिले और क्षेत्र के आर्थिक व सामाजिक विकास को गति मिल सके।

विधायक ने बताया कि इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच में सहूलियत होगी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने लंबे समय से लंबित सड़कों के निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के लिए एक अहम उपलब्धि बताया

# सबका सम्मान-जीवन आसान योजना की समीक्षा बैठक, आमजन को बेहतर सुविधाएं देने पर जोर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

समाहरणालय किशनगंज में बिहार सरकार के सात निश्चय-3 योजना के तहत ह्यसबका सम्मानझजीवन आसान (Ease of Living) को प्रभावी बनाने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से की। जिले के सभी जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर के पदाधिकारी तथा थानाध्यक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।



बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि सप्ताह में सोमवार और शुक्रवार को सभी पदाधिकारी अनिवार्य रूप से अपने कार्यालयों में उपस्थित रहें। आगंतुकों के लिए बैठने, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएँ। इसके साथ ही आगंतुक पंजी एवं शिकायत पंजी का संधारण करते हुए प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड, पंचायत और जिला स्तर पर प्रतिदिन आगंतुकों की संख्या की रिपोर्टिंग अनिवार्य की गई है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने कहा कि योजना का उद्देश्य आमजन के जीवन को सरल और सुगम बनाना है। उन्होंने सभी थानों में आगंतुक पंजी का संधारण, शिकायत निवारण और शालीन व्यवहार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही की स्थिति में संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष की अनुपस्थिति में सहायक थानाध्यक्ष या अधिकृत पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा, अपर समाहर्ता (आपदा एवं लोक शिकायत निवारण), सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी कुंदन कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे जनता से मिलने में कोई कसर न छोड़ें और कार्यालयों में आगंतुकों के लिए सुविधाजनक माहौल सुनिश्चित करें।

# धान खरीद में किसानों की परेशानी: मजबूरी में बिचौलियों के हाथों बेचने को विवश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

सरकार द्वारा किसानों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से पैक्स के माध्यम से धान खरीद की व्यवस्था की गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका लाभ किसानों को नहीं मिल पा रहा है।



किसान ऑनलाइन आवेदन करने के बावजूद धान नहीं बेच पा रहे हैं, और मजबूरी में उन्हें बिचौलियों के हाथों धान बेचना पड़ रहा है।

पोठिया प्रखंड के जहांगीरपुर पैक्स अध्यक्ष मुदस्सिर ने बताया कि इस वर्ष धान अधिप्राप्ति में भारी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पैक्स किसानों को अधिक लाभ देना चाहता है, लेकिन सरकार द्वारा समय पर सीसी (कैश क्रेडिट) उपलब्ध नहीं कराए जाने और सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) न गिर पाने के कारण खरीद प्रक्रिया बाधित हो रही है। 20 दिसंबर के बाद से अब तक एक भी लॉट की खरीदारी नहीं हो सकी है।

मुदस्सिर ने अधिकारियों से जल्दी सीसी और सीएमआर गिराने की अपील की, ताकि किसानों को उनके मेहनत के अनुसार उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा, "यदि समय पर खरीदारी नहीं हुई, तो किसान आर्थिक नुकसान से बच नहीं पाएंगे और उनकी स्थिति गंभीर हो जाएगी।"कृषि विभाग और संबंधित अधिकारियों से उम्मीद जताई जा रही है कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और धान अधिप्राप्ति सुचारू रूप से शुरू होगी।

# बाल ज्ञान पीठ स्कूल में 8वां वार्षिक खेलकूद समारोह संपन्न

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 18 जनवरी 2026: बाल ज्ञान पीठ स्कूल परिसर में शनिवार को 8वां वार्षिक विद्यालय खेलकूद समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 17 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा




और सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आरपी सिंह एवं राकेश्वर पांडे की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में पूरे जोश और अनुशासन के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस वार्षिक खेलकूद समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीम वर्क तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करना है। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या पी. पुष्पलता ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों का शारीरिक के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है। खेल प्रतियोगिताओं के समापन पर बेस्ट एथलीट बॉय का खिताब कक्षा 10 के आरुष श्रीवास्तव को तथा बेस्ट एथलीट गर्ल का खिताब कक्षा 9 की रागिनी कुमारी को प्रदान किया गया। वहीं, विवेकानंद हाउस उपविजेता (रनर-अप) रहा, जबकि टैगोर हाउस ने विजेता (विनर) का खिताब अपने नाम किया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

# 21 जनवरी को बिस्टुपुर रीगल मैदान में भव्य टुसु मेला, विशाल प्रतिमा, चौड़ल व नकद पुरस्कार होंगे आकर्षण

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 18 जनवरी 2026: झारखंड वासी एकता मंच की ओर से आगामी 21 जनवरी (बुधवार) को बिस्टुपुर गोपाल (रीगल) मैदान में 21वें भव्य टुसु मेला का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी मंच के मुख्य संयोजक आस्तिक महतो एवं संयोजक सह सांसद बिद्युत बरण महतो ने सोनारी विकास भवन (कारमेल स्कूल के पीछे) में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि मेला का मुख्य आकर्षण विशाल टुसु प्रतिमा, चौड़ल, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, टुसु व झुमुर गीत प्रतियोगिता तथा आकर्षक नकद पुरस्कार होंगे। इस आयोजन में झारखंड के कोल्हान प्रमंडल के अलावा रांची, तमाड़, खूंटी सहित पश्चिम बंगाल एवं ओड़िशा से भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल होंगे।

मंच ने इस वर्ष सुरक्षा को लेकर विशेष प्रबंध किए हैं। मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, वहीं ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। दर्शकों की सुविधा के लिए मंच के समीप बड़े आकार का एलईडी स्क्रीन भी लगाया जाएगा। मेला परिसर में नशापान एवं नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध



रहेगा, उल्लंघन करने पर प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि सुबह 10 बजे से टुसु प्रतिमा व चौड़ल की मैदान में एंट्री शुरू होगी। गत वर्ष जहां 350 से अधिक टुसु-चौड़ल पहुंचे थे, इस बार उससे अधिक संख्या में आने की उम्मीद है। मौके पर अतिथियों द्वारा मेला का पोस्टर भी जारी किया गया।

**पुरस्कारों की घोषणा**

मंच के सह संयोजक बबलू महतो एवं सुखदेव महतो ने बताया कि टुसु प्रतिमा प्रतियोगिता में सात पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रथम से सातवें स्थान तक क्रमशः 41 हजार, 35 हजार, 31 हजार, 25 हजार, 20 हजार, 15 हजार व 11 हजार रुपये दिए जाएंगे।

वहीं चौड़ल प्रतियोगिता में चार पुरस्कार होंगे, जिनमें प्रथम से चतुर्थ स्थान तक क्रमशः 31 हजार, 25 हजार, 21 हजार व 15 हजार रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा बूढ़ी गाड़ी नाच में भी चार पुरस्कार रखे गए हैं, जिसमें क्रमशः 15 हजार, 11 हजार, 7 हजार व 5 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे।

सफल आयोजन के लिए टीम गठित मेला के सफल संचालन के लिए मंच की युवा टोली को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें मैदान के सभी गेटों की व्यवस्था, प्रतिमा प्रवेश, मंच संचालन एवं निर्णायक मंडली का मनोनयन शामिल है। इस कार्य में कमल महतो, विजय महतो, अशोक महतो, नकुल महतो, प्राण राय, मनोज महतो, गोपाल महतो, अशोक सिंह, कैलाश सिंह, राजू बाबा, जगदीश राव, सीनु राव, अनिल सिंह, शुभेंदु भौमिक, बापी नायक, सजल दास सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। संवाददाता सम्मेलन में सह संयोजक बबलू महतो, सुखदेव महतो, सचिन महतो, करमु हांसदा, उमानाथ झा, चुनका मार्डी, सत्यनारायण महतो, धनंजय महतो, गोपाल महतो समेत मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज में जुली देवी ने एक साथ चार बच्चों को दिया जन्म

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज के माता गुजरी मेमोरियल (एमजीएम) मेडिकल कॉलेज में टेढ़ागाछ प्रखंड अंतर्गत भोरहा पंचायत, ग्राम भोरहा की रहने वाली जुली देवी ने एक साथ चार बच्चों को जन्म देकर सभी को चौंका दिया। यह एमजीएम मेडिकल कॉलेज के इतिहास में पहला मामला है, जब एक साथ चार बच्चों का सफल प्रसव कराया गया। परिवार में पहले से एक बेटा और एक बेटी हैं। चार नए मेहमानों के आने से घर में अब कुल छह बच्चों की रौनक है। परिजनों ने इसे ईश्वर का अनुपम उपहार बताते हुए चिकित्सकों की टीम के प्रति आभार जताया।



चार बच्चों का एक साथ जन्म चिकित्सकीय रूप से अत्यंत जटिल प्रक्रिया मानी जाती है। इस चुनौतीपूर्ण प्रसव को डॉ. चांदनी सहगल के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। टीम में डॉ. ईराम, डॉ. अभजोत, डॉ. रीता पॉल और डॉ. एसी जैन शामिल थे। जन्म के समय वजन कम होने के कारण चारों नवजातों को फिलहाल एनआईसीयू में रखा गया है, जहां 24 घंटे चिकित्सकीय निगरानी की जा रही है। जच्चा और चारों बच्चे पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं। एमजीएम मेडिकल कॉलेज के रजिस्ट्रार डॉ. इच्छित भारत ने बताया कि यह अस्पताल के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# दीपों की रौशनी में नहाया महाराणा प्रताप चौक, करणी सेना ने 551 दीप जलाकर किया नमन

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

जमशेदपुर (झारखंड) 18 जनवरी 2026:करणी सेना ने महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या महाराणा चौक में किया दीपोत्सव.

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर पूर्व संध्या, रविवार को क्षत्रिय करणी सेना परिवार द्वारा मेरिन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप चौक में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 551 दीपों का प्रज्वलन कर पूरे चौक को दीपों की रोशनी से जगमगा दिया गया।



कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अभय सिंह राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने करणी सेना के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में वीर शिरोमणि के अदम्य साहस, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । दीपों की रौशनी में नहाया महाराणा प्रताप चौक देशभक्ति और गौरव के भाव से सराबोर हो उठा। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर करणी सेना के कमलेश सिंह,हरि सिंह राजपूत,मोहित सिंह, रंजन सिंह,नीतीश, लवकेश, रवि, राधे श्याम, बलराम, मधु, मनोज, संदीप, प्रमोद, संजय, उदय, कृष्णा, अभिषेक,अमरेन्द्र,आशीष, कृष व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# नीमडीह के तिल्ला में हुई आगजनी के पीड़ित परिजनों से मिलीं विधायक सविता महतो

**समाज जागरण, संवाददाता, बिकाश**

ईचागढ़: नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के तिल्ला गांव में शनिवार की रात अचानक लगी भीषण आग से तीन परिवारों का आशियाना पूरी तरह जलकर खाक हो गया। इस दर्दनाक घटना में रमन दास, महेश दास एवं दिलीप दास के घर आग की चपेट में आकर पूरी तरह स्वाहा हो गए। आगजनी की इस घटना में घरों में रखे जेवरात, नगद रुपये, कपड़े, अनाज, इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई, जिससे पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही रविवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो तिल्ला गांव पहुंचीं और अग्निपीड़ित परिजनों से मिलकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। विधायक ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने तीनों पीड़ित परिवारों के बीच कंबल, तिरपाल, सूखा राशन एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया, ताकि आपदा की इस घड़ी में उन्हें तात्कालिक राहत मिल सके। विधायक सविता



महतो ने मौके पर मौजूद प्रखंड के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द सरकार की महत्वाकांक्षी आबुआ आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें स्थायी रूप से रहने की सुविधा मिल सके। उन्होंने प्रशासन से राहत एवं पुनर्वास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर नीमडीह के अंचलाधिकारी अभय द्विवेदी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष सचिन गोप, सानू महतो, मंगल मांझी, मधु दास, बिशु दास, मंगल दास सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# मानगो नगर निगम चुनाव को लेकर अहम बैठक, 48 घंटे में मेयर प्रत्याशी घोषित करने की मांग

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण**

18 जनवरी 2026 को मानगो निरंजन सिंह कॉम्प्लेक्स में मानगो नगर निगम चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी श्री गणेश सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन विनोद डे ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन काशीनाथ प्रजापति द्वारा प्रस्तुत किया गया।



**बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि–**

दो दिन (48 घंटे) के भीतर एन डी ए अपने मेयर प्रत्याशी की घोषणा करे, अन्यथा मानगो जन सेवा समिति अपने सभी विकल्पों के लिए स्वतंत्र होगी।

मानगो की जनता को पहली बार तीसरे मत का अधिकार प्राप्त हुआ है, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी उत्साह है और वह एक योग्य व सक्षम प्रत्याशी की तलाश में है। इसी उद्देश्य से इस बैठक का आयोजन किया गया।अध्यक्ष शगणेश सिंह ने कहा कि मानगो नगर निगम चुनाव को देखते हुए 23 वार्डों के लिए संभावित प्रत्याशियों को तैयार कर लिया गया है और मानगो जन सेवा समिति इन सभी प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत एवं क्षमता के साथ कार्य करने को तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि एन डी ए के शीर्ष नेतृत्व द्वारा अब तक मेयर प्रत्याशी की घोषणा न होने से मानगो की जनता में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसलिए मंच एन डी ए के शीर्ष नेतृत्व से निवेदन करता है कि दो दिन (48 घंटे) के भीतर अपने मेयर प्रत्याशी की स्थिति स्पष्ट करें, ताकि मानगो की जनता एवं एन डी ए कार्यकर्ता अपने प्रत्याशी के समर्थन में खुलकर क्षेत्र में कार्य कर सकें। अन्यथा मानगो जन सेवा समिति मेयर प्रत्याशी पद को लेकर अपने सभी विकल्पों के लिए स्वतंत्र होगी।

**इस बैठक में मुख्य रूप से–**

लोजपा जिलाध्यक्ष सतीश सिंह, पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सुशील सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष (मानगो मंडल) सुशील पांडे, चुनचुन चौधरी, विकास साहनी, उलीडीह मंडलाध्यक्ष प्रवीण सिंह, जितेंद्र साव, संजीत शर्मा, बमबम पांडेय, रवि गोराई, प्रेम सक्सेना, नंदलाल गुप्ता, टुनटुन कुमार, राजेश सिंह (बालीगुमा), राकेश सिन्हा, टिंकू सिंह, छात्र नेता पवन सिंह, जनसुविधा विधायक प्रतिनिधि पिंटू सिंह, युवा जदयू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमंत पाठक सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी

**आयुर्वेद के अनुसार नारियल का तेल जुओं को खत्म करने में उपयोगी है। यह तेल न केवल सिर की त्वचा को पोषण देता है, बल्कि बालों को टूटने से भी बचाता है। जब इसमें कपूर मिलाया जाता है, तो यह मिश्रण प्राकृतिक कीटनाशक की तरह काम करता है। कपूर में मौजूद एंटीसेप्टिक और एंटीपैरासिटिक गुण जुओं और उनके अंडों को नष्ट करने में मदद करते हैं।**

इस उपाय के लिए नारियल तेल की एक कटोरी में 2-3 टुकड़े कपूर घोलकर रात को सोने से पहले बालों की जड़ों में लगाना चाहिए। मालिश के बाद सिर को कपड़े से ढककर सोना और सुबह शैम्पू से धोना लाभकारी माना जाता है। कुछ ही दिनों में इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगते हैं। सिरका भी एक कारगर विकल्प है। हल्के गुनगुने पानी में दो चम्मच सफेद सिरका या एप्पल साइडर विनेगर मिलाकर सिर धोने से जुओं और लीखों की पकड़ ढीली पड़ जाती है और वे आसानी से हटने लगती हैं।





यह उपाय खासतौर पर उन लोगों के लिए उपयोगी है जो रसायनों से बचना चाहते हैं। इसी तरह नींबू का रस भी प्राकृतिक उपचार के रूप में काम करता है। इसे नारियल तेल में मिलाकर लगाने से इसका असर और बढ़ जाता है। नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड जुओं की त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उन्हें नष्ट करता है। साथ ही यह स्कैल्प की सफाई करता है और डैंड्रफ जैसी समस्याओं से भी राहत देता है। कुछ लोग पेट्रोलियम जेली का भी इस्तेमाल करते हैं। यह जुओं की सांस रोक देती है और उनके जीवन चक्र को खत्म करती है। हालांकि, इसका इस्तेमाल बालों में काफी चिपचिपापन पैदा करता है और धोने में कठिनाई हो सकती है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन प्राकृतिक उपायों को नियमित रूप से अपनाने से जुओं से छुटकारा मिल सकता है और स्कैल्प भी स्वस्थ रहता है।

बता दें कि सिर में अचानक खुजली बढ़ना अक्सर रूसी के साथ-साथ जुओं की मौजूदगी का संकेत भी हो सकता है। यह समस्या न केवल असुविधा और परेशानी पैदा करती है बल्कि कई बार सामाजिक स्थितियों में शर्मिंदगी का कारण भी बन जाती है। जूं बालों में अंडे देती हैं, जिन्हें लीख कहा जाता है। ये लीखें इतनी मजबूती से चिपकी होती हैं कि सामान्य पानी या कंघी से आसानी से नहीं हटतीं। ऐसे में कई लोग रासायनिक उत्पादों का सहारा लेते हैं, लेकिन आयुर्वेद और घरेलू नुस्खे भी इसमें प्रभावी साबित हो सकते हैं।

# मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है मौसम में बदलाव का

**सितंबर से दिसंबर के बीच मौसम में बदलाव के साथ पेड़ों से पत्ते झड़ने लगते हैं। मौसम बदलने का असर इंसानी मनोभावों पर भी देखने को मिलता है। शरद ऋतु का आगमन गर्मी से सर्दी की ओर बढ़ने का संकेत देता है। वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि इस दौरान कई लोगों के मूड पर नकारात्मक असर पड़ता है।**

दिन छोटे और रातें लंबी होने के साथ ही थकान, नींद की गड़बड़ी और उदासी महसूस होना आम हो जाता है। इस स्थिति को विज्ञान की भाषा में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर (एसएडी) कहा जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मौसम बदलने पर धूप की कमी से दिमाग में सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर घटने लगता है। यह हार्मोन मूड को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। वहीं अंधेरा और ठंड बढ़ने पर शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जिससे नींद अधिक आती है और ऊर्जा घट जाती है।





इस बदलाव से शरीर की सर्केडियन रिद्म भी बिगड़ जाती है, जिससे नींद और जागने का प्राकृतिक पैटर्न प्रभावित होता है। अध्ययन बताते हैं कि उत्तरी और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों पर सैड का प्रभाव अधिक होता है क्योंकि वहां धूप का समय सीमित होता है। महिलाओं और 18 से 30 वर्ष के युवाओं में इसके मामले ज्यादा पाए जाते हैं। एक अध्ययन में खुलासा हुआ था कि अर्बन इंडिया में 12 से 15 प्रतिशत लोग हल्के या गंभीर मौसमी डिप्रेशन का सामना करते हैं। इसके लक्षण पहचानना अपेक्षाकृत आसान है।

लगातार थकान रहना, अधिक नींद आना, उदासी और चिड़चिड़ापन, काम में रुचि कम होना, ज्यादा मीठा और कार्बोहाइड्रेट खाने की इच्छा, तथा सामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाना सैड के प्रमुख संकेत माने जाते हैं। कई देशों में लाइट थेरेपी का उपयोग किया जाता है, जिसमें विशेष लाइट बॉक्स का इस्तेमाल प्राकृतिक धूप जैसी रोशनी देने के लिए किया जाता है। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम भी इस समस्या को कम कर सकते हैं। ताजे फल-सब्जियां और ओमेगा-3 युक्त भोजन मूड को बेहतर बनाने में मददगार हैं। यदि लक्षण लगातार बने रहें तो मनोचिकित्सक से परामर्श लेना आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे बचाव के लिए कुछ साधारण उपाय कारगर साबित हो सकते हैं। रोजाना कम से कम 20 से 30 मिनट धूप में समय बिताना सबसे प्रभावी तरीका है।